# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

haribhoomi.com









राजनांदगांव जिले की ज्ञानेश्वरी ने भारत को दिलाया पांचवां पदक

# छग की बेटी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में रचा इतिहास

## जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ज्ञानेश्वरी यादव ने सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत को पांचवां मेडल दिलाया। यादव ने वेटलिफ्टिंग में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 199 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 88 किग्रा जबकि क्लीन एंड जर्क में 111 किग्रा का वजन उठाया। नाइजीरिया की ओनोम ओमोलोला दिदीह ने कुल 206 किग्रा (93 किग्रा और 113 किग्रा) वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। यह कॉमनवेल थ गेम्स का रिकॉर्ड भी है। ज्ञानेश वरी यादव ने पहले राउंड में 82 किग्रा, 85 किग्रा, 88 किग्रा के क्लीन लिफ्ट करके क्लीन ▶▶|शेष पेज 7 पर



### ज्ञानेश्वरी ने दी कड़ी टक्कर

ज्ञानेश्वरी यादव ने क्लीन एंड जर्क में 103 किग्रा का लिफ्ट सफलतापूर्वक किया। मगर नाइजीरिया की दिदीह ने 105 किग्रा वजन उठा लिया। भारतीय वेटलिफ्टर ने दूसरे प्रयास में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 107 किग्रा वजन उठा लिया। मगर नाजीरियाई वेटलिफ्टर ने 110 किग्रा का लिफ्ट कर लिया। तीसरे व अंतिम प्रयास में यादव ने 111 किग्रा का लिफ्ट किया, लेकिन उन हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। ज्ञानेश्वरी यादव के मेडल के दम पर भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की अंक तालिका में अपने स्थान में सुधार भी किया है।

### सीएम साय ने दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 की महिलाओं की 53 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की प्रतिभाशाली खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विश्व स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ज्ञानेश्वरी यादव द्वारा हासिल की गई यह सफलता केवल एक खिलाड़ी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिभा, मेहनत और दृढ़ संकल्प का सम्मान है।

संसद में पेश हुआ एंटी पेपर लीक बिल, आज चर्चा संभव, फिर होगी वोटिंग

# 5 से 10 साल की कैद, छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों में बनेंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मुद्दे पर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। हंगामे के बीच सरकार ने परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कड़े प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। इसमें पेपर लीक के आरोपी को 5 से 10 साल की कैद के अलावा जुर्माना का प्रावधान किया गया है। पेपर लीक मामले के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश में फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। सोमवार को विधेयक पर चर्चा नहीं हो पाई, वहीं शाम तक सहमति बनी। अब मंगलवार को संसद में नए विधेयक पर चर्चा के बाद वोटिंग होगी।

नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे को लेकर लोकसभा में जारी गतिरोध दूर करने पर सहमति बन गई है। मंगलवार से सदन में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हो सकती है। सूत्रों ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर सभी प्रमुख राजनीतिक दल मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2026 पर चर्चा के लिए सहमत हो गए ▶▶|शेष पेज 7 पर

### नए बिल के ऐसे प्रावधान




### इन राज्यों ने बनाया फास्ट ट्रैक कोर्ट

देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने अपने यहां चार समर्पित फास्ट ट्रैक कोर्ट (इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर) स्थापित करने की घोषणा की है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सबसे पहले पहल करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में देश की पहली विशेष फास्ट ट्रैक अदालत को अधिसूचित कर दिया हैबॉम्बे हाई कोर्ट ने नागपुर और छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में लंबित परीक्षा अनियमितताओं के मामलों के लिए दो विशेष अदालतें नामित की हैं।

### विपक्ष और सरकार के बीच विवाद क्यों हुआ?

यह विधेयक ऐसे समय लाया गया है, जब नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर देशभर में छात्र प्रदर्शन हुए। विपक्ष ने संसद में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए सरकार से जवाब मांगा। विपक्ष का कहना था कि जंतर-मंतर और देश के अन्य हिस्सों में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर सरकार पहले अपना पक्ष रखे। इसी मांग को लेकर विपक्ष ने लगातार हंगामा किया, जिसके कारण विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी।

### रिजिजू ने विपक्ष से क्या अपील की?

संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने विपक्ष से विधेयक पर चर्चा होने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कई विपक्षी सांसद भी संशोधन प्रस्ताव लेकर आए हैं और चर्चा के लिए तैयार हैं। रिजिजू ने कहा कि यदि विपक्ष चाहे तो चर्चा के लिए छह घंटे से भी अधिक समय दिया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सहयोगी दल जानबूझकर इस महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा नहीं होने दे रहे हैं।

कार्गो क्षेत्र में धुंआ, यात्री सुरक्षित

# दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶| राजकोट

दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो की उड़ान को सोमवार को कार्गो क्षेत्र में धुंआ देखे जाने के बाद गुजरात के राजकोट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। विमान में 194 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। दुबई से मुंबई आ रही उड़ान आईजीओ-1452 का रास्ता राजकोट की ओर मोड़ना पड़ा।

### पायलट को धुएं का शक

हवाई अड्डा पुलिस थाने के निरीक्षक केपी तारेटिया ने बताया कि पायलट ने वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) को संदिग्ध धुएं के बारे में जानकारी दी और गुजरात के राजकोट में आपात स्थिति में उतरने की अनुमति मांगी।

# महिला आयोग में टसल, अध्यक्ष ने कहा-कुछ पुराने मामलों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की वर्तमान अध्यक्ष ममता साहू ने पूर्व अध्यक्ष किरणमयी नायक के कार्यकाल के कई मामलों पर सवाल उठाते हुए इन मामलों की जांच के लिए कमेटी बनाने की बात कही है। इस मामले को लेकर किरणमयी नायक का कहना है कि महिला आयोग की अध्यक्ष को जांच कमेटी बनाने का कोई अधिकार ▶▶|शेष पेज 7 पर





### अधिकार ही नहीं : किरणमयी

अध्यक्ष ममता साहू द्वारा जांच कमेटी बनाने को लेकर दिए गए बयान को लेकर किरणमयी नायक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, महिला आयोग की अध्यक्ष को आयोग के किसी भी फैसला को लेकर जांच कमेटी बनाने का कोई अधिकार नहीं है। पहले उनको कानून के बारे में जान लेना चाहिए। उनको लगता है कि किसी मामले में कोई भी गड़बड़ी हुई है तो उसके लिए उसको होईकोर्ट में चुनौती देनी पड़ेगी। उस मामले की पूरी जानकारी हाईकोर्ट ▶▶| शेष पेज 7 पर

# सीजी कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती परीक्षा नियमों में संशोधन, चार पदों की पात्रता-परीक्षा व्यवस्था बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती परीक्षाओं से जुड़े नियमों में संशोधन करते हुए विभिन्न पदों की शैक्षणिक योग्यता और परीक्षा पद्धति में बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। संशोधन के तहत उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) पद को पहली ▶▶|शेष पेज 7 पर




### उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) पद जोड़ा गया

संशोधन के अनुसार समूह-1 (तृतीय श्रेणी अभियांत्रिकी सेवा) में उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) का नया पद जोड़ा गया है। इस पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा अथवा बीई,बीटेक डिग्री अनिवार्य होगी। चयन के लिए भाग-'अ' (कॉमन) और भाग-'ब' (संकायवार) परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी का वर्ग बदला

सरकार ने सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पद को समूह-2 (स्नातक स्तर) से हटाकर समूह-5 (विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवाएं) में शामिल कर दिया है। इस पद के लिए अब जीव विज्ञान विषय के साथ 10+2 उत्तीर्ण होना तथा विभागीय भर्ती नियमों में निर्धारित अन्य अर्हताएं पूरी करना आवश्यक होगा। इस पद के लिए भी कॉमन और विषय-विशिष्ट परीक्षा आयोजित होगी।




## इस्तीफे के बाद पहली बार संसद पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा

# ‘कुछ नहीं हुआ, मैं एसी कमरे का एक्टिविस्ट नहीं बल्कि स्ट्रीट फाइटर हूं’

## नीट पेपर लीक मामले में चल रहे विवाद के बीच देना पड़ा है इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद सोमवार को जब भाजपा सांसद धर्मेंद्र प्रधान संसद पहुंचे तो पार्टी के सांसदों और एनडीए सहयोगियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। संसद परिसर में ‘प्रधान जिंदाबाद’ के नारे लगे और कई सांसदों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पारंपरिक टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इसी दौरान कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने सहानुभूति जताते हुए प्रधान से कहा, ‘इट हैप्पंड्स’। इस पर प्रधान ने तुरंत जवाब देते हुए कहा, ‘कुछ नहीं हुआ। मैं एसी कमरे का एक्टिविस्ट नहीं बल्कि स्ट्रीट फाइटर हूं।’

शनिवार को इस्तीफा : धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा नीट पेपर लीक विवाद के बाद आया जिसे लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रही थी। संसद परिसर में मौजूद भाजपा सांसदों ने प्रधान के समर्थन में कहा कि बिना किसी व्यक्तिगत आरोप के इस्तीफा देने वाले वह पहले मंत्री हैं।इस्तीफे के बाद शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था, ‘पिछले 10 दिनों की घटनाओं से मैं बेहद आहत हूं। यह मेरे व्यक्तिगत सम्मान का सवाल नहीं है। भारत की युवा शक्ति ही देश की सबसे बड़ी ताकत है और मेरा संकल्प है कि देश के युवाओं को भ्रम के दुष्चक्र में नहीं फंसने देंगे।’



### लाखों बच्चों के भविष्य की बर्बादी का जश्न : राहुल

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ‘धर्मेंद्र प्रधान भ्रष्टाचार और भारत की बर्बाद एजुकेशन सिस्टम के प्रतीक हैं और हमेशा रहेंगे। उसी सिस्टम ने 26 बच्चों की जान ली और लाखों युवाओं को सड़कों पर उतरने को मजबूर किया। इस्तीफा भी नैतिकता से नहीं, युवाओं के आक्रोश से डरकर देना पड़ा और आज उसी व्यक्ति को संसद में भाजपा माला पहना रही है।’ यह कोई सम्मान नहीं, लाखों बच्चों के भविष्य की बर्बादी का जश्न है।

### संगठन में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि धर्मेंद्र प्रधान को भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। उन्हें आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी की चुनावी रणनीति की कमान भी सौंपी जा सकती है। प्रधान को ओडिशा भाजपा का सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने बिहार, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में पार्टी के चुनावी अभियानों में अहम भूमिका निभाई है।

### ओडिशा भाजपा में रहेगा रुतबा कायम!

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने शिक्षा क्षेत्र में धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किए गए सुधारों की सराहना की। भाजपा नेताओं का कहना है कि उनका इस्तीफा राजनीतिक कमजोरी नहीं बल्कि ‘जवाबदेही, त्याग और राष्ट्रीय हित’ का उदाहरण है। ओडिशा भाजपा में भी उनके प्रभाव पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं मानी जा रही है। 2014 के बाद से राज्य में भाजपा के विस्तार और 2024 के विधानसभा चुनाव में मिली सफलता का बड़ा श्रेय भी प्रधान को दिया जाता है।

## वांगचुक अस्पताल से डिस्चार्ज होकर पहुंचे राजघाट, बापू को दी श्रद्धांजलि



गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती सामाजिक एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सोमवार को डिस्चार्ज हो गए। दोपहर 1:45 बजे अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह अपनी पत्नी डॉ. गीतांजलि के साथ दिल्ली के राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। मीडिया से बातचीत में सोनम वांगचुक ने कहा, ‘मैं देश को बताना चाहता हूं कि बापू का दिखाया रास्ता आज भी उतना ही सही और प्रासंगिक है, जितना 100 साल पहले था। शांतिपूर्ण आंदोलन के कारण हमारी जीत हुई है। हिंसा होती तो मामला बिगड़ सकता था। इसलिए मैंने समय से पहले अनशन खत्म किया।’ वांगचुक लद्दाख से जुड़े मुद्दों और नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 26 दिनों तक अनशन पर बैठे थे। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बाद गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया था।

### आगे भी आवाज उठाता रहूंगा

डिस्चार्ज होने से पहले सोनम वांगचुक ने वीडियो जारी कर कहा- ‘अब मेरी तबीयत पहले से काफी बेहतर है। मैं धीरे-धीरे खाना खा रहा हूं और शरीर में भी ताकत लौट रही है। जैसे स्विट्जरलैंड से लौटने के बाद अनशन शुरू करने से पहले राजघाट जाकर बापू को श्रद्धांजलि दी थी और फिर जंतर-मंतर पहुंचा था, उसी परंपरा को आज भी दोहराया जाएगा। इसके बाद मैं अपने घर लद्दाख के लिए रवाना हो जाऊंगा। देशभर से छोटे-बड़े, पास-दूर सभी लोगों ने एकजुट होकर इस मुहिम में अपनी आवाज मिलाई। सभी के सहयोग से यह आंदोलन सफल हुआ है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों पर इसी तरह मिलकर आवाज उठाई जाती रहेगी।’

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी पर टिप्पणी दास ने मांगी माफी



**कोच्चि।** चर्चित ट्रांसजेंडर मेकअप आर्टिस्ट और रियलिटी शो में भाग ले चुकी जानमोनी दास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके माता-पिता को लेकर की गई अपनी हालिया आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है और कहा कि उनकी किसी को आहत करने की कोई मंशा थी। नयी दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन पर मीडिया के एक वर्ग से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ दास की आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ था, जिसके बाद उनकी तीखी आलोचना हुई।

### पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन के लिए फांसी की मांग



**नई दिल्ली।** आईबी अधिकारी अंकित शर्मा हत्याकांड में पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच दोषियों के लिए दिल्ली पुलिस ने फांसी की सजा मांगी है। दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट में सजा पर बहस हुई। पुलिस ने दलील दी कि अपराधियों ने बेहद क्रूर और जघन्य तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया है। यह इन लोगों की सोची-समझी साजिश थी। बचाव पक्ष ने दलील दी कि हर मामले में मौत की सजा नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि 91 गवाहों की जांच के बाद कोर्ट ने 11 आरोपियों में से सिर्फ छह को दोषी ठहराया है।

### 14 करोड़ के मादक पदार्थ और सुपारी जब्त



**आइजोल।** असम राइफल्स ने राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर मिजोरम में चार अलग-अलग अभियानों में 14.2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ और तस्करी की गई सुपारी जब्त की है। इस कार्रवाई में दो म्यांमा नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 24 से 26 जुलाई के बीच मिजोरम पुलिस, आबकारी एवं मादक पदार्थ विभाग, सहयोगी खुफिया एजेंसियों और सीमा शुल्क निवारक बल के समन्वय में चलाए गए इन अभियानों में हेरोइन और बड़ी मात्रा में तस्करी की गई सुपारी बरामद की गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनकारियों पर हो रहे बल प्रयोग पर अपनाया कड़ा रुख

# ‘प्रदर्शन के नाम पर पुलिस की बर्बरता सही नहीं, शांतिपूर्ण प्रदर्शन संवैधानिक अधिकार’

*सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में प्रदर्शनकारियों पर हो रहे पुलिस बल प्रयोग और लाठीचार्ज के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बेहद कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि देश में नागरिकों को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है और केवल किसी आंदोलन या प्रदर्शन की वजह से पुलिस द्वारा की जाने वाली बर्बरता (पुलिस एक्सेस) को जायज नहीं ठहराया जा सकता। अदालत में बिहार में एके 47 के इस्तेमाल का मुद्दा भी उठा।*

### देश भर के लिए समान पुलिस प्रोटोकॉल की बताई जरूरत
### लाठीचार्ज पर गाइडलाइंस जारी करेगा सर्वोच्च न्यायालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जंतर मंतर पर पुलिस बर्बरता मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। देश भर के लिए समान पुलिस प्रोटोकॉल होना चाहिए। हम लाठीचार्ज पर गाइडलाइंस जारी करेंगे। जंतर मंतर पर पुलिस बर्बरता के खिलाफ कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच में दायर की गई है। इनमें मांग की गई है कि देश भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को अनुमति देने और पुलिस बल प्रयोग पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रव्यापी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। मामले की सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- ‘शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार पूरी तरह से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत है। इसे छीना नहीं जा सकता। केवल इसलिए कि कहीं कोई आंदोलन हो रहा है, पुलिस की बर्बरता या अत्यधिक बल प्रयोग को सही नहीं ठहराया जा सकता। केवल आंदोलन होने का मतलब यह नहीं है कि लाठीचार्ज ही किया जाए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए आत्म-अनुशासित आचरण अनिवार्य है।’

### असामाजिक तत्वों से निपटने की हो व्यवस्था

सुनवाई के दौरान जब एक वकील ने प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया, तो जस्टिस जयमाल्य बागची ने कहा: ‘चाहे आम नागरिक हो या पुलिसकर्मी, हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है।’ सीजेआई ने आगे कहा कि पूरे देश में एक समान प्रोटोकॉल की आवश्यकता है, जहां शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को पर्याप्त जगह मिले और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए उचित व्यवस्था हो।

### बिहार पुलिस की बर्बरता का मुद्दा भी उठा

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता फौजिया शकील ने कोर्ट को बताया कि बिहार बंद के दौरान सीवान में सुरक्षा बलों द्वारा एके-47 ऑटोमैटिक राइफल तक का इस्तेमाल किया गया। हालांकि वहां से ताजा जानकारी आई है कि बिहार सरकार ने उस पुलिस अधिकारी को निलंबित कर दिया है, जिसने प्रदर्शनकारियों पर एके 47 चलाई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने बिहार में छात्रों पर हुए पुलिसिया हमलों का मुद्दा उठाते हुए पूरे देश के लिए सख्त आदेश जारी करने की मांग की।

### सीआरपीएफ जांच में बड़ा खुलासा, छात्रों पर पैलेट गन से किया था 7 राउंड फायर



परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के विरोध में संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन के इस्तेमाल के मामले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच टीम ने उस रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवान की पहचान कर ली है, जिसने प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन से फायरिंग की थी। जांच में सामने आया है कि संबंधित जवान ने कुल सात राउंड फायर किए थे। इनमें पांच राउंड प्रदर्शनकारियों को लगे, जबकि दो राउंड जमीन पर लगे। सभी फायरिंग कनॉट प्लेस क्षेत्र में हुई थी। अब जांच टीम यह भी पता लगा रही है कि किन परिस्थितियों में पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया और फायरिंग किन-किन स्थानों पर हुई।

### राहुल ने भी दिखाए थे पैलेट गन से घायल छात्र के घाव

एलओपी राहुल गांधी ने 24 जुलाई को अपने आवास 10 जनपथ पर छात्रों के प्रदर्शन में घायल एक स्टूडेंट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने छात्र के हाथ, पीठ और छाती में लगे घाव को दिखाया था। राहुल ने कहा, ‘मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था।’

## नहीं पहुंचा कोई सरकारी वकील, फास्ट ट्रैक कोर्ट में पहले दिन ही टली सुनवाई

*पीएम मोदी ने जल्द निर्णय के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठन की दी थी जानकारी*




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक को रोकने के लिए सरकार का एक बड़ा वादा फास्ट ट्रैक कोर्ट का भी है। इस मामले की सुनवाई के लिए गठित किए गए फास्ट ट्रैक कोर्ट में सोमवार को पहली सुनवाई होनी थी। हालांकि पहले ही दिन एक झटका लगा और सुनवाई 3 अगस्त तक के लिए टालनी पड़ गई। रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन की सुनवाई में ही सीबीआई के वकील पेश नहीं हुए। ऐसे में अदालत को अगली तारीख देनी पड़ी और सुनवाई टल गई। स्पेशल जज अनु ग्रोवर बलीगा की फास्ट ट्रैक कोर्ट को नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए बिकास बिवाल और दिनेश बिवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई करनी थी। आरोपियों के वकील एपी सिंह थे जो कि कोर्ट में मौजूद थे। वहीं सीबीआई की तरफ से कोई वकील कोर्ट में नहीं पहुंचा। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इस मामले में तुरंत लोक अभियोजक की नियुक्ति की जाए।

### 3 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

अब दिल्ली के राउज अवेन्यू कोर्ट में मामले की सुनवाई 3 अगस्त को होगी। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई में बाकायदा नियुक्त किया गया सरकारी वकील मौजूद होना चाहिए। हाल ही में पब्लिक एग्जीमिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनेफेयर मीन्स) ऐक्ट 2024 के तहत फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया गया है। इस अदालत में परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक के मामले सुने जाएंगे।

### 13 आरोपी किए गए हैं गिरफ्तार

आपको बता दें कि दिनेश और विकास बिवाल सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए 13 आरोपियों में शामिल हैं। उनपर नीट पेपर लीक होने के बाद इसे अभ्यर्थियों तक पहुंचाने में शामिल होने का आरोप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जुलाई को बताया था कि पेपर लीक से जुड़े मामलों पर जल्द निर्णय के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि सरकार के लिए युवाओं का हित ही प्राथमिक है।

## काला सागर में हुए हमले पर जताया कड़ा विरोध

# नाविक मौत, भड़के भारत ने यूक्रेनी राजदूत को किया तलब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को यूक्रेन के राजदूत ओलेक्सांद्र पोलिशचुक को तलब कर पिछले हफ्ते काला सागर में एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले में भारतीय नाविक की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने राजदूत को इस घटना पर नयी दिल्ली की गंभीर चिंता से अवगत कराया और वाणिज्यिक जहाज पर हुए ऐसे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। खबरों के मुताबिक, रूस और यूक्रेन के बीच फिर से शुरू हुई लड़ाई के दौरान ‘एमवी ओमोर्फी’ जहाज यूक्रेन के ड्रोन हमलों की चपेट में आ गया।



### स्वीकार्य नहीं हमला

विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, ‘हमने इस घटना पर गंभीर चिंता जताई है और वाणिज्यिक पोत पर हुए ऐसे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है।’ बयान के मुताबिक, राजदूत से ‘यूक्रेन के अधिकारियों तक वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाए जाने को लेकर भारत की गंभीर चिंताएं पहुंचाने को कहा गया और इस बात को दोहराया गया कि ऐसे कृत्य, जिनसे निर्दोष आम नागरिकों और नाविकों की जान को खतरा होता है, स्वीकार्य नहीं हैं तथा इनसे बचना चाहिए।’

### यूक्रेन ने दी सफाई

नयी दिल्ली स्थित यूक्रेनी दूतावास ने एक बयान जारी कर कहा कि वह उन भारतीय नाविकों के परिवारों के प्रति अपनी ‘गहरी संवेदना’ व्यक्त करता है, जिनकी जान काला सागर में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के कारण चली गई। यूक्रेन के दूतावास ने उम्मीद जताई कि उसके देश के विदेश मंत्री के प्रस्ताव पर सिबिहा और जयशंकर जल्द ही काला सागर क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर बातचीत करेंगे।

**रूसी राजदूत भी किए गए थे तलब**

भारत ने गत मंगलवार को रूसी दूतावास के प्रभारी को तलब किया था और यूक्रेन के तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज पर मॉस्को द्वारा किए गए हमले की ‘स्पष्ट तौर पर निंदा’ की। इस हमले में चार भारतीय नाविकों सहित 10 लोगों की मौत हो गई थी।

## पाक में मानसून का कहर, 107 की मौत 344 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मानसून की भारी बारिश और बाढ़ से अब तक कम से कम 107 लोगों की मौत हो गई है। 344 लोग घायल हुए हैं और सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने इस हफ्ते फिर भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। एनडीएमए के मुताबिक, जून के आखिर से बारिश से जुड़ी घटनाओं में 107 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 55 मौतें खैबर पख्तूनख्वा में हुईं। इसके बाद पंजाब में 36 लोगों की जान गई। एनडीएमए ने बताया कि आधे से ज्यादा मौतें घर या छत गिरने से हुई हैं। पाक के दूसरे सबसे बड़े शहर लाहौर में प्रशासन ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए कम से कम 17 राहत शिविर बनाए हैं।

## अभिषेक बनर्जी ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी

# टीएमसी के 20 बागी सांसदों पर कार्रवाई की उठाई मांग

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने 20 बागी सांसदों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दो अलग-अलग पत्र लिखकर बागी सांसदों की अयोग्यता प्रक्रिया में तेजी लाने की अपील की है। उन्होंने लोकसभा में पार्टी सांसदों की सीटों में किए गए बदलाव को तुरंत रद्द करने की भी मांग की है। अभिषेक ने 18 जुलाई को लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी एक सर्कुलर पर भी गंभीर आपत्ति जताई है। इसके तहत तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 बागी सांसदों के सीट नंबर बदल दिए गए हैं। तृणमूल नेता ने लोकसभा अध्यक्ष से गुहार लगाई है कि 18 जुलाई के सर्कुलर के जरिए किए गए बदलावों को तुरंत रद्द किया जाए। उन्होंने सभी 28 सांसदों को पहले दिए गए मूल सीट और डिवीजन नंबरों को दोबारा बहाल करने की मांग की है।

**इस तरह का बदलाव गलत :** ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में अभिषेक ने कहा, ‘सचिवालय का 18 जुलाई का सर्कुलर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसदों के सीट नंबर बदलता है। जब आपका दफ्तर ही एआईटीसी को 28 सांसदों का एक सिंगल ब्लॉक मानता है और मुझे इसका नेता स्वीकार करता है, तो इस तरह का बदलाव गलत है।’

### स्थापित संसदीय प्रथाओं के उलट

बनर्जी ने पत्र में इस बात का भी जिक्र किया है कि 19 जून 2026 को ही लोकसभा अध्यक्ष के सामने 20 सांसदों के खिलाफ याचिका दायर की जा चुकी है। ये वो सांसद हैं जिन्होंने खुद को ‘एनसीपीआई’ से जोड़ लिया है। अभिषेक ने कहा कि एनसीपीआई एक गैर-मान्यता प्राप्त दल है, जिसका संसद या किसी भी विधानसभा में कोई वजूद नहीं है। उन्होंने पत्र में लिखा, ‘इन सांसदों की अयोग्यता पर आपके फैसले के लंबित रहने और उनका वर्तमान दर्जा गैर-विलय वाला होने के कारण, सिर्फ बागी समूह के एकतरफा अनुरोध पर हमारे सांसदों की सीटों को बदलना पूरी तरह से नाइंसाफी और स्थापित संसदीय प्रथाओं के उलट है।’

## सोशल मीडिया पोस्ट और डीपफेक के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे गडकरी

# ‘पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने की सरकारी योजना से मेरा कोई संबंध नहीं’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ई-20 इथेनॉल कार्यक्रम से खुद को और अपने परिवार को मुनाफा मिलने का दावा करने वाली मानहानिकारक पोस्ट और डीपफेक सामग्री के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाईकोर्ट ने उन्हें मेटा, अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और अज्ञात संस्थाओं के खिलाफ दीवानी मुकदमा दायर करने की इजाजत दे दी है। इन पर ऐसी भ्रामक सामग्रियों को होस्ट करने या फैलाने में मदद करने का आरोप है। मेटा एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और थ्रेड्स जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को चलाती है। इथेनॉल सम्मिश्रण के सबसे प्रमुख समर्थकों में से एक माने जाने वाले नितिन गडकरी ने लेटर पेटेंट के क्लॉज XII के तहत एक याचिका दायर की थी।

*ई20 से मुनाफे के आरोपों पर भड़के केंद्रीय मंत्री ने उठाया बड़ा कदम*




**ई-20 कार्यक्रम पेट्रोलियम मंत्रालय का**

प्रस्तावित याचिका के अनुसार, विवादित सामग्री में सोशल मीडिया पोस्ट और डीपफेक कंटेंट शामिल हैं। इनमें आरोप लगाया गया है कि नितिन गडकरी और उनके परिवार ने ई-20 इथेनॉल कार्यक्रम से मुनाफा कमाया है। गडकरी ने अपनी याचिका में कहा है कि इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल कार्यक्रम और E20 पहल का संचालन केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय करता है। इसलिए इन योजनाओं से जुड़े किसी फैसले, नीति या प्रक्रिया में उनका कोई रोल नहीं है। उनका आरोप है कि कुछ डिजिटल कंटेंट में उन्हें और उनके परिवार को गलत तरीके से इन योजनाओं से जोड़कर भ्रामक जानकारी फैलाई गई और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

### केस दायर करने की अनुमति

रिपोर्ट के मुताबिक, बॉम्बे हाई कोर्ट ने गडकरी को मेटा, एक्स कॉर्प, गूगल एलएलसी समेत कई प्लेटफॉर्म के खिलाफ सिविल केस दायर करने की अनुमति दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एआई से बने डीपफेक वीडियो और बदले गए डिजिटल कंटेंट के जरिए उनके बारे में गलत दावे किए गए हैं। अदालत अब आपत्तिजनक कंटेंट हटाने और उस पर अंतरिम रोक लगाने की उनकी मांग पर भी सुनवाई करेगी।

### देश में ई-20 पेट्रोल का विरोध क्यों?

भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण (ई-20) का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

## पंजाब के संगरूर की घटना

# भाजपा कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब के संगरूर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय पर अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर एक पेट्रोल बम फेंका। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात हुई इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। संगरूर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दविंदर अत्री ने बताया, ‘बीयर की बोतल में पेट्रोल भरकर इमारत की बाहरी दीवार की ओर से फेंका गया था। दीवार पर जलने का निशान मिला है। हम इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करेंगे और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।’ पुलिस ने बताया कि नमूनों को एकत्र करने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है और पेट्रोल बम फेंकने वालों का पता लगाने के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामले को सुलझाने के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



# जांच में खुलासा, खुले बाजार में महंगी बिक रही खाद, इनमें नकली भी

## कृषि विभाग के ताबड़तोड़ छापे के बावजूद लिमिट से ज्यादा खाद बेची जा रही

बियासी-रोपाई के समय खाद की जरूरत किसानों को खुले मार्केट में लूट का शिकार बना रही है। शासन की छापेमारी, जब्ती और सीलबंदी जैसी तमाम कार्रवाई के बावजूद खाद की कालाबाजारी पूरी तरह रुकी नहीं है। राज्यभर में खुले मार्केट में खाद सात सौ रुपए ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है। हालांकि शासन की ओर से खाद के दाम तय हैं और कई तरह की बंदिशें हैं। इसके बावजूद ऐसा हो रहा है। चिंताजनक यह है कि मौके का फायदा उठाने कई कारोबारियों ने किसानों को नकली खाद की सप्लाई भी की है। इसका खुलासा विभाग की जांच में हुआ है।

## सोसायटी और बाजार में खाद की कीमतों में भारी अंतर

**बलौदाबाजार।** खरीफ सीजन के बीच जिले के किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों (सोसायटी) में सरकारी दर पर मिलने वाले उर्वरक खुले बाजार में कहीं अधिक कीमत पर बिक रहे हैं। इससे किसानों की खेती की लागत लगातार बढ़ रही है।
जानकारी के अनुसार, सोसायटी में यूरिया 266 रुपए प्रति बोरी उपलब्ध है, जबकि खुले बाजार में यही 700 रुपए तक बेचा जा रहा है। इसी प्रकार डीएपी 2,100 रुपए में सोसायटी से मिलती है, जबकि बाजार में इसकी कीमत 2,700 रुपए तक पहुंच गई है। पोटाश सोसायटी में 1,350 रुपए और बाजार में 1,800 रुपए में बिक रही है। वहीं राखड़ की कीमत सोसायटी में 600 रुपए तथा बाजार में 800 रुपए बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि सहकारी समितियों से खाद लेने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि उन्हें उधार पर उर्वरक उपलब्ध हो जाता है। किसान खरीफ सीजन में समिति से ▶▶| शेष पेज 7 पर

## दोगुनी से ज्यादा महंगी बिक रही यूरिया डीएपी, लगातार विभाग की दबिश भी



हरिभूमि सरोकार

**धमतरी।** खुले बाजार में खाद की कालाबाजारी से किसान बेहाल हैं। यूरिया खाद तो दोगुने से ज्यादा दाम में बिक रहा है, वहीं डीएपी खाद भी डेढ़ गुना महंगे में बिक रही है। कई दुकानों में तो लादन भी थमाया जा रहा है। सहकारी समितियों में खाद की राशनिंग के चलते किसान खुले मार्केट से खाद का उठाव कर रहे हैं, जहां किसानों से ▶▶| शेष पेज 7 पर

### कोई लिमिट नहीं

इस साल किसानों को खाद कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा के अनुसार निर्धारित मापदंड में दिया जाना है, लेकिन खाद दुकानों में इस लिमिट का पालन नहीं हो रहा है। अधिकांश दुकानों में कागजों में लीपापोती कर किसानों को लिमिट से कई गुना अधिक खाद दी जा रही है।

## 700 रुपए महंगे दाम में डीएपी खाद खरीद रहे किसान



**जगदलपुर।** खाद संकट के चलते किसान 1350 का डीएपी एक बोरा 2000 रुपए से अधिक में किसान खरीद रहे हैं। खाद संकट और कालाबाजारी के बीच किसानों से महंगे दाम वसूलने और अवैध भंडारण करने वालों पर कृषि विभाग ने कार्रवाई की है। तय मूल्य से अधिक कीमत लेने, बिना लाइसेंस खाद बेचने और रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलने पर विभाग ने गोदाम सील कर जब्ती और एफआईआर दर्ज की है। बिना वैध लाइसेंस के चल रहे गोदामों से यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक जब्त किए गए। निर्धारित सरकारी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### उर्वरक विक्रय सतर्कता अभियान चलाया जा रहा

कृषि अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर खाद की जमाखोरी, कालाबाजारी, अधिक कीमत पर बिक्री और नियमों के उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इधर लेम्पस जगदलपुर के प्रबंधक सोनू राव ने बताया कि सरकारी व्यवस्था के तहत डीएपी 50 किलो का बोरा 1350 रुपए, पोटाश 1945 रुपए, नैनो यूरिया 225 रुपए एवं यूरिया 45 किलो 266.50 रुपए बोरा में खाद दिया गया है।

## दोगुने दाम पर बेच रहे खाद नकली खाद व दवाएं भी बना रहे

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में किसानों को खाद दोगुने दाम पर बेचे जा रहे हैं। यही नहीं किसानों को नकली खाद और दवाएं बनाकर भी बेची जा रही। इसका खुलासा कृषि विभाग की जांच में हुआ है। जिले में इस सीजन में अब तक 12 निजी कृषि केंद्रों में छापे मारे जा चुके हैं। इनमें से तीन कृषि केंद्रों के संचालकों पर एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है। ग्राम चिंगरी (अंडा) में निकली खाद व दवाएं निर्माण की फैक्टरी मिली। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बिल में कम राशि भुगतान ज्यादा

पाटन के एक किसान के मामले में पीओएस मशीन से जारी बिल में कुल राशि केवल 3562 रुपए दर्ज थी जबकि फोन-पे से 5000 रुपए का भुगतान लिया गया। खरीदार के रूप में पता भी दुर्ग जिले का छोड़कर बालोद जिला दर्ज किया गया। जिले से बाहर के किसान को उर्वरक बेचना नियमों के विपरीत है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

# रायपुर समेत 16 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, बजी मोबाइल की घंटी, चौंके लोग

*देशभर में मानसून सक्रिय है। भारी बारिश के चलते छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने रायपुर समेत प्रदेश के 16 जिलों में तेज गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है। सोमवार शाम लोगों के मोबाइल में अचानक अलर्ट आया तो लोग चौंक गए। इसमें भारी बारिश को लेकर सतर्क किया गया है।*

- छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित
- अगले 48 घंटे में कई इलाकों में गरज-चमक के साथ होगी बारिश
- मूसलाधार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/महासमुंद/सरायपाली/डौंडीलोहारा/बिलासपुर/रायगढ़

बिलासपुर में रिकार्ड बारिश के साथ सक्रिय हुआ मानसून अगले 48 घंटे तक छत्तीसगढ़ में पानी बरसाएगा। इस दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मध्य और उत्तरी छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं पर भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को अलर्ट जारी किया है। सोमवार की शाम लोगों के मोबाइल की घंटी पर इमरजेंसी कॉल आने लगा। लोग चौंके और मैसेज देखा तो उसमें 16 जिलों में भारी बारिश का अनुमान जताया गया है। महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से अब तक 565.0 ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने बलौदाबाजार, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोरबा, महासमुंद, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सरगुजा में अलर्ट जारी किया है।



### बाइक के साथ बह गया किशोर, रेस्क्यू टीम ने निकाला

**महासमुंद/सरायपाली।** जिले में मूसलाधार बारिश के बाद नदी-नाले उफान पर है। सर्वाधिक बारिश जिले के सरायपाली क्षेत्र में होने से पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने लगा है, जिसके कारण कई गांवों का संपर्क ब्लॉक मुख्यालय से कट गया। सुरंगी नाले में बाइक के साथ बह गए एक 15 वर्षीय किशोर ▶▶| शेष पेज 7 पर



### स्कूल में पानी भरा मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चे धो रहे बर्तन

**डौंडीलोहारा।** बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के केवटनवागांव सहित आसपास के गांवों में दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। केवटनवागांव स्थित शासकीय पूर्व ▶▶| शेष पेज 7 पर



### गया था मछली पकड़ने, अचानक आई बाढ़ तो पेड़ में गुजारी रात

**रायगढ़।** 70 वर्षीय बुजुर्ग को पानी के भीतर एक पेड़ में रात गुजारनी पड़ी। वह मछली पकड़ने लात नाले के दूसरे घाट में गया था। अचानक से नदी में पानी भरने लगा और बुजुर्ग वहां फंस गया। दोनों छोर से पानी भरने की वजह से निकल नहीं सका। वहां एक टापू जैसे जगह था, जहां एक बबूल का पेड़ था। बुजुर्ग ने उस पेड़ में रात गुजार दी। सुबह रायगढ़ नगर सेना की टीम पहुंची और उसे रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला। बुजुर्ग ▶▶| शेष पेज 7 पर

#### पूर्व सरपंच दंपती का अभी तक पता नहीं

उसी लात नाले में रविवार की शाम एक कार बह गई थी। उसमें पूर्व सरपंच देवनारायण पटेल और उनकी पत्नी सवार थे। दोनों गाड़ी में ही फंस कर रह गए हैं या बाहर निकल गए हैं अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है।

## आरबीआई ने राजनांदगांव केंद्रीय सहकारी बैंक पर लगाया 1 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित पर नियामकीय निर्देशों के उल्लंघन के मामले में एक लाख रुपए का मौद्रिक दंड लगाया है। आरबीआई ने 16 जुलाई को जारी आदेश में बताया कि बैंक ने 'जमाराशियों पर ब्याज दर' संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किया और कुछ अपात्र जमाकर्ताओं को अतिरिक्त ब्याज प्रदान किया। इसी अनियमितता के कारण बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की गई है। ▶▶| शेष पेज 5 पर

- नाबार्ड के निरीक्षण में सामने आई अनियमितता
- कुछ अपात्र जमाकर्ताओं को अतिरिक्त ब्याज देने पर कार्रवाई
- ग्राहकों के लेनदेन पर नहीं पड़ेगा असर

### ग्राहकों के हितों पर नहीं होगा प्रभाव

आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल विनियामकीय अनुपालन में पाई गई कमियों के आधार पर की गई है। इसका उद्देश्य बैंक और उसके ग्राहकों के बीच हुए किसी भी लेनदेन या अनुबंध की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि यह मौद्रिक दंड भविष्य में बैंक के विरुद्ध आरबीआई द्वारा की जाने वाली किसी अन्य नियामकीय कार्रवाई को प्रभावित नहीं करेगा।

## खबर संक्षेप

### देश में चलेंगे 10 और 20 के प्लास्टिक-नोट

**नई दिल्ली।** बाजार में जल्द ही 10 रुपए और 20 रुपए के प्लास्टिक नोट नजर आएंगे। रिजर्व बैंक 100-100 करोड़ यानी टोटल 200 करोड़ पॉलिमर यानी प्लास्टिक से बने नोट छापेगी। यह प्लास्टिक करेंसी का ट्रायल होगा, अगर यह सफल होता है तो आगे और नोट भी छापे जाएंगे। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह जानकारी वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को लोकसभा में दी। हालांकि, पॉलिमर नोटों का ट्रायल कब शुरू होगा, इसकी तारीख का ऐलान अभी नहीं किया गया है।

### गोयनका की जमानत पर आज सुनवाई

**जबलपुर।** करीब 1000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी, जालसाजी और कंपनियों पर अवैध कब्जे के हाई-प्रोफाइल मामले में



गिरफ्तार मुख्य आरोपी एवं रायपुर निवासी कारोबारी महेंद्र गोयनका की जमानत याचिका पर मंगलवार को कोलकाता की अदालत में सुनवाई होगी। 10 दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद पुलिस उन्हें अदालत में पेश करेगी, जहां जमानत पर फैसला और आगे की कार्रवाई पर सुनवाई होगी।

### 'कॉकरोच' ने मांगा लिखित आश्वासन, फिर दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी ने सोमवार को कहा कि वह प्रदर्शनकारियों और आयोजकों के



खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को वापस लेने के सरकार के वादे से संबंधित लिखित समझौते का इंतजार कर रही है। कॉजपा ने चेतावनी दी कि अगर मंगलवार तक आश्वासन नहीं मिला तो उसे अपना आंदोलन फिर से शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## तीन शहरों में सर्वे, स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत नहीं बढ़ी

- रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के तुलनात्मक अध्ययन में जुलाई में बिजली खपत में उल्लेखनीय कमी होने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्मार्ट मीटर को लेकर भ्रम की स्थिति तथा अलग-अलग तरीके से फैलाई जा रही अफवाहों के बीच छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने राज्य के तीन शहर रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग में स्मार्ट मीटर का सर्वे कराया है। क्षेत्रीय ▶▶| शेष पेज 7 पर



### चार सौ यूनिट से ज्यादा का योजना का लाभ नहीं

पभोक्ता जो एसी का उपयोग करते हैं, जिससे इनकी खपत 400 यूनिट से अधिक होती है। इन्हें मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान योजना का लाभ नहीं मिल पाता, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### तीन माह का तुलनात्मक अध्ययन

बिजली विभाग के दावों के मुताबिक खपत का आधार स्मार्ट मीटर नहीं, अपितु उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही वास्तविक खपत है। ऐसे उपभोक्ता जिनके घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे थे, उनकी खपत में भी माह अप्रैल-मई-जून में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज हुई है।

**केस 01**

अवंती विहार रायपुर- उपभोक्ता क्र. 100060**XXXX**, संयोजित भार 5 किलोवाट
i. अप्रैल- 2025 की खपत 1611 यूनिट, अप्रैल- 2026 की खपत 2071 यूनिट
ii. मई- 2025 की खपत 1503 यूनिट, मई- 2026 की खपत 2592 यूनिट
iii. जून- 2025 की खपत 895 यूनिट, जून- 2026 की खपत 2487 यूनिट

**केस 02**

राजीव नगर रायपुर- उपभोक्ता क्र. 100000**XXXX**, संयोजित भार 10 किलोवाट
i. अप्रैल- 2025 की खपत 1019 यूनिट, अप्रैल- 2026 की खपत 1065 यूनिट
ii. मई- 2025 की खपत 885 यूनिट, मई- 2026 की खपत 1383 यूनिट
iii. जून- 2025 की खपत 896 यूनिट, जून- 2026 की खपत 1762 यूनिट

**केस 03**

कचना रायपुर- उपभोक्ता क्र. 100658**XXXX**, संयोजित भार 8 किलोवाट
i. अप्रैल- 2025 की खपत 1332 यूनिट, अप्रैल- 2026 की खपत 1360 यूनिट
ii मई- 2025 की खपत 1156 यूनिट, मई- 2026 की खपत 1709 यूनिट
iii. जून- 2025 की खपत 759 यूनिट, जून- 2026 की खपत 1579 यूनिट

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी का मामला**

## नई एसआईटी बनाई, कोर्ट ने कहा- शामिल करो 'फॉरेंसिक ऑडिटर'

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक किरण एस की अध्यक्षता में चार सदस्यों वाली एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से एसआईटी में पांचवें सदस्य के तौर पर एक 'फॉरेंसिक ऑडिटर' शामिल करने को कहा, जो दो हफ़्ते के अंदर पहली स्थिति रिपोर्ट सौंपेगी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर किया।

### आरोपियों की हिरासत 10 अगस्त तक

राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले के सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत एक स्थानीय विशेष अदालत ने सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी।

## छग की टीम में शामिल होंगे स्टार खिलाड़ी यश, जयंत और जडेजा

छत्तीसगढ़ की रणजी टीम होगी और मजबूत, तीन अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र से पहले छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ अपनी रणजी टीम को मजबूत बनाने में जुट गया है। संघ ने अनुभवी खिलाड़ियों को टीम से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल, भारतीय टीम से खेल चुके ऑफ स्पिनर जयंत यादव और सौराष्ट्र के अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर धर्मेंद्र सिंह जडेजा के नाम प्रमुख हैं। संबंधित राज्य क्रिकेट संघों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलने के बाद ▶▶| शेष पेज 7 पर

**यश दयाल, जयंत यादव और धर्मेंद्र सिंह जडेजा की एनओसी के बाद टीम से जुड़ने का रास्ता होगा साफ**



### यूपी से छत्तीसगढ़ का रुख करेंगे यश दयाल

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल आगामी घरेलू सत्र से उत्तर प्रदेश के बजाय छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी की प्रक्रिया चल रही है। मंजूरी मिलने के बाद वह आधिकारिक रूप से छत्तीसगढ़ टीम का हिस्सा बन जाएंगे। यश के जुड़ने से टीम के तेज गेंदबाजी ▶▶| शेष पेज 7 पर

## पहले टोकन फिर मिलेगा तत्काल टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अगर आप अक्सर रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर से तत्काल टिकट बुक कराते हैं, तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। वेस्ट सेंट्रल रेलवे ने 1 अगस्त से तत्काल टिकट बुकिंग के प्रोसेस में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। नए नियमों के तहत अब टोकन देने का समय बदला जाएगा। नई रूल के आने के बाद उन यात्रियों को पहले मौका दिया जाएगा, जो अपने या अपने परिवार के सदस्यों के लिए तत्काल टिकट बुक कराने आएंगे।

### अब ये होगी नई टोकन टाइमिंग

1 अगस्त से लागू होने वाले नए नियमों के तहत तत्काल टिकट के लिए टोकन पहले की तुलना में जल्दी दिए जाएंगे, ताकि यात्रियों को बुकिंग शुरू होने से पहले ही अपनी बारी मिल जाए। एसी तत्काल टिकट के लिए टोकन सुबह 8:30 बजे से 9:00 बजे तक जारी किए जाएंगे, जबकि नॉन-एसी (स्लीपर) तत्काल टिकट के लिए टोकन सुबह 9:00 बजे से 9:30 बजे तक मिलेंगे।



### टोकन की संख्या तय

रेलवे ने प्रत्येक रिजर्वेशन काउंटर के लिए टोकन की संख्या भी तय की है। हर काउंटर पर एसी तत्काल टिकट के लिए 10 टोकन और नॉन-एसी तत्काल टिकट के लिए 15 टोकन जारी किए जाएंगे।

### बुकिंग के समय ये दस्तावेज रखें साथ

तत्काल टिकट के लिए अपने साथ आधार कार्ड या कोई अन्य वैध फोटो पहचान पत्र जरूर रखें। इसके अलावा यात्रियों के नाम, उम्र और यात्रा से जुड़ी जानकारी पहले से तैयार रखने पर टिकट बुकिंग की प्रक्रिया और तेज हो सकती है। नए टोकन सिस्टम का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यात्रियों को तत्काल टिकट के लिए बार-बार रिजर्वेशन काउंटर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। टोकन पहले मिलने से वे समय पर अपनी बारी का इंतजार कर सकेंगे।

## स्पीड पोस्ट सेवा के नए नियम, नई दरें

**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने सोमवार को डाक सामग्रियों के वर्गीकरण पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि लिखित, मुद्रित सामग्री और बिना पुनर्विक्रय मूल्य वाली उपहार सामग्री के पैकेट पत्र की श्रेणी में आएंगे, जबकि अन्य सभी वस्तुओं को पार्सल की श्रेणी में रखा जाएगा। डाक विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र से जुड़े सामान जैसे स्वागत किट, पत्र, पासबुक, चेक बुक, बैंक विवरण, प्लास्टिक कार्ड, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड को पत्र की श्रेणी में रखा जाएगा।



# सोलर कृषि पंप लगाने दो साल से ज्यादा का इंतजार, 60 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के किसी भी किसान को अब सोलर कृषि पंप लगाना है, तो उसके लिए दो साल से ज्यादा का इंतजार करना पड़ेगा। इस समय क्रेडा में 60 हजार से ज्यादा आवेदन पेंडिंग हैं। इनका निराकरण करने में ही दो साल से ज्यादा का समय लग जाएगा। ऐसे में कोई अगर आज आवेदन करेगा, तो उनका नंबर दो साल के बाद ही आएगा। क्रेडा ने केंद्र सरकार को पीएम कुसुम योजना में इस सत्र में 25 हजार सोलर कृषि पंप लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अब तक वहां से मंजूरी नहीं मिली है।

खास खबर

## नए सत्र में प्रदेश में 25 हजार पंप लगाने का केंद्र सरकार को भेजा गया प्रस्ताव

### अब केंद्र सरकार की योजना में लगेंगे

अब किसानों को सोलर पंप केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना में लगाकर दिए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार के पास 25 हजार पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर पंप लगाए जाएंगे। इस योजना में भी किसानों को सब्सिडी मिलेगी। लेकिन अभी तय नहीं है कि इसमें सब्सिडी कितनी मिलेगी। राज्य सरकार की योजना में महज 10 से 20 हजार में पंप लग जाते थे। क्रेडा के अधिकारियों के मुताबिक अब तो सोलर पंप लगाने की लागत कम हो गई है। इस समय तीन एचपी के लिए करीब ढाई लाख और पांच एचपी के लिए तीन लाख दस हजार में लगते हैं। टेंडर के बाद यह लागत और कम हो सकती है।



### प्रस्ताव भेजा है

केंद्र सरकार को पीएम कुसुम योजना में प्रदेश में 25 हजार सोलर कृषि पंप लगाने का प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर इस सत्र में पंप लगाने का काम प्रारंभ होगा। वैसे भी अभी खेती-किसानी का समय है। धान की कटाई के बाद ही पंप लगाने का काम हो सकेगा।

-भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष, क्रेडा

प्रदेश में किसान खेती के लिए कृषि पंप लगाने का काम करते हैं। ज्यादातर कृषि पंप तो बिजली से चलने वाले लगाए जाते हैं। लेकिन प्रदेश में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर बिजली की सुविधा न होने पर या किसानों के खेतों के पास बिजली के ट्रांसफार्मर और खंभे न होने के कारण कृषि पंप लगाने के लिए करीब दस साल पहले प्रदेश में भाजपा की रमन सरकार के समय सौर सुजला योजना राज्य स्थापना दिवस पर एक नवंबर 2016 को प्रारंभ की गई थी। तब सौर सुजला योजना के माध्यम से सोलर कृषि पंप लगाने का काम किया गया। उसी समय प्रदेश में बहुत ज्यादा सोलर कृषि पंप लगाए गए। अब इस योजना को बंद कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से महिला की गई जान



**धमतरी।** कपड़ा सुखाते समय महिला करंट की चपेट में आ गई। इस घटना में महिला की मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय अधारी नवागांव निवासी संगीता साहू पति राजेश उम्र 37 वर्ष घरेलू काम करती थी। महिला सोमवार की सुबह घर में स्थित नल में नहाने के बाद गीले कपड़ों को तार में सुखा रही थी। तार के पास से घर का मीटर वायर गुजरा है। तार के पास का वायर छिला हुआ है जिसके संपर्क में आने से महिला को करंट में चिपक गई थी जिसे देख पति राजेश ने लकड़ी से तार को मारा जिससे महिला करंट से छूटकर जमीन पर गिर गई। महिला को ईरिक्शा की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।

### सपोटर तार में आया करंट, हिरण की मौत

**सेल।** सोनाखान वन परिक्षेत्र के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ठीक समीप बिजली खंभे के खींचन तार में करंट आने से हिरण की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। इस हादसे के बाद वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश है, विद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक और स्थानीय ग्रामीण भी वन विभाग व विद्युत विभाग के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को क्षेत्र में हुई लगातार बारिश के कारण एकलव्य विद्यालय परिसर के पास स्थित बिजली खंभे को सहारा देने के लिए जमीन में बांधे गए खींचन (स्टे) तार में अचानक विद्युत प्रवाह करंट चालू हो गया था। जंगल से भटककर भोजन और पानी की तलाश में विद्यालय परिसर के पास पहुंचे एक हिरण का शरीर जैसे ही इस लोहे के खींचन तार से स्पर्श हुआ उसे जोरदार झटका लगा और उसकी मौत हो गई।

## जांच के बाद सीबीआई ने कार्रवाई का किया खुलासा

# यूनियन बैंक की शिकायत पर 11.38 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के गौरव पथ स्थित उद्योगपति राजकुमार सराफ के निवास पर शनिवार से रविवार तक चली कार्रवाई को लेकर बनी स्थिति अब काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। प्रारंभिक स्तर पर इस कार्रवाई को लेकर विभिन्न एजेंसियों के नामों की चर्चाएं चल रही थीं, लेकिन अब उपलब्ध दस्तावेजों से सामने आया है कि यह कार्रवाई सीबीआई द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर दर्ज बैंक धोखाधड़ी के प्रकरण से संबंधित थी। सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा ईओबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, धमतरी केपेक्स प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशकों, गारंटर तथा अज्ञात बैंक अधिकारियों के खिलाफ बैंक ऋण में कथित अनियमितता और धोखाधड़ी की जांच की जा रही है। मामले की शुरुआत अप्रैल 2023 में स्वीकृत 15 करोड़ की एक्सपोर्ट पैकिंग क्रेडिट सुविधा से हुई, जो वर्ष 2026 में सीबीआई जांच तक पहुंची।

हरिभूमि सरोकार

### खाता घोषित हुआ फ्रॉड

एफआईआर के मुताबिक, बैंक ने आरोप लगाया है कि ऋण राशि का कथित रूप से संबंधित फर्मों और रिश्तेदारों के कारोबार में डायवर्जन किया गया तथा सर्कुलर ट्रांजेक्शन के जरिए खातों का समायोजन किया गया। जुलाई 2024 की विशेष ऑडिट रिपोर्ट में कई अनियमितताओं की ओर संकेत किया गया, जबकि अक्टूबर 2024 में ऋण खाता एनपीए घोषित हुआ। बाद में खाते को फ्रॉड घोषित करते हुए जनवरी 2026 तक 11.38 करोड़ की बकाया राशि दर्ज की गई।



### भ्रष्टाचार व धोखाधड़ी की जांच शुरू

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के उप महाप्रबंधक रणधीर कुमार की शिकायत पर 10 जुलाई को सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर सौरभ कुमार सिंह कर रहे हैं।



### राजकुमार के निधन की खबर निकली गलत

उल्लेखनीय है कि राजकुमार सराफ वर्तमान में जीवित हैं और स्वास्थ्य कारणों से अन्य शहर में निवासरत बताए जा रहे हैं। उनके संबंध में पूर्व में प्रसारित निधन की सूचना तथ्यात्मक रूप से गलत थी। वहीं, प्रारंभिक चर्चाओं के विपरीत अब तक उपलब्ध आधिकारिक दस्तावेजों में कार्रवाई को ईडी या आयकर विभाग की नहीं, बल्कि सीबीआई की जांच से संबंधित बताया गया है। जांच जारी होने के कारण एजेंसी की ओर से मामले पर विस्तृत आधिकारिक टिप्पणी अभी सामने नहीं आई है।

## जल, जंगल व जमीन के मुद्दे पर विरोध

# हिदुर-डोबुर मुख्य सड़क पर मिला नक्सल बैनर व पर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलियों के समर्पण, गिरफ्तारी व नक्सलमुक्त भारत के लगभग चार माह बाद एक बार फिर नक्सलियों की आहट सुनाई देने लगी है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सल बैनर व पोस्टर मिलने के बाद सुरक्षाबल अलर्ट हो गए है। इन बैनर पोस्टर में 26 से 30 जुलाई तक गढ़चिरौली जिला बंद का आह्वान किया गया है। गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ क्षेत्र में फिर से माओवादी गतिविधियां नजर आने लगी है। हिदुर-डोबुर मुख्य मार्ग पर मिले बैनर पोस्टर में 26 से 30 जुलाई तक गढ़चिरौली जिला बंद का आह्वान किया गया है। भामरागढ़ तालुका में हिदुर-डोबुर मुख्य सड़क पर माओवादी बैनर और पर्चे मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को अलर्ट पर रखा गया है। इन पर्चों में 26 से 30 जुलाई तक गढ़चिरौली जिला बंद का आह्वान किया गया है। जल, जंगल व जमीन के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन की बात कही गई है। यह बैनर भामरागढ़ तालुका मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर लगाया गया था।

- 30 जुलाई तक गढ़चिरौली जिला बंद का किया आह्वान

### सर्च आपरेशन प्रारंभ

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इस बात की जांच की जा रही है कि आखिर किसने ये पर्चे और बैनर लगाए थे।

# 18 साल पुराना मनरेगा घोटाले पर 8 अधिकारियों के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



करीब 18 वर्ष पुराने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में कथित 1.69 करोड़ की आर्थिक अनियमितता के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला पंचायत कांकेर के तत्कालीन बर्खास्त सीईओ सहित आठ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ विशेष न्यायालय में 6,000 पृष्ठों का चालान पेश किया गया है। जांच में निविदा प्रक्रिया की अनदेखी, नियमों के उल्लंघन और सरकारी धन के दुरुपयोग के साक्ष्य मिलने का दावा किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में वर्ष 2006-07 और 2007-08 के दौरान सामग्री खरीदी में कथित 1,69,14,247 रूपएं की आर्थिक अनियमितता के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू), रायपुर ने 18 वर्ष बाद न्यायालय में चालान प्रस्तुत कर दिया है। ब्यूरो ने 27 जुलाई 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश, कांकेर की अदालत में तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ केपी देवांगन सहित आठ अधिकारियों के विरुद्ध 6,000 पृष्ठों का चालान दाखिल किया।

विवेचना के अनुसार तत्कालीन जिला पंचायत सीईओ ने शासन के निर्देशों के विपरीत जिला स्तर पर केंद्रीकृत सामग्री खरीदी कराई, जबकि नियमों के अनुसार जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों को स्वतंत्र रूप से सामग्री खरीदने का अधिकार था।

### तीन दंतैल हाथियों की मौजूदगी, गांवों में हाई अलर्ट

**महासमुंद।** जिले के वन परिक्षेत्र महासमुंद के जंगलों में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। आधिकारिक हाथी उपस्थिति रिपोर्ट के अनुसार, वन क्षेत्र में 3 दंतैल हाथियों का दल सक्रिय है। हाथियों की इस मौजूदगी को देखते हुए आसपास के ग्रामीण इलाकों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, ट्रैकिंग के दौरान आज तीन दंतैल हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 131 से आगे बढ़े। इसके बाद ये हाथी वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 126, 127 और 56 के जंगलों में घूमते हुए पाए गए।

# प्रेमी ही निकला हत्यारा, शक पर युवती का रेता था गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सूरजपुर

नेहरु पार्क में युवती पर चाकू से गला रेतकर युवती की हत्या उसके प्रेमी ने ही की थी। किसी दूसरे व्यक्ति से प्रेम प्रसंग की शंका पर दोनों के बीच विवाद हुआ और इस दौरान आरोपी ने युवती के गले पर चाकू से वार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला। युवती द्वारा की गई जानकारी और जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पीढ़ा स्थित यूकेलिप्टस के जंगल से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बता दें कि रविवार की रात 8 बजे नगर के नेहरु पार्क में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने युवती के गले पर वार किया, घटना के बाद युवती पार्क में जान बचाने के लिए इधर उधर भागती रही और फिर जमीन पर गिर गई। आस पास मौजूद लोगों ने युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। इस घटना में युवती की शिनाख्त लटोरी निवासी 20 वर्षीया राधिका राजवाड़े के रूप में की गई है। युवती तिलसिवां में अपनी बहन के साथ रहती थी। वहीं आरोपी युवक की पहचान ग्राम कुरुवां निवासी 23 वर्षीय रितेश राजवाड़े के रूप में की गई है। राधिका और रितेश के बीच लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था।











# चौहान में नजर आएंगे विक्रांत, अजय को देंगे टक्कर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'चौहान' बीते दिनों अपनी पहली झलक के साथ ही काफी चर्चा में रही थी। इसे दर्शकों ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्यार दिया था। वहीं अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। दरअसल, अब इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी की एंट्री की खबरें हैं जो दर्शकों का दिल अपनी शानदार फिल्म '12वीं फेल' से जीत चुके हैं। सूत्र ने बताया कि आनंद एल राय ने अजय की चौहान के लिए एक ग्रे शेड वाले किरदार में विक्रांत को साइन किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी सुपरस्टार अजय देवगन से टक्कर लेते हुए नजर आएंगे।

लाइफ Style

# भूमि
## छत्रपति शिवाजी महाराज में हुई एंट्री

साल 2022 में कांतारा और 2025 में कांतारा चैप्टर 1 से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेता ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज' के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। सोमवार को मेकर्स ने इसकी घोषणा की। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है। बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं। स्टार कास्ट : ऋषभ शेट्टी, भूमि पेडनेकर, शेफाली शाह, अर्जुन रामपाल और विवेक ओबेराय। निर्देशक और निर्माता : संदीप सिंह। बजट : 500 करोड़ से ज्यादा के बजट में दो भाग बनाए जाएंगे। अगले साल जनवरी तक पहला भाग रिलीज किया जा सकता है। क्रू : इंटरनेशनल एक्शन को-ऑडिनेटर्स, जो गेम ऑफ थ्रोल और द विचर में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कंपोजर अमित त्रिवेदी फिल्म को म्यूजिक देंगे वहीं गीत प्रसून जोशी लिखेंगे। फिल्म की कहानी ऋषि विरमानी ने लिखी है, जिसे मेकर्स दो भागों में रिलीज करेंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** कुछ ही दिनों में स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है और फैंस के बीच उत्साह अपने चरम पर है। स्पाइडर-मैनः नो वे होम की भावुक घटनाओं के बाद टॉम हॉलैंड (एक बार फिर अपने लोकप्रिय किरदार पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। यह फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी के एक बिल्कुल नए अध्याय की शुरुआत करेगी। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे को 30 जुलाई को भारतभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।

# मैडोना का लंदन वाला पुराना घर किराए पर उपलब्ध




**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपने नए गानों को लेकर चर्चा में रहने वाली मशहूर पॉप सिंगर मैडोना का एक पुराना घर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। लंदन के साउथ केंसिंग्टन इलाके में स्थित यह शानदार घर अब किराए के लिए उपलब्ध है। खास बात यह है कि कभी यह घर कभी मैडोना और उनके एक्स हसबैंड फिल्म निर्देशक गाय रिची का आशियाना हुआ करता था। इस घर की पहचान सिर्फ मैडोना से ही नहीं जुड़ी है। साल 2004 में आई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'लेयर केक' की शूटिंग भी यहां हुई थी। फिल्म में डैनियल क्रेग के किरदार का लंदन वाला घर इसी प्रॉपर्टी को बनाया गया था। यह वही फिल्म थी, जिसके बाद डैनियल क्रेग को जेम्स बॉन्ड की भूमिका मिलने का रास्ता खुला। क्वीन्स गेट म्यूज़ में बना यह दो बेडरूम वाला घर बाहर से बेहद साधारण दिखाई देता है। सफेद ईंटों से बना यह मकान 1860 के दशक का है।

# भोजपुरी बवाल से चिन्ना चिन्ना आसई तक
## इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज







**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में 'द ओडिसी' का हल्ला है। विजय की 'जन नायकन' (हिंदी में 'जन नेता') भी है। इसके अलावा कई और फिल्मों के विकल्प हैं। वहीं, इस वीक हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' से लेकर बॉलीवुड की 'आवारापन 2' तक रिलीज हो रही हैं। हर तरफ एंटरटेनमेंट के शानदार विकल्प हैं। मगर, सोमवार से शुरू हुए इस नए सप्ताह में ओटीटी पर भी कई खास देखने को मिलेगा।

***द लीजेंड ऑफ कर्ण*** : यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी। पौराणिक विषय पर बनी सीरीज सोनीलीव पर स्ट्रीम होगी।

***हार्ट बीट सीजन 3*** : चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीक रिलीज की कतार में है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।

***द डेविल वियर्स प्राडा 2*** : यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।


***चिन्ना चिन्ना आसाई*** : यह मलयालम ड्रामा फिल्म है। यह 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर आने वाली है। चिन्ना चिन्ना आसाई 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**भोजपुरी बवाल** : इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 2 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी में होगा हंगामा



नई दिल्ली। स्टार प्लस से सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप के ट्विस्ट के बाद नया बवाल होता दिखने वाला है। दरअसल, जब विरानी परिवार दो शादियों की तैयारियों में जुटा है, तभी एक ऐसा चेहरा वापस लौटने वाला है जो सब कुछ बदल सकता है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में सुवर्णा झा पूरे 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती विरानी बनकर लौट रही हैं। त्रिप्ती वही किरदार है जिसने कभी अपने अंदाज, चालाकी और फैसलों से पूरे विरानी परिवार की जिंदगी बदल दी थी।



# मां को समर्पित किया बंटवारा 1947 का ट्रेलर...

**मुंबई।** सनी देओल इन दिनों फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर मां के साथ फोटो शेयर कर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है और फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की है। उन्होंने केवल मां ही नहीं, बल्कि देश भर की मां को इस फिल्म के ट्रेलर को समर्पित कर दिया। एक्टर ने मां के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत. बंटवारा 1947 में अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं।' इसके साथ ही सनी देओल ने पोस्ट के आखिरी में 'बंटवारा 1947' के ट्रेलर रिलीज का भी ऐलान किया और जानकारी दी कि इस फिल्म का ट्रेलर 28 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। 'बंटवारा 1947' की कहानी भारत और पाक के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर बुनी गई है।

# लाफ्टर शेफ के तीसरे सीजन के विनर रहे अली और जन्नत



**नई दिल्ली।** ओटीटी पर छाए रहने वाला शो लाफ्टर शेफ अब खत्म हो चुका है और इसके साथ ही हमारे पास तीसरे सीजन के विनर्स के नाम भी आ चुके हैं और जैसा कि शुरुआत से ही क्लियर था टीवी स्टार्स अली गोनी और जन्नत जुबैर सबसे ज्यादा स्टार्स के साथ शो के विनर रहे। अली गोनी के कॉन्फिडेंस और जन्नत की सीखने की ललक ने उन्हें एक बेस्ट जोड़ी के तौर पर उभारा और उनका यही बॉन्ड उन्हें कई मुश्किल चैलेंजेस में भी मददगार साबित हुआ। ग्रैंड फिनाले का सेलिब्रेशन कुछ और खास हो गया जब रोहित शेट्टी अपने शो 'खतरों के खिलाड़ी' के कंटेस्टेंट्स के साथ इस शो के सेट पर पहुंचे। इसके कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो में विनर बनने को लेकर जब जन्नत से बात की गई तो उन्होंने कहा, लाफ्टर शेफ एक यूनीक शो है जहां केवल एक विनर या एक विनिंग टीम नहीं होती। अली और मैंने ट्रॉफी जरूर उठाई है, लेकिन मुझे लगता है कि इस शो से जुड़ा हर एक शख्स विनर है. हमने साथ में बहुत इंजॉय किया है, हंसे हैं, बहुत कुछ सीखा है, साथ होने का अहसास अपने आप में इस सफर को बहुत खास बनाता है। कलर्स पर टेलीकास्ट होने वाला ये शो ओटीटी प्लैटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर काफी हॉट प्रॉपर्टी रहा है। होस्ट के तौर पर भारती सिंह और शेफ हरपाल की केमिस्ट्री, इनके अलावा कृष्णा अभिषेक-कश्मीरा शाह, सुदेश लहरी-निया शर्मा, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन इन सभी की नोंक-झोंक और खाना बनाने के नाम पर हालत देखना एक अलग ही मैड राइड है जिसे देखकर कभी कभी तो हंसते-हंसते पेट में बल पड़ जाते थे।

# आदर्श कुटुंबम की पहली झलक आई सामने

**नई दिल्ली।** संक्रांति वास्तुनाम की अपार सफलता के बाद अब साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता दग्गुबाती वेंकटेश बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम आदर्श कुटुंबम-हाउस नंबर 47 है। इस फिल्म का पहला टीजर सामने आ गया है, साथ ही मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है, जिससे कहीं न कहीं बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की बहुचर्चित फिल्म दृश्यम 3 की टेंशन बढ़ सकती है। दग्गुबाती की आदर्श कुटुंबम का डायरेक्सन त्रिविक्रम श्रीनिवास ने किया है, जो बतौर फिल्ममेकर सुपरस्टार महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर गुंटूर कारूम की असफलता के 2 साल बाद वापसी कर रहे हैं। आदर्श कुटुंबम में वेंकटेश के अलावा केजीएफ फिल्म फेम अदाकारा श्रीनिधी शेट्टी भी अहम भूमिका में मौजूद हैं। उनकी झलक आपको फिल्म के टीजर में देखने को मिल जाएगी। अभिनेता वेंकटेश ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर आदर्श कुटुंबम का टीजर शेयर किया है।











www.pmfby.gov.in

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)
UNI : IRDAN126RP0001V01201617

"किसान भाई-बहनों के लिए आवश्यक सूचना" खरीफ-2026 फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी® (AIC) द्वारा खरीफ 2026 में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों (धमतरी, जशपुर, कोरबा, नारायणपुर, राजनांदगाव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागाव, महासमुंद, रायगढ़, सुरजपुर) में संचालित की जा रही है।

अधिसूचित फसलें खरीफ : ग्राम स्तर पर - धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन
राजस्व निरीक्षक मंडल स्तर पर - मूंगफली, तुअर (अरहर), मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी (मड़वा)

योजना की विशेषताएँ

- आवरण किये जाने वाले किसान : अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी किसान - ऋणी एवं अऋणी किसान।
- ऋणी किसान : ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र (Opting-out form) के अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र खरीफ मौसम के लिये पूरे वर्ष के दौरान किसी भी समय लेकिन किसानों के नामांकन के लिए तय की गई तिथि खरीफ के लिए 31 जुलाई 2026 से कम से कम 7 दिन पहले तक, संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा।
- अऋणी किसान : अऋणी किसान इस योजना के तहत निकटतम बैंक शाखा/समिति, CSC, डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) के माध्यम से अपना नामांकन करा सकते हैं। साथ ही अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा :-
- जरूरी दस्तावेज : 1) नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, 2) नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, 3) बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, 4) फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, 5) किसान का वैध मोबाईल नंबर, 6) बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए- फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र, 7) के सी सी (KCC)/ कृषि ऋण न लेने के संबंध में स्व-घोषणा पत्र।
- बीमित फसलों में परिवर्तन : ऋणी किसान अपने बीमित फसलों में परिवर्तन करा सकते हैं इसके लिये खरीफ मौसम में नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से दो कार्य दिवस पूर्व इस बात की सूचना संबंधित बैंक शाखा में दे सकते हैं।

आधार अनिवार्य किसान भाइयों से अनुरोध है की वो अपना आधार खरीफ के लिए 31.07.2026 से पूर्व, बैंक में अपडेट करालें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा मान्य नहीं होगा।

आवरित जोखिम

| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर | व्यक्तिगत खेत आधार पर |
|---|---|
| क) बुवाई/रोपाई नहीं होने पर : प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण अधिसूचित क्षेत्र के 75% क्षेत्र में बुवाई न होने पर बीमित राशि का अधिकतम 25% तक क्षतिपूर्ति। केवल धान (सिंचित, असिंचित) एवं चना फसल के लिए लागू है। | क) स्थानीय आपदाएं : ओलावृष्टि, जलप्लावन (धान सिंचित एवं असिंचित फसलो में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक में शामिल नहीं है), बादल फटना और प्राकृतिक आकाशीय बिजली के कारण खड़ी फसल का नुकसान होना। |
| ख) फसल कटनी प्रयोग आधार पर : प्रत्येक अधिसूचित ग्राम में 04 एवं राजस्व निरीक्षक मंडल में 10 फसल कटनी प्रयोग द्वारा व्यापक आधार पर आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण उपज में होने वाले नुकसान का आंकलन। | ख) फसल कटाई के उपरान्त नुकसान : खेत में काटकर व फैलाकर/छोटे गठरो में बांधकर सुखाने हेतु रखी गयी फसलों को फसल कटाई के पश्चात् केवल 14 दिनों के अधिकतम अवधि में- ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती बारिश और बेमौसमी बारिश से हानि होने की स्थिति में। |
| अधिसूचित क्षेत्र आधार पर- फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण :- किसान के द्वारा प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि की पात्रता नही बनती है और न ही अकाल, सुखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। जबकि योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी अधिकारी के द्वारा आयोजित ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का थ्रेशहोल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। जितना प्रतिशत उपज में कमी आती है, उनके मान से दावा राशि प्रदान किया जाता है। | स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटो के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें :- राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ। लोक सेवा केन्द्र (CSC)। भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। जिला/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय। भारत सरकार के टोल फ्री नम्बर (14447)। नोट :- हानि का मूल्यांकन व्यक्तिगत खेत सर्वे या सेम्पल सर्वे द्वारा किया जाएगा। |

फसल बीमा माह 1-31 जुलाई, 2026

| खरीफ | |
|---|---|
| 1. किसान द्वारा देय प्रीमियम दर (बीमित राशि का) | 2% |
| 2. बैंक/प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति/ लोक सेवा केन्द्र/ ऑनलाईन पंजीकरण/बीमा अभिकर्ता /डॉक विभाग इत्यादि द्वारा सभी ऋणी कृषकों तथा अऋणी कृषकों (प्रस्ताव पत्र के साथ) बीमा कराने/ प्रीमियम जमा/खाते से प्रीमियम कटौती / बीमा कराने की अंतिम तिथि | 31/07/2026 |

- किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि 31-07-2026 से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल/डॉक विभाग के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
- योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना देखे एवं उद्यानिकी/कृषि/राजस्व अधिकारी/बैंक/CSC एवं ए.आई.सी क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें

HO/26-27/1A/12

AIC भारतीय कृषि बीमा कंपनी® | AGRICULTURE INSURANCE COMPANY OF INDIA LTD.
क्षेत्रीय कार्यालयः एल.आई.सी. इनवेस्टमेंट बिल्डिंग, फेस-2, द्वितीय तल, पंडरी, रायपुर- 492004 (छ.ग.)
फोन/फैक्सः0771-4306605 ई-मेलः ro.raipur@aicofindia.com Website : www.aicofindia.com
पंजीकृत कार्यालयः प्लेट बी और सी, 5वीं मंज़िल, ब्लॉक 1, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली-110023.
सीआईएनः U74999DL2002PLC118123, आईआरडीएआई पंजीकरण सं. 126
aicofindialtd aicofindia aicofindia aicofindialtd aicofindialtd
कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447
फसल हो या कृषि संपदा। बीमा सुरक्षा हमारा वादा ।।
विज्ञापन मात्र (नियम एवं शर्तें लागू)

## चिंतन

# अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा पर चर्चा करे विपक्ष

देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद केवल आरोप-प्रत्यारोप का मंच नहीं, बल्कि जनहित के मुद्दों पर गंभीर विमर्श और बेहतर कानून बनाने का सर्वोच्च संस्थान है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा शुरू होने से पहले ही सदन हंगामे की भेंट चढ़ गया। विपक्ष का यह कहना कि नीट पेपर लीक प्रकरण में गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें, अपनी जगह एक राजनीतिक मांग हो सकती है, लेकिन करोड़ों छात्रों के भविष्य से जुड़े कानून पर बहस को बाधित करना लोकतांत्रिक दायित्वों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। इसलिए विपक्ष अड़ियल रवैया छोड़कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार वाले इस बिल पर चर्चा करे और इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव दे, ताकि इस कानून को और मजबूत किया जा सके। प्रस्तावित संशोधन में पेपर लीक के आरोपियों के लिए अधिक कठोर सजा, भारी आर्थिक दंड और विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की व्यवस्था जैसे प्रावधान किए गए हैं। इससे मामलों की रोजाना सुनवाई संभव होगी और दोषियों को वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया का लाभ लेकर बच निकलने का अवसर कम मिलेगा। साथ ही यह कानून यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, एनटीए तथा अन्य केंद्रीय परीक्षाओं पर लागू होगा, जिससे इसकी व्यापकता और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। हालांकि केवल कठोर कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। विपक्ष की यह भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है कि वह विधेयक का सूक्ष्म अध्ययन करे और आवश्यक सुधारों के सुझाव दे। उदाहरण के लिए, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही, साइबर सुरक्षा, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, व्हिसलब्लोअर संरक्षण, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और समयबद्ध जांच जैसी व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने पर सार्थक चर्चा हो सकती है। यही रचनात्मक विपक्ष की पहचान होती है। संसद में बहस का उद्देश्य सरकार को घेरना भर नहीं, बल्कि कानून को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाना भी होता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि पेपर लीक केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौती है। जब तक भ्रष्ट नेटवर्क, तकनीकी कमजोरियां और प्रशासनिक लापरवाही समाप्त नहीं होगी, तब तक केवल दंड के डर से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। इसके लिए पारदर्शी परीक्षा प्रणाली, आधुनिक तकनीक, मजबूत निगरानी और जवाबदेह संस्थागत ढांचे की समानांतर आवश्यकता है। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय टास्क फोर्स का गठन इसी दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है, लेकिन उसकी सिफारिशों को भी शीघ्र लागू करना होगा। संसद में टकराव लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन जनहित के मुद्दों पर संवाद उससे कहीं अधिक आवश्यक है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष की सार्थक बातों को स्वीकार करे और विपक्ष का दायित्व है कि वह हंगामे से आगे बढ़कर ठोस सुझाव दे। कुल मिलाकर शिक्षा और युवाओं का भविष्य किसी भी दल की राजनीति से बड़ा विषय है। यदि सरकार और विपक्ष इस मुद्दे पर सहमति बनाकर एक मजबूत, पारदर्शी और भरोसेमंद परीक्षा व्यवस्था तैयार कर पाते हैं, तो यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी जीत होगी। संसद की गरिमा भी तभी बढ़ेगी, जब बहस का केंद्र राजनीति नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों का भविष्य बने। यही समय की सबसे बड़ी मांग है।



राजनीति
ओमकार चौधरी

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 केवल सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं, बल्कि राज्य की राजनीतिक दिशा और शासन मॉडल पर जनमत का महत्वपूर्ण फैसला होगा। 2022 में प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई आम आदमी पार्टी पहली बार अपने पांच वर्षों के कामकाज के आधार पर जनता के बीच जाएगी, जबकि कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल वापसी और विस्तार की रणनीति के साथ मैदान में होंगे। नशा, बेरोजगारी, कृषि संकट, कानून-व्यवस्था, बढ़ता कर्ज, उद्योग, निवेश और युवाओं का पलायन जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। ऐसे में मुकाबला केवल दलों का नहीं, बल्कि प्रदर्शन, विश्वसनीयता, नेतृत्व और भविष्य के विजन का भी होगा।


# पंजाब में बड़ी चुनावी चुनौतियां

पंजाब का अगला विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने या बचाने का चुनाव नहीं होगा, बल्कि यह राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला चुनाव साबित हो सकता है। 2022 में 117 में से 92 सीटें जीतकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी (आप) अब पहली बार अपने शासन के आधार पर जनता के सामने होगी। दूसरी ओर कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल तीनों सत्ता में आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। 2022 में आप को अभूतपूर्व जनादेश मिला था। अब मतदाता वादों के बजाय प्रदर्शन का मूल्यांकन करेगा। जो मुख्य चुनौतियां उसके सामने हैं, उनमें नशे की समस्या पर नियंत्रण कर पाई या नहीं कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष के लगातार हमले जारी हैं । राज्य ऋण बढ़ने और वित्तीय स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं । कृषि संकट का स्थायी समाधान न निकलने पर प्रश्न उठ रहे हैं । उद्योग एवं निवेश आकर्षित करने की चुनौती जस की तस बनी है । युवाओं को रोजगार के सपने दिखाए गए थे । उस दिशा में कोई ठोस स्टेप नहीं लिए गए । आप अपनी उपलब्धियों के रूप में सरकारी नौकरियों, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और भर्ती प्रक्रियाओं में सुधार जैसे मुद्दों को सामने रख रही है, जबकि विपक्ष आर्थिक प्रबंधन और प्रशासनिक प्रदर्शन पर प्रश्न उठा रहा है।

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा, लेकिन विधानसभा चुनाव अलग प्रकृति के होते हैं। उसकी प्रमुख चुनौतियों की बात करें तो मुख्यमंत्री का चेहरा कौन रहे, इसे लेकर आपस में ही लीडरशिप खींचातानी में उलझ गई है । सवाल यह है कि ऐसे में क्या पार्टी एक स्पष्ट नेतृत्व घोषित करेगी या चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी ? पंजाब कांग्रेस लंबे समय से विभिन्न नेताओं के बीच शक्ति-संघर्ष से प्रभावित रही है। यदि चुनाव तक संगठन पूरी तरह एकजुट नहीं हुआ तो इसका सीधा लाभ प्रतिद्वंद्वियों को मिल सकता है।

क्या भाजपा चौंका सकती है? यही सबसे रोचक प्रश्न है। भाजपा के पक्ष में जो बातें जाती हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता । केंद्र सरकार की योजनाएं। राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा । सीमा राज्य होने के कारण सुरक्षा विमर्। शहरी हिंदू मतदाता में अपेक्षाकृत मजबूत आधार । हाल के महीनों में भाजपा ने पंजाब में अभियान तेज किया है और स्वयं को आप का प्रमुख विकल्प बताने की कोशिश की है लेकिन उसके सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं । ग्रामीण सिख क्षेत्रों में उसके पास सीमित संगठन है । किसान आंदोलन के बाद जो दूरी बनी थी, उसे पाटने के लिए गंभीर पहल नहीं हो सकी है। स्वतंत्र रूप से 117 सीटों पर मजबूत स्थानीय नेतृत्व विकसित करना बड़ी चुनौती है । अकाली दल से अलग होने के बाद पारंपरिक वोटों का बिखराव भी एक बड़ी चुनौती है परंतु हरियाणा, बंगाल सहित कई जगह उसके अकेले मैदान में उतरने के फैसले काफी सकारात्मक रहे हैं । उसे फायदा भी मिला है ।

क्या भाजपा बंगाल जैसा प्रदर्शन कर सकती है ? इस प्रश्न का उत्तर सरल हां या नहीं में नहीं है। समानताएं क्या हैं? मजबूत केंद्रीय नेतृत्व। संसाधनों की उपलब्धता। संगठन विस्तार की रणनीति। विपक्ष की कमजोरी का लाभ लेने का प्रयास लेकिन पंजाब बंगाल नहीं है । पंजाब की राजनीति तीन विशिष्ट आधारों पर चलती है ।



सिख धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय अस्मिता। यहां राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक समीकरण अधिक निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसलिए भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ सकता है, सीटें भी बढ़ सकती हैं, लेकिन बंगाल जैसी छलांग लगाना अभी भी कठिन चुनौती माना जाएगा। क्या शिरोमणि अकाली दल वापसी कर सकता है? अकाली दल पंजाब की सबसे पुरानी क्षेत्रीय राजनीतिक शक्ति है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में किसान आंदोलन, भाजपा से अलगाव, संगठनात्मक कमजोरी, नेतृत्व पर प्रश्नऔर नए पंथिक समूहों को उभार ने उसके सामने कठिन चुनौतियां पेश कर दी हैं । इन सबने उसके आधार को कमजोर किया है। यदि अकाली दल अपनी पारंपरिक ग्रामीण-सिख राजनीति को पुनर्जीवित करता है और संगठनात्मक एकता स्थापित करता है, तो वह किंगमेकर की भूमिका में लौट सकता है। लेकिन पूर्ण बहुमत तक पहुंचना फिलहाल कठिन दिखाई देता है। हाल के समय में पंथिक राजनीति के भीतर नए धड़ों और गठबंधनों की गतिविधियां भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती हैं।

**पंजाब के वास्तविक चुनावी मुद्दे :** इस बार भावनात्मक मुद्दों से अधिक शासन और अर्थव्यवस्था पर ध्यान रहने की संभावना है। प्रमुख मुद्दों में नशा और ड्रग तस्करी, बेरोजगारी, कृषि संकट, एमएसपी और किसानों की आय, उद्योगों का पलायन, राज्य का बढ़ता कर्ज, कानून-व्यवस्था, गैंगस्टर नेटवर्क, सीमा सुरक्षा, युवाओं का विदेश पलायन, शिक्षा और स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक पारदर्शिता, पानी और भूजल संकट और नहर एवं सिंचाई व्यवस्था माने जा रहे हैं ।

**संभावित चुनावी नैरेटिव :** आम आदमी पार्टी दावा करेगी कि हमने व्यवस्था बदली। भ्रष्टाचार कम किया। शिक्षा और स्वास्थ्य को सुधारा। पुरानी पार्टियों से बेहतर शासन दिया। कांग्रेस कहेगी कि आप ने उम्मीदों पर खरा उतरने वाले प्रदर्शन नहीं किया। पंजाब को अनुभवी सरकार चाहिए। भाजपा का कहना होगा कि डबल इंजन से ही विकास संभव है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए इस सीमाब प्रांत में भी उसकी सरकार जरूरी है। वह निवेश और उद्योग लेकर आएगी। रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराएगी मजबूत प्रशासन देगी । अकाली दल कहेगा कि पंजाब को उसकी पहचान और संघीय अधिकार दिलाएगी। किसानों और सिख हितों की राजनीति करेगी। क्षेत्रीय दल ही पंजाब के हितों की बेहतर रक्षा कर सकता है ।

**2027 का चुनाव संभवतः** इन पांच सवालों पर केंद्रित होगा। क्या आप अपना जनादेश बचा पाएगी? क्या कांग्रेस फिर मुख्य विपक्ष से सरकार तक पहुंच पाएगी? क्या भाजपा पहली बार पंजाब में बड़ी शक्ति बन सकेगी? क्या अकाली दल अपनी ऐतिहासिक भूमिका पुनः प्राप्त करेगा? क्या चुनाव त्रिकोणीय रहेगा या चतुष्कोणीय? पंजाब का चुनाव इस बार केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि विश्वसनीयता बनाम उम्मीद, स्थानीय नेतृत्व बनाम राष्ट्रीय नेतृत्व, और शासन बनाम पहचान की राजनीति के बीच भी होगा। आप के लिए यह अपने शासन का जनमत-संग्रह होगा। कांग्रेस के लिए संगठन और नेतृत्व की परीक्षा, भाजपा के लिए विस्तार की चुनौती, और शिरोमणि अकाली दल के लिए अस्तित्व एवं पुनरुत्थान का संघर्ष। यदि चुनाव तक किसी दल ने राज्य के वास्तविक आर्थिक, कृषि और युवा-संबंधी मुद्दों पर विश्वसनीय रोडमैप प्रस्तुत किया, तो वही निर्णायक बढ़त बना सकता है। अभी के राजनीतिक संकेतों के आधार पर मुकाबला खुला है, और किसी एक दल की स्पष्ट बढ़त मान लेना जल्दबाज़ी होगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस
ऋषभ मिश्रा



# हेपेटाइटिस मुक्त भारत अब बने राष्ट्रीय संकल्प

भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां वायरल हेपेटाइटिस का बोझ अत्यधिक है। विडंबना यह है कि हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियों की रोकथाम और उपचार दोनों संभव हैं, फिर भी लाखों लोग इनके संक्रमण से अनजान हैं। यही कारण है कि हेपेटाइटिस को साइलेंट किलर भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में लगभग 4 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी और 60 लाख से 1.2 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-सी से दीर्घकालिक रूप से संक्रमित हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस-बी के लगभग 10 करोड़ और हेपेटाइटिस-सी के 3 करोड़ मरीज हैं। हेपेटाइटिस मूलतः यकृत (लीवर) की सूजन है, जो मुख्यतः वायरस के कारण होती है। हेपेटाइटिस-ए और ई प्रायः दूषित भोजन तथा पानी से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस-बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित उपकरणों तथा मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। हेपेटाइटिस-बी और सी का सबसे बड़ा खतरा यह है कि इनके लक्षण कई वर्षों तक दिखाई नहीं देते, लेकिन धीरे-धीरे ये लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकते हैं। वैश्विक स्तर पर स्थिति चिंताजनक है। 'डब्ल्यूएचओ' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया भर में लगभग 28.7 करोड़ लोग हेपेटाइटिस-बी या सी के साथ जीवन जी रहे थे और लगभग 13 लाख लोगों की मृत्यु इनसे संबंधित बीमारियों के कारण हुई। यह संख्या एचआईवी और मलेरिया जैसी कई अन्य संक्रामक बीमारियों के बराबर या उससे अधिक है। भारत में समस्या केवल संक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि पहचान और उपचार की कमी भी बड़ी चुनौती है। अधिकांश संक्रमित व्यक्तियों को यह पता ही नहीं होता कि वे वायरस के वाहक हैं। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक लीवर को गंभीर क्षति पहुंच चुकी होती है। विशेषज्ञों के अनुसार देश में करोड़ों लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग कभी जांच तक नहीं कराते। भारत की एक अन्य चुनौती स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता का अभाव है। ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी झुग्गियों में दूषित जल के कारण हेपेटाइटिस-ए और ई के प्रकोप समय-समय पर सामने आते रहते हैं। हाल के वर्षों में जलजनित रोगों के लाखों मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें हेपेटाइटिस-ए और ई भी शामिल हैं। इसके साथ ही असुरक्षित इंजेक्शन, अनियमित रक्त संक्रमण, टैटू बनवाने में अस्वच्छ उपकरणों का उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की कमी भी संक्रमण के प्रसार में योगदान देती है। कई बार सामाजिक कलंक और भय के कारण लोग जांच कराने से भी बचते हैं। परिणामस्वरूप संक्रमण अनजाने में परिवार और समाज में फैलता रहता है। वस्तुतः हेपेटाइटिस उन्मूलन केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए बहुस्तरीय रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले जन-जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। दूसरी ओर, गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य जांच और नवजात शिशुओं के समयबद्ध टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त रक्त बैंकों और स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण नियंत्रण के मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा। हेपेटाइटिस-सी के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाओं और हेपेटाइटिस-बी के दीर्घकालिक उपचार को अधिक सुलभ और किफायती बनाना भी आवश्यक है। डब्ल्यूएचओ का मानना है कि यदि वर्तमान वैज्ञानिक साधनों का व्यापक उपयोग किया जाए तो वर्ष 2030 तक हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में समाप्त किया जा सकता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि यह बीमारी केवल चिकित्सकीय समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। इसलिए हेपेटाइटिस के विरुद्ध लड़ाई में सरकार, चिकित्सा समुदाय, नागरिक समाज और आम जनता सभी की समान भागीदारी आवश्यक है। वस्तुतः भारत यदि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहा है, तो उसे अपने नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। हेपेटाइटिस जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से होने वाली मौतें किसी भी आधुनिक समाज के लिए स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। समय की मांग है कि जागरूकता को जनांदोलन बनाया जाए, जांच को सामान्य स्वास्थ्य संस्कृति का हिस्सा बनाया जाए, टीकाकरण को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और हेपेटाइटिस मुक्त भारत को अब राष्ट्रीय संकल्प बनाना होगा। तभी हेपेटाइटिस मुक्त भारत का लक्ष्य वास्तविकता बन सकेगा ।

( लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित
**दर्शन**

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। नाई और उस व्यक्ति के बीच में ऐसे ही बातें शुरू हो गई और वे लोग बातें करते-करते भगवान के विषय पर बातें करने लगे। तभी नाई ने कहा- मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा- बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? मैं ऐसे निर्दयी ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता जो इन सब की अनुमति दे। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा- क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। व्यक्ति ने कहा- नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा- अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा? व्यक्ति ने कहा- तुम बिल्कुल सही कह रहे हो, यही बात है। भगवान भी होते है लेकिन कुछ लोग भगवान पर विश्वास ही नहीं करते तो भगवान उनकी मदद कैसे करेंगे। विश्वास ही सत्य है!

## अंतर्मन




## आज की पाती

### इस्तीफा तो हो गया लेकिन क्या छात्रों को न्याय मिला?

कई दिनों के धरना-प्रदर्शन के बाद आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पहली नजर में इसे आंदोलन की बड़ी जीत और लोकतंत्र की सफलता के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न वही है, जो हर छात्र और अभिभावक के मन में है- क्या शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो गया? क्या इससे पेपर लीक की समस्या समाप्त हो जाएगी? क्या प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता लौट आएगी? क्या लाखों विद्यार्थियों की मेहनत अब बिना किसी भय के रंग लाएगी? इन सभी सवालों का उत्तर फिलहाल नकारात्मक दिखाई देता है। यही कारण है कि आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल एक मंत्री के इस्तीफे से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था में आने वाले वास्तविक सुधारों से किया जाना चाहिए। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### मेरा कोई रोल नहीं




पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने में मेरा कोई रोल नहीं है। ये दोनों प्रोजेक्ट केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हैं। वायरल वीडियो में एथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (ईबीपी) प्रोग्राम और ई-20 पहल से गलत तरीके से जोड़ा गया है। **-नितिन गडकरी,** केंद्रीय मंत्री

### क्या संदेश दे रही भाजपा



भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था, छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन चलाने के बावजूद प्रधान का काम सराहनीय था? अगर नहीं, तो यह सम्मान किसलिए है? और अगर हां, तो क्या भाजपा देश के युवाओं और छात्रों को यही संदेश देना चाहती है? **-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### सर्वोच्च बलिदान दिया



कैप्टन सौरभ कालिया, कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन मनोज कुमार पांडेय जैसे युवा अधिकारियों ने युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। कई सैनिक ऐसे थे, जिनकी उम्र 25 वर्ष भी नहीं थी, लेकिन उन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इतिहास उन्हें कभी नहीं भूलेगा। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र


### श्रमिकों के परिवारों को मदद



आज हमने सिक्किम हादसे में जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक मदद दी है। नौ परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इनमें से सात को होम गार्ड के तौर पर और दो को नागरिक स्वयंसेवक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल

## करंट अफेयर


# अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का कहर



अमेरिका के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में रविवार को लगातार दूसरे दिन भी भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी रहा। इस बीच, अमेरिका में चार करोड़ से अधिक लोग ऐसे क्षेत्रों में रह रहे हैं, जहां प्रशासन ने अत्यधिक गर्मी को लेकर चेतावनी जारी की हुई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) के अनुसार, 'हीट इंडेक्स' (मानव शरीर को वास्तव में महसूस होने वाला तापमान) 38 डिग्री सेल्सियस से काफी ऊपर दर्ज किया गया। इसका प्रभाव मिनेसोटा से लेकर मिसिसिपी तक और पश्चिम में दक्षिणी कैलिफोर्निया तथा नेवादा तक रहा। दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका के कुछ हिस्सों में तापमान 49 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका जताई गई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि यह भीषण गर्मी 'हीट डोम' के कारण पड़ रही है। इस स्थिति में उच्च वायुदाब किसी बड़े क्षेत्र के ऊपर एक गुंबद की तरह बन जाता है और गर्म हवा को बाहर निकलने नहीं देता। इससे तापमान बढ़ता जाता है और कई दिनों तक भीषण गर्मी बनी रहती है। नेब्रास्का के ओमाहा में बेघर लोगों के लिए काम करने वाले संगठन 'थ्रेशहोल्ड सीओसी' के आउटरीच प्रबंधक पीट मिलर ने रविवार को पानी की बोतलें वितरित करते हुए कहा, ''गर्मी असाधारण रूप से ज्यादा है।

## ऑफ बीट

# क्या बॉस का गाली देना अच्छी 'लीडरशिप' की निशानी है ?



कुछ लोगों की बातचीत में गाली-गलौज आम बात होती है। कार्यस्थल पर भी ऐसे लोग मिल जाते हैं और कई बार वे नेतृत्व की भूमिका में होते हैं। क्या गाली देने वाला बॉस बेहतर 'टीम लीडर' हो सकता है? सुनने में यह अजीब लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि सामने वाला व्यक्ति और उसकी टीम उस भाषा को किस तरह लेती है। शायद आपने भी ऐसे 'टीम लीडर' या 'मैनेजर' के साथ काम किया हो, जो कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते समय बीच-बीच में गाली-गलौज से परहेज नहीं करते हों या अपनी बात को सबसे स्पष्ट तरीके से रखने के लिए अक्सर अपशब्दों का सहारा लेते हैं। हालांकि, ऐसे व्यवहार पर सहकर्मियों की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती। कुछ लोगों को यह सहज और मजेदार लग सकता है, कुछ इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि कई लोग इसे खराब नेतृत्व, गैर-पेशेवर रवैया और पूरी तरह अनावश्यक मानते हैं। अध्ययन से पता चलता है कि गाली देने वाले बॉस के प्रति लोगों की राय केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उन्होंने क्या कहा, बल्कि इसपर भी निर्भर करती है कि सुनने वाला कौन है और वह किस देश या सामाजिक परिवेश में रहता है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि नेतृत्व करने का कोई एक ऐसा तरीका नहीं है, जिसे हर जगह ''सही'' माना जाए।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### खेत के पानी में डूबने से युवक की गई जान

**राजनांदगांव।** खेत के पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को मेडिकल कालेज पेंड्री भिजवाया है। मृतक की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लखोली गोविंद नगर के सामने खेत के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 30-35 वर्ष 25 जुलाई को दोपहर खेत के पानी में डूबने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने जब उसे देखा, तब इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। मृतक की शिनाख्ति का पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

### तेज रफ्तार बाइक, कार से टकराई, युवक की मौत

**महासमुंद।** जिले के नेशनल हाईवे-353 पर संजय कानन के पास बीते रविवार रात करीब 11 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब यू-टर्न ले रही कार से एक तेज रफ्तार बाइक जा टकराई। टक्कर इतनी अचानक थी कि बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। उसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की चपेट में आने से युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सलमान खान 34 वर्ष के रूप में हुई है, जो महासमुंद के वार्ड क्रमांक 8 के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह सोहम हॉस्पिटल के पास स्थित एक कार्यालय में किसी आवश्यक काम से जा रहे थे, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

# हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या घटकर 73,751

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में पिछले 7 महीने में लंबित प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। हाईकोर्ट के अनुसार इस दौरान लंबित प्रकरणों की संख्या में 2.53 प्रतिशत की शुद्ध कमी दर्ज की गई। विशेष रूप से उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस अवधि में निराकरण दर 106.21 प्रतिशत रही, जो यह दर्शाती है कि नए संस्थित प्रकरणों की तुलना में अधिक संख्या में पुराने लंबित प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

■ इस अवधि में निराकरण दर 106 .21 प्रतिशत रही

उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में कुल 75,667 प्रकरण लंबित थे। जनवरी, 2026 से 27 जुलाई 2026 तक 30,831 नए प्रकरण संस्थित हुए। इन प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 27 जुलाई 2026 तक कुल 32,747 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इससे 27 जुलाई 2026 की स्थिति में लंबित प्रकरणों की संख्या घटकर 73,751 हो गई।



### चीफ जस्टिस ने 19 दिन में 2111 प्रकरणों की सुनवाई की

उल्लेखनीय है कि ग्रीष्मावकाश के दौरान लंबित प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई थी। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपनी खंडपीठ में अधिक संख्या में प्रकरणों की सुनवाई की। 1 जुलाई से 27 जुलाई 2026 के मध्य मात्र 19 कार्य दिवसों में उन्होंने 2111 प्रकरणों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण कर न्यायिक कार्यों में गति प्रदान की।

# लोयला स्कूल को झटका, जमा करना होगा 20 लाख संपत्तिकर

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने लोयला स्कूल की याचिका खारिज करते हुए नगर निगम द्वारा लगाए गए 19,75,742 रुपए के संपत्तिकर की मांग को वैध ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर स्थित लोयला स्कूल धारा 12ए के तहत पंजीकृत होने का प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका। स्कूल प्रबंधन द्वारा पेश किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र कुनकुरी, जिला रायगढ़ स्थित मध्य प्रदेश जेसुइट्स के नाम पर है। दोनों संस्थाएं एक नहीं हैं, इसलिए बिलासपुर स्थित स्कूल उस प्रमाणपत्र के आधार पर संपत्तिकर में पूर्ण छूट का दावा नहीं कर सकता। मामले के अनुसार बहतराई क्षेत्र के नगर निगम सीमा में शामिल होने के बाद लोयला स्कूल भी संपत्तिकर के दायरे में आ गया। निगम ने स्कूल प्रबंधन को स्वनिर्धारण प्रस्तुत करने कहा। स्वनिर्धारण जमा करने के बावजूद कर का भुगतान नहीं किया गया। इसके बाद निगम ने 6 अगस्त और 2 सितंबर 2021 को नोटिस जारी कर 19.75 लाख रुपए संपत्तिकर जमा करने को कहा।

■ धारा 12ए के तहत पंजीकरण का प्रमाण नहीं दे सका स्कूल प्रबंधन



### कोर्ट ने निगम की कार्रवाई को उचित ठहराया

स्कूल प्रबंधन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि वह धर्मार्थ एवं अल्पसंख्यक शिक्षण संस्था है और धारा 12ए के तहत पंजीकृत होने के कारण उसे संपत्तिकर में छूट मिलनी चाहिए। वहीं नगर निगम ने तर्क दिया कि धारा 12ए का प्रमाणपत्र बिलासपुर के लोयला स्कूल के नाम पर नहीं, बल्कि कुनकुरी की संस्था के नाम जारी है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि धारा 12ए के तहत पंजीकृत शिक्षण संस्थाओं को ही पूर्ण छूट का लाभ मिल सकता है। अन्य संस्थाओं को नियमानुसार अधिकतम 50 प्रतिशत तक छूट दी जा सकती है। कोर्ट ने निगम की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी।

## समस्या : बिजली विभाग के दावों की खुली पोल; पेयजल आपूर्ति ठप

# बारिश से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 100 से ज्यादा गांवों में 10 घंटे से छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के साथ ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दोपहर 1 बजे से खबर लिखे जाने तक पिछले 10 घंटों से मैनपुर नगर सहित आसपास के 100 से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। लगातार बिजली बंद रहने के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है। इससे लोगों को पेयजल संकट के साथ-साथ कई अन्य दैनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कब तक बहाल होगी, इसकी सही जानकारी देने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं है। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही बिजली विभाग के मेंटेनेंस और व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है।

■ भीषण बारिश के बावजूद जंगल में पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी



### बिजली आपूर्ति बहाल का प्रयास जारी

मामले में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी शेखर चौधरी ने बताया कि विभाग के कर्मचारी लगातार स्थिति को सुधारने में लगे हुए हैं। चूंकि क्षेत्र मुख्य रूप से जंगलों से घिरा है और तेज बारिश हो रही है, इसलिए फॉल्ट ढूंढने और तारों की मरम्मत करने में कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास जारी है।



दूसरी ओर, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बिजली विभाग के मैदानी कर्मचारी व्यवस्था दुरुस्त करने में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। भारी बारिश के बीच कर्मचारी लगातार लाइन पेट्रोलिंग कर रहे हैं। हालांकि, क्षेत्र घने जंगलों से घिरा होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कई स्थानों पर पेड़ की टहनियाँ गिरने से बिजली के तार टूट गए हैं, तो वहीं कुछ जगहों पर गंभीर तकनीकी खराबी आ गई है।

# पत्नी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर की शराबी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स.लोहारा

जिले के स. लोहारा थाना क्षेत्र में गत 26 जुलाई को सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सुलझा ली। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की हत्या उसकी पत्नी और उसके चचेरे भाई ने मिलकर की थी।

प्रारंभिक जांच के अनुसार पारिवारिक विवाद और पति की अत्यधिक शराबखोरी से परेशान पत्नी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। सहसपुर लोहारा पुलिस के अनुसार ग्राम बासिनझोरी निवासी तुलेश साहू ने 26 जुलाई की सुबह थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता महेश साहू का शव बानो रोड स्थित एक दुकान के पास पड़ा हुआ है।

शव के सिर, हाथ और पैरों पर गंभीर चोटों के निशान तथा घटनास्थल की परिस्थितियों को



देखकर हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा ने फॉरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया।

घटनास्थल से खून लगा पत्थर सहित अन्य साक्ष्य जब्त किए गए और अलग-अलग टीम गठित कर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। पूछताछ के दौरान मृतक की पत्नी नीता साहू के बयान में कई विरोधाभास सामने आए। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

### शराबखोरी और पारिवारिक विवाद बना वजह

पुलिस के अनुसार आरोपी पत्नी ने पूछताछ में बताया कि उसका पति महेश साहू लंबे समय से अत्यधिक शराब का सेवन करता था और आए दिन विवाद करता था। घटना वाले दिन भी शराब के लिए पैसे मांगने और रास्ते में शराब पिलाने की जिद को लेकर विवाद बढ़ गया। इसी दौरान गुस्से में आकर पत्नी ने अपने चचेरे भाई की मदद से पति की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।



## ग्रेटा थनबर्ग ने किया भारतीय छात्र आंदोलन का समर्थन

# यह लोकतंत्र और न्याय के लिए हम सबकी लड़ाई

एजेंसी ▶▶ लंदन

लंदन में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने भारतीय छात्रों के आंदोलन के प्रति अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। शिक्षा व्यवस्था की धांधलियों और नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में चले इस 36 दिवसीय आंदोलन को उन्होंने जनता की ताकत का एक ऐतिहासिक उदाहरण करार दिया। ग्रेटा थनबर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय छात्रों की न्याय की लड़ाई केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे पूरी दुनिया के लोगों की साझा लड़ाई है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने दुनिया भर के लोगों को उम्मीद दी है और यह साबित किया है कि जब लोग एकजुट होकर खड़े होते हैं तो वे बड़ी से बड़ी व्यवस्था को बदलने की ताकत रखते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आह्वान किया कि वे भारत के छात्रों और नागरिकों के समर्थन में एकजुट हों।

यह आंदोलन नीट पेपर लीक और शिक्षा प्रणाली की कमियों के खिलाफ 20 जून से शुरू हुआ था, जो 20 जुलाई को प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई के बाद और अधिक उग्र हो गया। इस आंदोलन को सोनम वांगचुक जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न छात्र संगठनों का भी व्यापक समर्थन मिला। 36 दिनों तक चले इस अभूतपूर्व जन-विरोध के दबाव में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा।

*थनबर्ग ने आंदोलन को जनता की ताकत और लोकतंत्र की लड़ाई बताया*

*छात्रों की मौत और पुलिस बर्बरता पर एसएफआई ने दुख व्यक्त किया*

### जीत को बताया प्रेरणादायक




सरकार द्वारा आंदोलनकारियों की बची हुई मुख्य मांगों को स्वीकार करने के बाद सीजेपी ने शनिवार को अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। सरकार ने नीट मामले से जुड़ी घटनाओं के कारण जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को उचित मुआवजा देने और प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर वापस लेने की सहमति जताई है। हालांकि, एसएफआई यूके ने इस आंदोलन को ऐतिहासिक जीत और प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि नीट मामले में जान गंवाने वाले 21 छात्रों की मौत और पुलिस बर्बरता का दुख आज भी कायम है। संगठन का मानना है कि यद्यपि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे से एक पड़ाव पार कर लिया गया है, लेकिन शिक्षा में पारदर्शिता और छात्रों के अधिकारों की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

## वाहन आरसी पर सरकार लाई मसौदा

# 6 महीने तक आरसी ट्रांसफर नहीं तो डीलर होगा मालिक!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारत में वाहन पंजीकरण प्रक्रिया में केंद्र सरकार ने एक नए नियम का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत यदि कोई खरीदार वाहन खरीदने के 6 महीने के भीतर औपचारिक रूप से मालिकाना हक का ट्रांसफर पूरा नहीं करता है, तो उस वाहन का मालिकाना हक खुद-ब-खुद डीलर के नाम पर ट्रांसफर हो जाएगा। यह कदम भारत के वाहन बाजार में अक्सर देखी जाने वाली उस लापरवाही को खत्म करने के लिए उठाया गया है। जहां खरीदारी के बाद लंबे समय तक आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) ट्रांसफर नहीं कराई जाती है और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) रिकॉर्ड में कानूनी देनदारियों का बोझ पुराने मालिक या डीलर पर ही बना रहता है।

## 'विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम'

# 'सीमावर्ती गांव विकसित भारत की नींव, युवा जुड़ें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं से भारत के सीमावर्ती गांवों से अपना जुड़ाव मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा है कि विकसित गांव ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवा विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत ही नहीं, बल्कि उसके सबसे बड़े लाभार्थी भी हैं। जब युवाओं की ऊर्जा राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान और राष्ट्र निर्माण में लगती है, तो देश का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनता है। प्रधानमंत्री आज 'विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम' के प्रतिभागियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दौरान देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित 400 से अधिक युवाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मेरा युवा भारत (माय भारत)' मंच के माध्यम से युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब युवा देश की जमीनी वास्तविकताओं को समझते हैं और समाज से सीधे जुड़ते हैं, तो समावेशी विकास की यात्रा और अधिक मजबूत होती है।



### वाइब्रेंट विलेज का उद्देश्य

पीएम मोदी ने कहा कि विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सीमावर्ती गांवों तक ले जाना, वहां के लोगों के जीवन, संस्कृति, चुनौतियों और विकास की संभावनाओं से परिचित कराना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को युवाओं का जबरदस्त समर्थन मिला। इसमें लगभग तीन लाख युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 400 से अधिक प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती गांवों के लोगों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद हमेशा अद्भुत देशभक्ति का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सीमावर्ती गांवों को अब 'देश के पहले गांव' के रूप में देखने की नई सोच अपनाई है। इसी दृष्टिकोण के कारण इन गांवों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आजादी के दशकों बाद पहली बार अनेक गांवों तक सड़क, बिजली और नल से जल जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंची हैं।

## संत गुरु रविदास जी के 650वें प्रकट उत्सव के अवसर पर होगा कार्यक्रम

# देशव्यापी 'समरसता संकल्प अभियान' चलाएगी भाजपा

## वाराणसी से 131 पवित्र कलश पूरे देश में भेजे जाएंगे, 51,000 मंदिरों में होगा दीपोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ और दुष्यंत कुमार गौतम ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संत गुरु रविदास जी के 650वें प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक देशव्यापी 'संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज समरसता संकल्प अभियान'चलाने की घोषणा की। गौतम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संत गुरु रविदास जी से जुड़े स्थलों के विकास और उनके सम्मान के लिए की गई पहलों का भी उल्लेख किया। श्री तरुण चुघ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास जी के समरसता, सामाजिक समानता और जनजागरण के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी की जन्मस्थली, वाराणसी से 131 पवित्र कलश पूरे देश में भेजे जाएंगे और 21,000 स्थानों पर कलश वंदन, पूजा एवं समरसता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 51,000 मंदिरों में दीपोत्सव, देशव्यापी यात्राओं और संत संपर्क अभियान के माध्यम से संत गुरु रविदास जी का समरसता संदेश जन-जन तक पहुंचेगा।

### देशभर में आयोजित होंगे कार्यक्रम

इसके बाद यह यात्रा सभी राज्यों से होते हुए देश के हर जिले तक पहुंचेगी। देशभर के 21000 स्थानों पर कलश वंदन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लगभग 10 सितंबर तक यह पावन मिट्टी देश के हर गांव, हर बस्ती, हर मोहल्ले, हर मंडल, हर शहर और भारत के हर कोने तक पहुंचाई जाएगी। 29 जुलाई की मध्यरात्रि को देश के 51,000 मंदिरों और विभिन्न समाजों के मंदिरों में संत गुरु रविदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

### भाजपा मुख्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस

भारतीय जनता पार्टी के नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को 27वां कारगिल विजय दिवस समारोह पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस गौरवशाली अवसर पर देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के परिवारों और बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी, पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल दीपक कपूर, पूर्व वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया, कारगिल युद्ध में वीर चक्र से सम्मानित शहीद कैप्टन विजयंत थापर के पिता वीएन थापर, कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती रश्मि मिश्रा और सह-संयोजक मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने 27वें कारगिल विजय दिवस अवसर आयोजित समारोह को संबोधित किया और वीर सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सैन्य शौर्य को नमन किया।

## विजय को मद्रास हाईकोर्ट से झटका

# करूर भगदड़ पीड़ित परिजनों को नौकरी देने पर लगाई रोक

**मामला जांच के दायरे में सुप्रीम कोर्ट निगरानी कर रहा**





एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै पीठ ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने राज्य सरकार के उन सरकारी आदेशों (जीओ) को रद्द कर दिया, जिनके तहत भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी देने का फैसला लिया गया था। यह आदेश करूर भगदड़ पीड़ितों के परिवारों के पुनर्वास पैकेज का हिस्सा था। अदालत ने इस मामले में दायर जनहित याचिकाओं (पीआईएल) का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने कहा कि करूर भगदड़ मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है और इस जांच की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है, इसलिए वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं करेगी।

### 10 जुलाई को नियुक्ति पत्र सौंपे थे

सीएम विजय ने 10 जुलाई को सीएम बनने के बाद पहली बार करूर का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सितंबर 2025 की करूर भगदड़ से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास कार्यक्रम की शुरुआत की थी। सीएम ने जान गंवाने वाले 41 लोगों के परिवारों में से 32 पात्र सदस्यों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे थे। राज्य सरकार ने प्रत्येक प्रभावित परिवार के एक पात्र सदस्य को सरकारी नौकरी देने का फैसला किया था। करूर दौरे के दौरान सीएम विजय ने जिला कलेक्टर कार्यालय में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की थी और उनकी समस्याएं सुनी थीं। इसके बाद उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को भी संबोधित किया।

**पहले बात की, फिर मार दी गोली**

# कनाडा में टारगेट अटैक में हुई भारतीय मूल की युवती की हत्या

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा के टोरंटो में भारतीय मूल की 26 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गई। पुलिस का कहना है कि यह एक टारगेटेड हमला था। मृतक की पहचान नवनीत कौर के रूप में हुई है। उसे हम्बरवुड बुलेवार्ड और रेक्सडेल बुलेवार्ड के पास गोली मारी गई। उसे तुरंत मेडिकल मदद दी गई लेकिन मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। टोरंटो पुलिस ने कौर की हत्या के मामले में ब्रैम्पटन के एक 37 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान शरणजीत सिंह के तौर पर हुई है। उस पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर और अंडरटेकिंग का पालन न करने का आरोप लगाया गया है। टोरंटो पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:23 बजे (ईएसटी) उन्हें गोली चलने की सूचना मिली, जिसके बाद उनके अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें कौर गोली लगी हालत में मिली। सीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत मेडिकल मदद दी गई और जान बचाने की कोशिशें भी की गईं लेकिन मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया।



मृतक नवनीत कौर

### आरोपी ने पहले महिला का पीछा किया

एक चश्मदीद ने बताया कि वे बाहर सुबह की कॉफी पी रहे थे तभी उन्होंने पीड़ित महिला को हम्बरवुड पर पूरब की ओर जाते देखा। फिर उन्होंने एक आदमी को उस महिला के पीछे-पीछे जाते देखा।गवाह ने बताया कि संदिग्ध ने पीड़िता से कुछ कहा, जिससे वह पीछे मुड़ी। थोड़ी बातचीत के बाद उस आदमी ने उसे एक गोली मारी और फिर बंदूक लेकर भाग गया। ऐसा नहीं लग रहा था कि वे दोनों व्यक्ति बहस कर रहे थे। पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें लगता है कि कौर की हत्या एक टारगेटेड हमला थी और अब कोई संदिग्ध नहीं बचा है।

## भारतीय छात्रों के वर्क परमिट रिजेक्शन का मामला

# नियम तोड़े तो होगी सख्त कार्रवाई आईआरसीसी ने दिया स्पष्टीकरण

**पढ़ाई के दौरान हफ्ते में 24 घंटे ही काम करने की अनुमति**

एजेंसी ▶▶ ओटावा




कनाडा में भारतीय छात्रों के वर्क परमिट रिजेक्ट होने के मामलों के बीच इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी ) ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। आईआरसीसी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि पढ़ाई के दौरान कार्य नियमों का उल्लंघन करने पर छात्रों को गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए जारी बयान में इमिग्रेशन अथॉरिटी ने स्पष्ट किया कि छात्रों को केवल उनके स्टडी परमिट में तय शर्तों के आधार पर ही काम करने की अनुमति है। वर्तमान नियमों के अनुसार, पढ़ाई के दौरान छात्र हफ्ते में अधिकतम 24 घंटे ही काम कर सकते हैं। अथॉरिटी ने कहा कि बिना आधिकारिक अनुमति के पार्ट-टाइम काम करना भी इमिग्रेशन कानूनों का उल्लंघन माना जाएगा। आईआरसीसी ने साफ किया कि नियमों की अनदेखी करने पर भविष्य में वर्क परमिट रद्द किया जा सकता है, कनाडा में प्रवेश के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है या देश से बाहर भी निकाला जा सकता है।

यह विवाद तब गहराया जब कैलगरी स्थित पोर्टेज कॉलेज के कई भारतीय छात्रों के वर्क परमिट खारिज हो गए, जिसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस पर कॉलेज ने छात्रों को कानूनी सलाह लेने की सिफारिश की है और कहा कि वे अथॉरिटी से इस विषय पर लगातार संपर्क में हैं। आईआरसीसी ने सभी विदेशी छात्रों से केवल आधिकारिक गाइडलाइंस का पालन करने की अपील की है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-891)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- कंप्यूटर ऑपरेटर -2, जिसे PMJAY ( प्रधानमंत्री जन आरोग्य) सॉफ्टवेयर में एंट्री करना आता हो आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.(आरो-556)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल काम हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है । जो गाड़ी लोड- अनलोड कर सके । वेतन 12000/- समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक पता- सुहागा मंदिर ब्राहमण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. 9826182338. (आरो-A)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- रिसर्च बेस आयुर्वेदिक दवाईयों के प्रमोशन हेतु छत्तीसगढ़ के सभी तहसील स्तर मे डाक्टर्स, नर्स, मेडिकल प्रोफेशनल की आवश्यकता है :- सेलरी + कमीशन २००००/- से- ५००००/- 91657-33916, 97135-17535. (आरो-418)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन 11,000 रूपये प्रतिमाह, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767. (आरो-099)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़कों की पार्ट टाइम वाले भी संपर्क कर सकते हैं संपर्क:- कृष्णा कलेक्शन मेन रोड तेलीबांधा रायपुर मोबाइल 9977737197.(आरो-285)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित रियल स्टेट कंपनी में भिलाई कैलाशनगर लोकेशन हेतु, साइट सुपरवाइजर की आवश्यकता है, 10 वी पास एवं अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- 8898306907, 9617391190, 9713399992.(आरो न.-319)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**कुक**

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए महिला की आवश्यकता हैं । समय: 24 घंटे (रहकर कार्य करने हेतु) आयु : 35 से 60 वर्ष तक स्थान: गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई वेतन: 12,000 प्रतिमाह, संपर्क करें: 9826708233.(आरो नं.-SPD/0066)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को( उम्र 18 से 35 )की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर ( मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

**बाई**

आवश्यकता है-ज्योति ऑप्टिकल पोटिया में साफ सफाई हेतु बाई की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 9:30 से रात्रि 9:00 तक, मिले दोपहर 12 से 1:00 बजे ज्योति ऑप्टिकल कंपनी कचहरी रोड दुर्ग (आरो- 1333)

**टेलीकालिंग/ मार्केटिंग**

आवश्यकता है- टेली कालिंग कार्य हेतु 2 फीमेल, एवं घर बैठे मार्केटिंग हेतु मेल - फीमेल चाहिए पार्ट / फुल टाइम सेलरी 6000 से 9000 संपर्क: मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो भारतमाता चौक गुड़ियारी रायपुर संपर्क करें- 9039321951, 7879044266. (आरो- Adit.)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- होलसेल रेडीमेड कपड़ो की दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन,पुरूष एंव महिलाकर्मी संपर्क करें राजेश होजियरी रेमंड शॉप के पीछे मेन रोड पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201. (आरो-289)

**For Rent किराया**

किराये से देना है - डोमिटरी हेतु रेंट पर उपलब्ध स्टेशन रोड, सत्कार गली, रायपुर रेलवे स्टेशन के पास। संपर्क करें- 7978442848. (आरो-807)

**Property प्रापर्टी**

बेचना है/ किराए में देना है- पचपेड़ी नाका, लक्ष्मी नगर में लगभग 8500 वर्ग -फुट का प्लाट 4000 वर्ग- फुट बना हुआ ग्राउंड + 4 फ्लोर बनी हुई बिल्डिंग बेचना है, या किराए से देना है। होटल, हॉस्टल, बैंक एवं कॉपरेट ऑफिस के लिए उपयुक्त संपर्क करें:- 8959906595.(आरो-7354)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर -(50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 9311830460. (आरो-4305)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध। बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन। 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें। डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा। संपर्क:- 7988465321, 7988465321. (आरो-048)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरो-4157)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## जैकेट के शेष

### छग की बेटी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में ...

एंड जर्क में एंट्री की, जहां वो नाइजीरिया की ओनोम दिदीह से पीछे दूसरे स्थान पर रहीं। कनाडा की रेबेका कोलवस ने 178 किग्रा वजन उठाकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। बता दें कि छत्तीसगढ़ पुलिस में सहायक उप-निरीक्षक के रूप में कार्यरत, ज्ञानेश्वरी ने अपने खेल करियर और जनसेवा के बीच बेहतरीन संतुलन बनाया है। इसके साथ ही हल्के वजन वर्ग में भारत की अग्रणी भारोत्तोलकों में खुद को स्थापित किया है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 से पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके शानदार प्रदर्शन में बहरीन में हुए 2024 विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पांचवां स्थान शामिल है। उन्हें 2025 में छत्तीसगढ़ के सर्वोच्च खेल सम्मान गुंडाधूर सम्मान से अलंकृत किया गया था। **ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा वर्ग में खुद को ढाला:** छत्तीसगढ़ की रहने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने कम उम्र में ही वेटलिफ्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। ज्ञानेश्वरी सबसे पहले घरेलू चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले प्रदर्शनों के माध्यम से राष्ट्रीय सुर्खियों में आईं, जिसके बाद उन्हें भारतीय टीम में नियमित रूप से खेलने का अवसर मिला। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा वजन श्रेणियों के पुनर्गठन के बाद उनकी प्रगति और तेज हो गई और छत्तीसगढ़ की इस भारोत्तोलक ने महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में खुद को जल्दी ढाल लिया। उन्होंने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में प्रभावित किया और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में लगातार अपने कुल वजन में सुधार किया। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों से पहले, वह क्वालिफिकेशन टोटल के आधार पर महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में योग्य राष्ट्रमंडल भारोत्तोलकों में नंबर 1 रैंक पर थीं, जिससे वह भारत की सबसे मजबूत पदक उम्मीदों में से एक बन गईं।

### 5 से 10 साल की कैद, छत्तीसगढ़ समेत ...

है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने या अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों को कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल तक के कारावास तथा 50 लाख रुपए तक के जुर्माने की सजा हो सकती है।

### महिला आयोग में टसल, अध्यक्ष ने ...

नहीं है। अगर आयोग के किसी भी फैसले को लेकर किसी भी तरह से परेशानी है, तो इसको सिर्फ और सिर्फ हाईकोर्ट में चुनौती दी जा सकती है। महिला आयोग की ममता साहू को नया अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने आयोग के दफ्तर में आज कुछ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, पूर्व अध्यक्ष किरणमयी नायक के कार्यकाल के अंतिम दो-तीन माह के कार्यकाल में कई मामलों को रफा-दफा करने का काम किया गया है। ऐसे में इन मामलों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी।

### अधिकार ही नहीं : किरणमयी ...

के सामने रखनी पड़ती है। उन्होंने कहा, आयोग के अध्यक्ष का कोई भी आदेश सिविल कोर्ट की प्रक्रिया से होता है। ऐसे में इसको हाईकोर्ट में ही चुनौती दी जा सकती है। राजनीतिक रूप से कुछ भी बोलने से कुछ नहीं होता है।

### सीजी कर्मचारी चयन मंडल की भर्ती ...

बार संबंधित समूह में शामिल किया गया है। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी और अनुरेखक पद की पात्रता एवं परीक्षा व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। नई व्यवस्था के अनुरूप आगामी भर्ती परीक्षाओं में संशोधित पात्रता और परीक्षा प्रणाली लागू होगी।

**अनुरेखक पद की योग्यता में बदलाव:** समूह-6 के अनुरेखक पद के लिए भी नई शैक्षणिक योग्यताएं निर्धारित की गई हैं। अब ड्राइंग विषय के साथ 10+2, हायर सेकेंडरी (तकनीकी), सर्वेयर का व्यावसायिक शिक्षुता प्रमाणपत्र अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से मानचित्रकला (ड्राफ्ट्समैनशिप) का प्रमाणपत्र रखने वाले अभ्यर्थी पात्र होंगे। इस पद पर भी भाग-'अ' (कॉमन) और भाग-'ब' (संकाय विशिष्ट) परीक्षा होगी।

**सीजी व्यापम की जगह बना कर्मचारी चयन मंडल:** हाल ही में छत्तीसगढ़ में सरकारी भर्ती व्यवस्था में बड़ा संस्थागत बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल का गठन किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापम) का इस नए मंडल में विलय कर दिया गया है। इसका उद्देश्य तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्तियों को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और एकीकृत बनाना है।

**क्यों पड़ी नए मंडल की जरूरत?:** वर्ष 2005 से सीजी व्यापमं विभिन्न विभागों की भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता था। समय के साथ अलग-अलग विभागों द्वारा अलग-अलग नियमों और प्रक्रियाओं से भर्ती होने के कारण परीक्षा कैलेंडर, चयन प्रक्रिया और परिणामों में असमानता की स्थिति बनती रही। इन समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल विधेयक, 2026 पारित कर नया वैधानिक निकाय गठित किया।

# 'अमेरिका के पास हथियारों की कोई कमी नहीं' ट्रंप ने ईरान को फिर दी धमकी

## खार्ग आइलैंड पर अटैक की एआई तस्वीर की शेयर

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ तनाव के बीच अमेरिका के हथियार खत्म नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार हैं, जरूरत से भी ज्यादा।' ट्रम्प का यह बयान उन मीडिया रिपोर्ट्स के बाद आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान के साथ लगातार टकराव की वजह से अमेरिका के पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार घट रहा है। बयान के तुरंत बाद ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कई एआई तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में ईरान के सबसे बड़े तेल निर्यात केंद्र खार्ग आइलैंड पर हवाई हमला दिखाया गया। इसके साथ उन्होंने लिखा- 'स्ट्राइक ऑन खार्ग'। इसके बाद उन्होंने कुछ और एआई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें एक ईरानी तेल टैंकर पर अमेरिकी झंडा नजर आ रहा है। एक दूसरी तस्वीर में जहाज को उड़ता हुआ दिखाया गया, जिसके साथ लिखा था- 'नो मोर इंजन्स'।



**ईरान में लोग कर्ज में डूबे :** ईरान में बढ़ते इलाज के खर्च के कारण बड़ी संख्या में लोग अब कर्ज लेकर अपना इलाज कराने को मजबूर हैं। ईरानी मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इलाज का खर्च लोगों की कमाई की तुलना में ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। अब कई ईरानियों को इलाज के लिए पैसे उधार लेने, इलाज टालने या अस्पतालों और क्लीनिकों में बिल कम कराने की कोशिश करनी पड़ रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि इलाज शुरू होने से पहले मरीजों को डॉक्टर की सलाह नहीं, बल्कि कर्ज, किस्तों में भुगतान या डिस्काउंट की पेशकश की जा रही है।

## हमले रुकने के बाद ट्रंप से मुलाकात करेंगे नेतन्याहू

**काहिरा।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंगलवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका ने लगातार दूसरे दिन रविवार को ईरान पर अपने हमले रोक दिए, वहीं तेहरान ने भी कहा कि उसने भी जवाबी कार्रवाई फिलहाल रोक दी है। नेतन्याहू ने रविवार को 'फॉक्स न्यूज' से कहा कि वह ट्रंप के उन प्रयासों का 'पूरी तरह समर्थन' करते हैं जिनका उद्देश्य ईरान को कमजोर करना और उसके परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए दबाव बनाना है। उन्होंने कहा, 'यदि वह बिना दोबारा बड़े सैन्य संघर्ष के यह लक्ष्य हासिल कर सकते हैं, तो इसमें बुराई क्या है।



## सेना ने दिखाई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में युद्धक क्षमता

**द्रास/जम्मू।** कारगिल विजय दिवस समारोह के तहत भारतीय सेना ने लद्दाख के द्रास सेक्टर में एक प्रत्यक्ष परिचालन प्रदर्शन और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी परिचालन तैयारियों, तकनीकी नवाचार और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में युद्धक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इसके तहत सेना की छोटी टीम अवधारणा और ड्रोन एवं 'रिमोटली पायलटिड एरियल सिस्टम' (आरपीएएस) के इस्तेमाल को प्रदर्शित किया गया। इसमें चुनौतीपूर्ण पर्वतीय इलाकों में युद्ध अभियानों के दौरान उन्नत तकनीकों के एकीकरण को रेखांकित किया गया। 'फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स' ने 'एक्स' पर कहा, 'सत्ताईसवें कारगिल विजय दिवस समारोह के तहत भारतीय सेना ने मतायेन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए परिचालन क्षमता प्रदर्शन और स्थिर प्रदर्शनी आयोजित की जिसमें उसकी युद्धक तैयारी, तकनीकी नवाचार और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में परिचालन क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया।'

## पेज एक के शेष

### दोगुनी से ज्यादा महंगी...

महंगा दाम वसूला जा रहा है। जानकारी के अनुसार एक बोरी यूरिया का दाम 266 रुपए निर्धारित है, जिसे दुकानदार 600 रुपए में बेच रहे हैं। डीएपी का दाम 1350 रुपए है, जिसे 1850 रुपए में बेचा जा रहा है। पहले से खेती की लागत बढ़ी हुई है, ऐसे में खाद में महंगाई किसानों की कमर तोड़ रही है। किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों में कम मात्रा में खाद दिया जा रहा है। इस कमी को पूरा करने के लिए उन्हें मार्केट से खाद लेना पड़ रहा है।

### 700 रुपए महंगे दाम में...

कीमत से ज्यादा दाम वसूलने और स्टॉक रजिस्टर में गड़बड़ी मिलने पर दुकानदारों पर थाने में मामले दर्ज किए गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले कई विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित या रद्द किए जा रहे हैं। बस्तर जिले के कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जिले के 28 खाद दुकानों पर खाद बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### सोसायटी और बाजार में खाद...

खाद लेकर खेती करते हैं और बाद में धान उपार्जन के दौरान समिति में धान बेचने पर खाद की राशि उनके भुगतान से समायोजित कर ली जाती है। इससे किसानों को तत्काल नकद भुगतान नहीं करना पड़ता।

### दोगुने दाम पर बेच रहे खाद...

फैक्टरी सील कर संचालक वरुण त्रिपाठी पर एफआईआर दर्ज करवाई गई। मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र पाटन के संचालक रूपेश कश्यप और मेसर्स ऋषभराज फर्टिलाइजर कुम्हारी के विरुद्ध कीटनाशक की जब्ती कर संबंधित थाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

**इस तरह दोगुने दाम पर बेचे जा रहे हैं खाद :** पाटन के एक कृषि केंद्र में एनपीके के दाम 2000 रुपए और यूरिया 500 प्रति बोरी बताया गया, जबकि यूरिया के सरकारी दाम प्रति बोरी 266 रुपए और 20.20.13 एनपीके प्रति बोरी 1300 रुपए है। इस तरह लगभग दोगुने दाम पर यहां खाद बेची जा रही है।

### रायपुर समेत 16 जिलों में ...

मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा सरायपाली तहसील में 775.4 मिलीमीटर दर्ज की गई।

### बाइक के साथ बह गया...

रितेश दीप पिता सुरेंद्र ग्राम भूतिया निवासी को बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया।

### स्कूल में पानी भरा मध्यान्ह ...

माध्यमिक शाला का परिसर पूरी तरह जलमग्न हो गया है, जिससे विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने और पढ़ाई करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बारिश के कारण स्कूल परिसर में पानी भर जाने से छात्र-छात्राओं को कक्षाओं तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चे भरे हुए पानी के बीच ही बर्तन धोने को मजबूर हैं।

### गया था मछली पकड़ने...

स्वस्थ है, उसे किसी तरह की कोई तकलीफ नहीं है। सारंगढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से नदी-नाले पूरे उफान पर हैं। रविवार को लात नाले में जहां एक कार पानी में बह गया था। वहीं एक 70 वर्षीय बुजुर्ग घटोरा निवासी बालमुकुंद बरिहा बाढ़ की चपेट में आ गया था। वह टापू के पास मछली पकड़ने गया था। उसी दौरान अचानक से दोनों छोर से वहां पानी का बहाव तेज हो गया और बुजुर्ग फंस गया।

### आरबीआई ने राजनांदगांव ...

आरबीआई के अनुसार, 31 मार्च 2025 की वित्तीय स्थिति के आधार पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने बैंक का सांविधिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन से जुड़े तथ्य सामने आए। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया कि उसके खिलाफ मौद्रिक दंड क्यों न लगाया जाए।

### तीन शहरों में सर्वे, स्मार्ट मीटर...

कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगे घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली की खपत का तीन माह का तुलनात्मक अध्ययन कराया है। मई, जून और जुलाई 2026 की खपत के विश्लेषण में यह सामने आया कि अधिकतर उपभोक्ताओं की बिजली खपत जुलाई में कम हुई है। राजधानी के 3 लाख 11 हजार 374 घरेलू स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के अध्ययन में 1 जून से 26 जून 2026 के दौरान कुल बिजली खपत लगभग 10.85 करोड़ यूनिट दर्ज की गई थी, जबकि 1 जुलाई से 26 जुलाई 2026 के दौरान यह घटकर लगभग 7.77 करोड़ यूनिट रह गई। खपत में 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यदि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने वाले उपभोक्ताओं की बात करें, तो 1 लाख 21 हजार 135 उपभोक्ताओ के बिलों के विश्लेषण से पता चलता है कि उनकी खपत में लगभग 44 प्रतिशत की कमी हुई है।

### चार सौ यूनिट से ...

जिसके कारण विद्युत देयक में वृद्धि होती है। परंतु जुलाई की सिस्टम से निकाले गए आंकडों में ऐसे उपभोक्ताओं की खपत में भी उल्लेखनीय कमी हुई है, जिससे जुलाई की खपत जिसका बिल अगस्त में आयेगा, की देय राशि कम होगी एवं अधिक उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान योजना का लाभ प्राप्त होगा।

### छग की टीम में ...

तीनों खिलाड़ियों के छत्तीसगढ़ की ओर से खेलने का रास्ता साफ हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार तीनों खिलाड़ी कर्नाटक के आलूर में चल रहे छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के प्री-सीजन प्रशिक्षण शिविर से जुड़ चुके हैं। संघ का मानना है कि अनुभवी खिलाड़ियों के शामिल होने से आगामी रणजी ट्रॉफी सहित घरेलू सत्र में टीम को मजबूती मिलेगी। हालांकि अंतिम औपचारिकता एनओसी मिलने के बाद पूरी होगी।

### यूपी से छत्तीसगढ़ ...

आक्रमण को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है। बता दें कि यश ने अब तक 27 प्रथम श्रेणी मैचों में 84 विकेट, 23 लिस्ट-ए मुकाबलों में 36 विकेट और 71 टी-20 मैचों में 66 विकेट लिए हैं। सितंबर 2024 में उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में भी चुना गया था।

## भारत से सटे नेपाल के सुनसरी में सांप्रदायिक झड़प, एक की मौत

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

भारत से सटे नेपाल के सुनसरी जिले में सांप्रदायिक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सुरक्षाकर्मियों समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद अधिकारियों ने सोमवार से इलाके के कुछ हिस्सों में अनिश्चितकालीन निषेधाज्ञा लागू की गई है।

सुनसरी जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार कोशी प्रांत में स्थित जिले के पांच बाजार क्षेत्रों में सुबह सात बजे से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। ये पाबंदियां अगले आदेश तक लागू रहेंगी। निषेधाज्ञा के तहत, प्रभावित क्षेत्रों में चार से अधिक लोगों के इकट्ठा होने, प्रदर्शन करने, जनसभाएं करने और धरने पर बैठने पर रोक लगी रहेगी। प्रशासन ने कहा कि निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने वालों पर 500 नेपाली रुपये का जुर्माना, एक महीने तक की जेल या दोनों हो सकते हैं।


### आम सूचना

मै अनुराग मार्क वेलेन्टाइन नथानियल पिता एस नथानियल कार्यकारिणी सचिव इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट निवासी लिंक रोड़ बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर यह सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ कि भूमि मौजा चाटापारा बिलासपुर कि नजूल शीट नंबर 14 प्लॉट नंबर 20 कुल रकबा 92096 वर्गफीट जो कि वर्तमान में तीन टुकडे क्रमश: प्लॉट नंबर 20/2 रकबा 45000 वर्गफीट, प्लॉट नंबर 20/3 रकबा 38249 वर्गफीट और प्लॉट नंबर 20/4 रकबा 8820 वर्गफीट में स्थित है, के संबंध में उक्त इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट के पक्ष में दिनांक 04 .05 .1989 को माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. द्वारा प्रथम अपील 86/80 "पादरी ई भागीरथी विरूद्ध बनवारी लाल वगैरह" में निर्णय पारित कर डिकी प्रदान की थी जिस पर कालान्तर में निष्पादन प्रकरण क्रमांक 18-अ/15 प्रस्तुत किया गया था जिसे अनाधिकृत व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से निर्णित ऋणी से फर्जी समझौता किया था जो वर्तमान में समक्ष न्यायालय के आदेश के परिपेक्ष्य में समाप्त हो चुका है। इस कारण से इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट की ओर से पुन: निष्पादन प्रकरण श्रीमान् प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर के न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसमें दिनांक 05 .08 .2026 की तिथी सुनवाई हेतु नियत है।

अत: आम जनता को सूचित किया जाता है कि, उक्त निष्पादन प्रकरण की लंबित अवस्था में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि वर्णित संपत्तियों को क्रय आदि किसी भी प्रकार से हस्तांतरण करने का प्रयास न करे यदि ऐसा किया जाता है तो क्रेता को किसी भी प्रकार से हस्तांतरण में प्राप्त भूमि में कोई भी अधिकार या स्वामित्व प्राप्त नही होगा उपरोक्त में चूक किये जाने की दशा में जिम्मेदारी एवं क्षति उसी व्यक्ति की होगी। सो सूचना जाने
दिनांक 27/07/2026

(भवदीय)
अनुराग मार्क वेलेन्टाइन नथानियल
(कार्यकारिणी सचिव)
इंडिया चर्च कॉउंसिल ऑफ डिसाईपल्स ऑफ क्राईष्ट

### कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा निरस्तिकरण सूचना

एतत् द्वारा जोन क्र. 07 अंतर्गत आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 14-4/न.पा.नि./जोन क्र.07/2026-27 दिनांक 02.07.2026 कार्य का नाम-वार्ड क्र. 51 राजकिशोर नगर उर्जा पार्क के पास राहत शिविर भवन निर्माण कार्य (System Tender No. 194709) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

सम्पत्तिकर, दुकान किराया एवं पानी बिल का भुगतान ऑनलाईन nigambilaspur.com/ptis पर किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र. 07
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

### भारतीय डाक विभाग
कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर - 492009

डाक वितरण केन्द्र हेतु भवन की आवश्यकता
विज्ञापन

डाक वितरण केन्द्र हेतु सड्डू क्षेत्र रायपुर शहर में लगभग 1200-1300 वर्गफीट के भूतल में हॉल की आवश्यकता है, जिसमें जल, विद्युत, दो टॉयलेट एवं अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध हो। इच्छुक भवन स्वामी, प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर-492009 को अपना आवेदन, प्रस्तावित किराया, स्वीकृत नक्शा, बी I, खसरा, नगर निगम टैक्स भुगतान की रसीद एवं अन्य स्वामित्व संबंधी दस्तावेज की प्रति के साथ डाक से प्रेषित करें अथवा किसी भी कार्यालयीन दिवस में उक्त कार्यालय में जमा करें। किराये में लिये जाने वाले भवन का रजिस्ट्रार कार्यालय से किराये का अनुबंध कराया जाना अनिवार्य होगा। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 11.08.2026 हैं।

प्रवर अधीक्षक डाकघर, रायपुर संभाग, रायपुर-492009

### कार्यालय : जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव (छ.ग.)

क्र / तकनीकी / 2026-27 / 939 राजनांदगांव दिनांक - 27.07.2026

-: अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा निम्न विवरण अनुसार निर्माण कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं छ.ग. शासन लो.नि. विभाग के 01.01.2015 से प्रचलित दर अनुसूची (भवन कार्य) की मुद्रित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दो लिफाफा पद्धति से प्रपत्र 'अ' में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 31.07.2026 शाम 5.30 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 05.08.2026 दोप. 4.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 14.08.2026 शाम 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 17.08.2026 दोप. 12.00 बजे

निविदा प्राप्ति हेतु आवेदन के साथ समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ सत्य प्रतिलिपि प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन दिवस में तकनीकी कक्ष से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख) | धरोहर राशि (रु) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु) | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के अंतर्गत सहकारी समिति कृतबांधा में गोदाम सह कार्यालय भवन का शेष निर्माण कार्य | 9.50 | 9500 | 1000 | 1 माह | सक्षम श्रेणी में पंजीकृत |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित
राजनांदगांव (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी,
जिला-धमतरी (छ.ग.) वार्ड क्रं. 13 पाण्डुका रोड, मगरलोड
Ph.- 07705-296600, E-mail-cmo.magarlod@gmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in

क्रमांक/1105/लो.नि.शा. /2026-27 मगरलोड, दिनांक 27/07/2026

!! मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम) !!

नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.) में निम्नानुसार निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड/पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र-A में प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building w.e.f. 10.06.2026 PWD Road SOR 15.06.2026, PHE SOR 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर (निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसार) आमंत्रित की जाती हैं। निर्धारित निविदा प्रारूप विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।
1. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - दिनांक 18.08.2026, समय-सायं 03:00 बजे तक।
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - दिनांक 18.08.2026 समय-सायं 04:30 बजे।

| क्रं. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि | ठेकेदार का वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | वार्षिक जोनल कार्य अंतर्गत भवन मरम्मत/निर्माण कार्य (निकाय/मरम्मत/ अध्यक्ष/पार्षद एवं अन्य मद) वर्ष 2026-27 | 9.00 | 6750.00 | 750.00 | 12 माह | "D" & Above |
| 2 | वार्षिक जोनल कार्य अंतर्गत नाली मरम्मत/ निर्माण कार्य (निकाय/ मरम्मत/ अध्यक्ष/ पार्षद एवं अन्य मद) वर्ष 2026-27 | 9.00 | 6750.00 | 750.00 | 12 माह | "D" & Above |
| 3 | वार्षिक जोनल कार्य अंतर्गत सी.सी. रोड मरम्मत/निर्माण कार्य (निकाय/मरम्मत/अध्यक्ष/पार्षद एवं अन्य मद) वर्ष 2026-27 | 9.00 | 6750.00 | 750.00 | 12 माह | "D" & Above |
| 4 | वार्ड क्र. 04, 05 एवं 13 में सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 6.73 | 5050.00 | 750.00 | 03 माह | "D" & Above |
| 5 | वार्ड क्र. 01 में परदेशी राम साहू घर से शिवमंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 9.26 | 6950.00 | 750.00 | 03 माह | "D" & Above |
| 6 | वार्ड क्र. 10 में जिला सहकारी बैंक से जनपद पंचायत कार्यालय तक पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य | 6.97 | 5250.00 | 750.00 | 03 माह | "D" & Above |
| 7 | वार्ड क्र. 04 में दिनेश दुकान से लगे रोड तक पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य | 7.17 | 5400.00 | 750.00 | 03 माह | "D" & Above |
| 8 | वार्ड क्र. 10 में पेंशनर भवन से चन्द्रवंशी मेडिकल तक पेवर ब्लॉक स्थापना कार्य | 3.72 | 3750.00 | 750.00 | 03 माह | "D" & Above |
| 9 | वार्ड क्र. 09 में मालती साहू घर से नहर तक एवं दीपक साहू घर से गोवर्धन यादव तक सी.सी. टॉप निर्माण कार्य | 6.20 | 5000.00 | 750.00 | 03 माह | "D" & Above |
| 10 | वार्ड क्र. 13 ठाकुर घाट के पास बोर खनन सह स्थापना कार्य | 1.75 | 2000.00 | 300.00 | 02 माह | "D" & Above |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं। टीप:- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी.डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)

कार्यालय परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन ईकाई, बिलासपुर
डी.-61, एच.आई.जी.-1, अभिलाषा परिसर, नया बस स्टैण्ड के पीछे तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.)

जनसूचना

लहपात्रा कि.मी. 205.200 टोल प्लाजा पर दिनांक 28/07/2026 से 31/03/2027 तक लागू उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जारी सूचना

आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भा.रा.रा.प्रा. की क्षेत्रीय अधिकारी, रायपुर द्वारा उपयोगकर्ता शुल्क दरों के अनुमोदन के अनुसरण मे छत्तीसगढ राज्य में शिवनगर-अंबिकापुर खण्ड के रा.रा. 111 (नया रा.रा. 130) के कि.मी. 163.400 से कि.मी. 215.800 तक के वर्ष 2026-27 शुल्क संग्रहण के संबंध में अनुमोदित उपयोगकर्ता शुल्क दरें निम्नानुसार है :-

| वाहन का प्रकार | तकतरफा यात्रा शुल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा शुल्क | मासिक पास एकतरफा 50 यात्राओं के लिये | एकतरफा यात्रा के लिये जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहन के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 50 | 75 | 25 | 1705 |
| हल्के वाणिज्यक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 85 | 125 | 40 | 2755 |
| बस या ट्रक | 175 | 260 | 85 | 5770 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 190 | 285 | 95 | 6295 |
| एच.सी.एम./ई.एम.ई./एम.ए.वी./ (चार से छः धुरी वाले) | 270 | 405 | 135 | 9045 |
| बडे आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 330 | 495 | 165 | 11015 |

टोल प्लाजा से 20 कि.मी.के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिये गैर वाणिज्यिक वाहनों के लिये वर्ष 2026-27 के लिये मासिक पास की दर रू0 360/- रहेगी। सभी निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन (गैर-वाणिज्यिक) के लिए सालाना पास की दर, जो 01 साल या 200 प्लाजा क्रॉसिंग के लिए वैध हो, जो भी पहले हो, सिर्फ रू. 3075/- रहेगी।

महत्वपर्णू सचूना :- दिनांक 15/02/2021 से उपयोगकर्ता शुल्क का भुगतान केवल FasTAG के माध्यम से करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, 15/11/2025 से जिन वाहनों पर वैध एवं कार्यशील FASTag उपलब्ध नहीं होगा, उन्हें UPI के माध्यम से भुगतान करने की स्थिति में लागू टोल शुल्क का 1.25 गुना उपयोगकर्ता शुल्क देय होगा। साथ ही, वापसी यात्रा रियायत एवं स्थानीय यात्रा रियायत केवल FASTag द्वारा किए गए भुगतान पर ही लागू होगी।

सड़के ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी


## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।


**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से मिलेंगे जेलेंस्की

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की सोमवार को ब्रिटेन के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह इंग्लैंड के एक नौसैनिक अड्डे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम से मुलाकात करेंगे। एक सप्ताह पहले प्रधानमंत्री बनने के बाद किसी विदेशी नेता का यह बर्नहम से पहला आधिकारिक दौरा होगा। बर्नहम ने कहा कि जेलेंस्की की यह यात्रा यूक्रेन के प्रति ब्रिटेन के अटूट समर्थन का संदेश देने के लिए है। रूस के 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने के आक्रमण के बाद से जेलेंस्की से मुलाकात करने वाले बर्नहम ब्रिटेन के पांचवें प्रधानमंत्री होंगे। उनके पूर्ववर्ती कीर स्टार्मर पद छोड़ने से पहले अपने अंतिम विदेशी दौरे पर करीब दो सप्ताह पहले कीव गए थे। दौरे के दौरान जेलेंस्की और बर्नहम ब्रिटेन में प्रशिक्षण ले रहे 200 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों से भी मुलाकात करेंगे।


## शब्द पहेली - 6300



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6299 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6310

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6309 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## खबर संक्षेप

### रुपया 61 पैसे मजबूत 95.92 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया में अमेरिका-ईरान के बीच तनाव घटने से सोमवार को रुपया 61 पैसे की मजबूत बढ़त के साथ 95.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में कमजोरी ने भी रुपये को सहारा दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.18 पर खुला और सत्र में 96.27 के निचले एवं 95.78 के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 95.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। इस तरह पिछले बंद भाव के मुकाबले रुपये में 61 पैसे की मजबूती रही।

### यूरेका फोर्ब्स 2030 तक राजस्व दोगुना करेगा



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं स्वच्छता उत्पाद क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 के मुकाबले 2029-30 तक अपने राजस्व को दोगुना करके 5,400-5,600 करोड़ रुपये करने का है। इसके साथ ही कंपनी ने ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय (एबिटा) को तिगुना करके 800-850 करोड़ रुपये करने का इरादा जताया है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यूरेका फोर्ब्स ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 के बाद से वृद्धि को गति देने के लिए नवाचार और बाजार पैठ बढ़ाने पर जोर दे रही है। कंपनी ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि यह वृद्धि आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी, जिसमें वित्त वर्ष 2026-27 के बाद से सार्थक तेजी आएगी।'

## भारतीय स्टेट बैंक की शोध रिपोर्ट इकोरैप ने जताया अनुमान

# आरबीआई की रियायती अदला-बदली सुविधा से मिल सकता है 85 अरब डॉलर विदेशी मुद्रा प्रवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी मुद्रा प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रियायती अदला-बदली सुविधा योजना के तहत भारत में 80 से 85 अरब डॉलर तक का निवेश आ सकता है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' के मुताबिक, 17 जुलाई तक इस योजना के तहत आए कुल विदेशी मुद्रा प्रवाह में विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) जमा का योगदान 17.40 अरब डॉलर रहा।

वहीं, विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर और बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) से 1.34 अरब डॉलर आए। रिपोर्ट के अनुसार, 17 जुलाई तक करीब 20 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा प्रवाह आरबीआई के आंकड़ों में दर्ज हुआ है।

### इस योजना के तहत 17 जुलाई तक 17.40 अरब डॉलर जमा

#### तरलता के लिए किए उपाय

*एफसीएनआर (बी) जमा के लिए यह सुविधा 30 सितंबर, 2026 तक और विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) तथा बाह्य वाणिज्यिक कर्ज (ईसीबी) के लिए 31 दिसंबर, 2026 तक उपलब्ध रहेगी। आरबीआई ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता के बीच देश की बाहरी क्षेत्र की स्थिति मजबूत करने और विदेशी मुद्रा तरलता को समर्थन देने के लिए ये उपाय किए थे। इस प्रवाह को बढ़ाने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के भुगतान संतुलन को मजबूत करने और विदेशी पूंजी के प्रवाह को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों के तहत पांच जून, 2026 को अदला-बदली यानी स्वैप सुविधा शुरू की थी। यह सुविधा आठ जून, 2026 से प्रभावी हुई।*

विदेशी मुद्रा उधारी (ओएफसीबी) से 1.97 अरब डॉलर रही




#### ओएफसीबी-ईसीबी को शामिल करने पर राशि बढ़ेगी

रिपोर्ट कहती है, ''हमारा अनुमान है कि इस योजना के तहत कुल 65-70 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा प्राप्त होंगे। इसके अलावा ओएफसीबी और ईसीबी को शामिल करने पर यह राशि 80-85 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।'' रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि 17 जुलाई तक 17.4 अरब डॉलर के एफसीएनआर (बी) जमा जुटाया जा चुका है।

#### 2027 तक 150 अरब डॉलर हो जाएगा

*रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि आरबीआई के इन उपायों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में पूंजी खाते में अतिरिक्त 75 से 85 अरब डॉलर आएंगे और विदेशों से आने वाला धन (प्रेषण) 150 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।*

#### सकारात्मक प्रतिक्रिया

*एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया कि आरबीआई के उपायों की घोषणा के बाद रुपये ने शुरुआत में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी, लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की उम्मीद कमजोर पड़ने, ऊर्जा कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के सतर्क रुख के कारण इसका असर जल्द समाप्त हो गया।*

*समूह का राजस्व 7.8% बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपए रहा*

# टाटा समूह का बीते वित्त वर्ष प्रदर्शन रहा बेहतर

### टाटा संस के चेयरमैन ने पेश की वार्षिक रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा है कि टाटा समूह का वित्तीय प्रदर्शन बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत रहा है। समूह का कुल राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 51.9 प्रतिशत बढ़कर 1,70,525 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। चंद्रशेखरन ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में शेयरधारकों को संबोधित करते कहा कि वर्ष 2025-26 वैश्विक संघर्षों और वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) में अभूतपूर्व निवेश का साल रहा। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद टाटा समूह ने वित्तीय मोर्चे पर मजबूत प्रदर्शन किया। चंद्रशेखर ने बताया कि टाटा संस का राजस्व बीते वित्त वर्ष 9.1 प्रतिशत बढ़कर 42,367 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 21.8 प्रतिशत बढ़कर 31,961 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी के निदेशक मंडल ने 1,10,717 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। चेयरमैन ने कहा, ''एकीकृत स्तर पर वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा समूह का राजस्व 7.8 प्रतिशत बढ़कर 16,24,030 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि शुद्ध लाभ 51.9 प्रतिशत बढ़कर 1,70,525 करोड़ रुपये हो गया।'' वित्त वर्ष 2025-26 में टाटा समूह का राजस्व वित्त वर्ष 2019-20 की तुलना में 2.1 गुना और लाभ 5.4 गुना हो गया है।




#### जगुआर का उत्पाद सामान्य स्तर पर लौटा

*चंद्रशेखरन ने कहा कि समूह के सभी कारोबार क्षेत्रों ने राजस्व और मुनाफे दोनों के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि, समूह की ब्रिटिश लक्जरी कार विनिर्माता जगुआर लैंड रोवर को वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में साइबर हमले का सामना करना पड़ा, जिसके कारण करीब पांच सप्ताह तक उत्पादन प्रभावित रहा। हालांकि, चौथी तिमाही तक कंपनी का उत्पादन लगभग सामान्य स्तर पर लौट आया।*

#### नए कारोबार की प्रगति का उल्लेख

*चंद्रशेखरन ने टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, टाटा डिजिटल, एयर इंडिया और एग्राटस जैसे नए कारोबार की प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि टाटा समूह दीर्घकालीन निवेश पर भरोसा करता है और आज जिन संस्थानों की नींव रखी जा रही है, वे भविष्य में देश के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे।*

# क्यूएस आई-गेज की डायमंड रेटिंग हासिल कर अब रूंगटा यूनिवर्सिटी ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी (आरआईएसयू) ने शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यूनिवर्सिटी को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन संस्था क्यूएस आई-गेज ने वर्ष 2026-28 के लिए डायमंड रेटिंग प्रदान की है। वहीं, विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में बेहतर प्रदर्शन के लिए एम्प्लॉयबिलिटी (रोजगार योग्यता) श्रेणी में प्लेटिनम रेटिंग से नवाजा गया है।

रूंगटा यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का इकलौता शैक्षणिक संस्थान बन गया है, जिसे यह रेटिंग मिली है। खास बात यह भी है कि क्यूएस आई-गेज से रेटिंग हासिल करने वाली देश में सिर्फ 52 यूनिवर्सिटी है, जिसमें अब रूंगटा यूनिवर्सिटी भी शामिल हो गई है। यह मूल्यांकन शिक्षण व्यवस्था, फैकल्टी, प्लेसमेंट, कैंपस सुविधाएं, शोध, सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशी शिक्षा जैसे कई मानकों के आधार पर किया गया। मूल्यांकन में यूनिवर्सिटी का शिक्षण स्तर सबसे मजबूत पाया गया। यहां फैकल्टी और विद्यार्थियों का अनुपात 1:10 है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिला।

**प्रदेश में पहली बार किसी संस्थान को क्यूआईएस रेटिंग का दर्जा, देश में सिर्फ 52 संस्थानों को रेटिंग**



#### इसलिए प्लेसमेंट में मिला प्लेटिनम

*रैंकिंग के लिए हुए मूल्यांकन में प्लेसमेंट के मामले में भी रूंगटा यूनिवर्सिटी का प्रदर्शन शानदार रहा। पिछले एक साल में 106 कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए पहुंचीं और 95.24 प्रतिशत विद्यार्थियों को नौकरी मिली। कॅरियर सेवाओं से 98.9 प्रतिशत विद्यार्थी संतुष्ट रहे, जबकि 98.2 प्रतिशत पूर्व विद्यार्थियों ने भी यूनिवर्सिटी (पूर्व में रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज) के प्रति सकारात्मक राय दी। इसी प्रदर्शन के आधार पर यूनिवर्सिटी को इस श्रेणी में प्लेटिनम रेटिंग मिली।*

***क्या है क्यूएस आई गेज:*** *क्यूएस आई-गेज उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता का आकलन करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था है। यह विश्वविद्यालयों को पढ़ाई, फैकल्टी, प्लेसमेंट, शोध, नवाचार, कैंपस सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण मानकों पर परखती है।*

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा जिला - कोरबा (छ.ग.)

क्रमांक / निर्माण / 2026-27 / 1345 कोरबा दिनांक 24/07/2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी अनुसूची दर पुस्तिका छ.ग. शासन रायपुर दिनांक 10.06.2026 से प्रभावशील दर पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 18.08.2026 है।

| क्र. | संस्था/कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कोरबा जिले के 30 छात्रावास / आश्रमों में लघु निर्माण / रेनोवेशन कार्य | 101.53 | 76148/- |
| | योगः- | 101.53 | |

नोटः-
1. कार्य पूर्ण करने हेतु 30 कार्यों की अवधि 03 माह।
2. कार्य में ठेकेदारों की श्रेणी "सी" क्लास या उससे ऊपर।
3. कार्यों की सूची कार्यालय में देखी जा सकती है।

टीपः- निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in/ में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरबा

G-262702385/2

## CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY

(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)

VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 94250-28318 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in

NIT Ref. No. 4999/CREDA/SWHS/2026-27 Date: 24.07.2026

### NOTICE INVITING BID

CREDA invites Online Bids, for "Standardization of rates for supply, installation and commissioning of solar water heating systems of ETC & FPC model of various capacities including 5 years CMC and onsite warranty anywhere in state of Chhattisgarh" from BIS/MNRE approved manufacturer or authorized dealer having experience in the field of Design, Supply, Installation, Testing and Commissioning of Solar Water Heating System.

**Last date of submission of Online Bid : 13.08.2026 till 05:00 PM**
**Opening of Online Bid : 17.08.2026 03:00 PM onwards**

Technical Bid and Price Bid shall be submitted online only at "https://www.gem.gov.in" However Technical Bid (as per the checklist) also has to be submitted duly signed hard copy at CE (Tender Cell), CREDA H.O. Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly. (For any query about e-bidding please visit user manual at "https://www.gem.gov.in")

Tender document with all terms and conditions is available at **www.creda.co.in** and at **https://www.gem.gov.in**

CREDA reserves all rights to accept/reject any or all bids in full/part without assigning any reasons.

Chief Engineer
CREDA

## कार्यालय प्राचार्य,शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दरभा जिला- बस्तर (छ.ग.)

इमेल:- itidarbha@gmail.com फोन नं:- 7828246339

क्रमांक/औप्रसं /स्था मे.प्र.भर्ती /2026/227
दिनांक 21/07/2026

**// विज्ञापन //**

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, (प्रशिक्षण पक्ष) इन्द्रावती भवन, ब्लॉक नं. -4, प्रथमतल, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा मेहमान प्रवक्ताओं हेतु जारी विभिन्न आदेशों व निर्देशों तथा संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं, क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र जगदलपुर के आदेशानुसार जिला बस्तर नोडल अंतर्गत संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में स्वीकृत प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध व्यवसायों / विषयों के लिये प्रशिक्षण सत्र 2026-2027 के लिये मेहमान प्रवक्ता (Guest Lecturer) हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थिति के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दरभा जिला-बस्तर छ.ग. - 494115 में आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 22/08/2026 को सायं 5:00 बजे तक है। पदों की जानकारी एवं शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएँ, निर्धारित मापदण्ड निम्नानुसार है :-

1. पदों की जानकारी :-

| क्र. | व्यवसाय / विषय का नाम | औप्रसं दरभा | कुल पद |
|---|---|---|---|
| 01 | कोपा (कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) | 01 | 01 |
| | महायोग | 01 | 01 |

टीपः- सम्बंधित विषय/ व्यवसाय में नवीन नियुक्ति नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरुद्ध कार्यरत मेहमान प्रवक्ता की सेवा स्वतः समाप्त हो जाएगी।

नोटः- विस्तृत विज्ञापन संस्था शासकीय औ प्र सं दरभा के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाइट www.bastar.gov.in के recruitment पेज में अपलोड है जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है

प्राचार्य,
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
दरभा, जिला-बस्तर (छ.ग.)

G-262702365/1

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 196029 निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2026-27, दि. 24-07-2026**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 14-08-2026 17:30 बजे तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम** - बिलासपुर जिले के विकास खण्ड तखतपुर अंतर्गत निरतू एनीकट निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत** - रू. 2590.81 लाख

(निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 एवं संशोधित दिनांक 08.08.2025 के आधार पर) अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 31/07/2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट** : (1) निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

(2) निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.05.2025 (संशोधित 08.08.2025) के अनुसार है।

(3) निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में GST छोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

G-262702371/4

## इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**सूचना**

क्रमांक/स्था.-04/नस्ती क्र. - 150/2026/1549 रायपुर, दिनांक : 27/07/2026

विश्वविद्यालय विज्ञापन क्रमांक / स्था. - 04/150/2023/5017 दिनांक 04.10.2023 द्वारा विज्ञापित प्रयोगशाला तकनीशियन एवं प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी - दो पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों द्वारा अपलोड़ किये गये दस्तावेजों को मूल प्रति से मिलान हेतु दस्तावेज परीक्षण का कार्य दिनांक 05 एवं 06 अगस्त, 2026 को आयोजित है।

दस्तावेज परीक्षण हेतु बुलाये गये अभ्यर्थियों की सूची एवं विस्तृत जानकारी हेतु आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in का अवलोकन करें।

S-48565/1 कुलसचिव

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 776 अंक चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से जारी गिरावट सोमवार को थम गयी। पश्चिम एशिया संकट कम होने के साथ कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट से बीएसई सेंसेक्स में 776 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 228 अंक के लाभ में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 776.01 अंक बढ़त के साथ 76,835.78 अंक पर बंद हुआ।

## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph.No.: +91-651-2225878,e-mail Id-juidcolimited@gmail.com,CIN: U45200JH2013SGC001752

**Project Name:** Construction of Municipal Building at Chhatarpur under Chhatarpur Nagar Panchayat.
**NIT No.:** JUIDCO/NIT/MB/Chatarpur/714
**PR No.:** 383923
**Tender ID:** 2026_UDD_115912_1

This is for information of all the bidders that following Corrigendum is being made in tender documents for **"Construction of Municipal Building at Chhatarpur under Chhatarpur Nagar Panchayat".**
The bidders are advised to take into account the following Corrigendum before submission of their bids against this tender.

**Corrigendum - 1**

| Sl. No. | Bid Document Ref. | Description | As per RFP Document | As per Corrigendum - 1 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | NIT | Last Date & Time of submission of Bid, Tender Fee and EMD online | 28/07/2026 at 17:00 Hrs | 04/08/2026 at 17:00 Hrs |
| 2. | | Date & Time of Bid Opening | 29/07/2026 at 17:00 Hrs | 05/08/2026 at 17:00 Hrs |

Note: Other terms and conditions remain unchanged.

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR 385960 Urban Development and Housing(26-27).D

# सोना 2,440, चांदी 5,300 रुपए मजबूत



सोना बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम
चांदी उछलकर 2.3 लाख रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के मजबूती के रुख के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 2,440 रुपये बढ़कर 1.49 लाख प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 5,300 रुपये के उछाल के साथ 2.3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,440 बढ़कर 1,49,640 प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई।

### एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स का आईपीओ गुरुवार को खुलेगा

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी कंपनी एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स ने सोमवार को अपने 290 करोड़ रुपये के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 400-425 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। कंपनी ने बताया कि मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर सूचीबद्ध होने के बाद उसका बाजार मूल्यांकन करीब 1,160 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। कंपनी का सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह नए शेयरों की बिक्री पर आधारित होगा और इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई हिस्सा नहीं होगा।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म.प्र.)

Web Site: www.mppwd.gov.in, email:- eepwdumaria1@gmail.com
Phone No.- 07653-292716, Fax No.- XXXXXXXXXXXX

**निविदा तृतीय आमंत्रण आंशिक संशोधन सूचना**

निविदा सूचना :- 05 / व.ले.लि. / 2026-27 उमरिया दिनांक : 23/06/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु आन लाईन निविदा e-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तों पर आमंत्रित की गई है।

| स. क्र. | आनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र की कीमत | धरोहर राशि (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_517266_1 | ददरा पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.20 किमी. एवं करौंदी से आँगनवाड़ी पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 2.00 किमी.। कुल लंबाई 3.20 किमी.। | 292.82 रू. दो करोड़ ब्यान्नवें लाख बयासी हजार मात्र | 15,000 रू. पन्द्रह हजार मात्र | 2,92,820 रू. दो लाख ब्यान्नवें हजार आठ सौ बीस मात्र | सिविल | 04 माह वर्षाकाल सहित | तृतीय आमंत्रण |
| 2 | 2026_PWDRB_517267_1 | सिलौड़ी मिडिल रोड से कारीमाटी पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.65 किमी.। | 209.48 रू. दो करोड़ नौ लाख अड़तालिस हजार मात्र | 15,000 रू. पन्द्रह हजार मात्र | 2,09,480 रू. दो लाख नौ हजार चार सौ अस्सी मात्र | सिविल | 04 माह वर्षाकाल सहित | तृतीय आमंत्रण |
| | | योग | 502.30 | रू. पाँच करोड़ दो लाख तीस हजार मात्र | | | | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 24.07.2026 10:30 से 30.07.2026 शाम 17:30 बजे तक है। 3. ऑनलाईन में अमानत राशि की स्कैन कॉपी एवं अन्य डाक्यूमेंट स्कैन कॉपी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30.07.2026 शाम 17:30 बजे तक है। 4. टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तिथि 30.07.2026 शाम 17:30 बजे तक केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। 5. निविदा खुलने का दिनांक 03.08.2026 सुबह 10:30 से शाम 17:30 बजे तक। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा में खोली जावेगी। 6. म.प्र. शासन लो.नि.वि. के ज्ञाप क्र. एफ-53/02/2011/यो/19/524 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के तहत निम्नानुसार संशोधित निविदा परिपत्र के अनुसार।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)संभाग उमरिया (म.प्र.)

G-16354/16

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग मण्डला (म.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 09 / 2026-27 मण्डला, दिनांक 22.07.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| ग्रुप क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWDRB_523373_1 | मण्डला | मण्डला जिले के अंतर्गत 1-एम.पी.टी.सी. से बीजाडांडी मार्ग के किमी. 1/8 पर स्लैब कल्वर्ट का निर्माण कार्य 2-जंतीपुर पहुंच मार्ग के किमी. 1/6 पर स्लैब कल्वर्ट का निर्माण एवं 3-राजीव कालोनी से पॉलीटेक्निक पहुंच मार्ग के किमी. 1/8 पर स्लैब कल्वर्ट (मजबूतीकरण) कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 272.23 | 272300 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_523377_1 | मण्डला | मण्डला जिले के अंतर्गत जामगांव से बोरी घटेरी मार्ग लंबाई 4.50 किमी का मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 430.08 | 430100 | 15000 | 04 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 3 | 2026_PWDRB_523383_1 | मण्डला | मण्डला जिले के अंतर्गत जहरमऊ से मुगदरा मार्ग लं. 2.30 किमी. का मजबूतीकरण एवं सर्री जैदेपुर मार्ग के किमी. 5/2 में स्थित पुलिया का निर्माण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 217.82 | 217900 | 15000 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWDRB_523386_1 | मण्डला | मण्डला जिले के अंतर्गत धनवाही मनेरी जमठार मार्ग लं. 6.00 किमी. का मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 311.06 | 311100 | 15000 | 04 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 5 | 2026_PWDRB_523388_1 | मण्डला | मण्डला जिले के अंतर्गत लहसर से कुडारी उमरिया मार्ग लं. 3.50 किमी. का मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 354.34 | 354400 | 15000 | 04 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| 6 | 2026_PWDRB_523390_1 | मण्डला | मण्डला जिले के अंतर्गत भीखमपुर से गुंदलई मार्ग लं. 5.00 किमी का मजबूतीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 283.24 | 283300 | 15000 | 04 माह वर्षाकाल छोड़कर |
| | | | | योग रू. | 1868.77 | - | - | - |

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 14/08/2026 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। सभी दस्तावेज ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। अलग से कोई भी दस्तावेज इस कार्यालय में प्राप्त नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो. नि. विभाग (भ/स) संभाग मण्डला

G-16332/26

# पिता ने कर्ज लेकर बेटी के सपनों को दी उड़ान, बनीं सिल्वर मेडलिस्ट




एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

*कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की ज्ञानेश्वरी यादव ने कमाल कर दिया है। 53 किलो वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने सिल्वर मेडल जीता। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की रहने वाली इस एथलीट को पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स की टीम में जगह मिली और उन्होंने अपने डेब्यू में ही कमाल प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस कामयाबी तक पहुंचने के लिए ज्ञानेश्वरी और उनके पिता ने कई मुसीबते झेली। आइए आपको बताते हैं कौन हैं ज्ञानेश्वरी यादव और कैसे उनके लिए ये मेडल जीतना कभी भी आसान नहीं था।*

## राजनांदगांव जिले के भोंडिया गांव की निवासी है ज्ञानेश्वरी

ज्ञानेश्वरी यादव छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में स्थिति भोंडिया गांव की हैं। वो छत्तीसगढ़ पुलिस में असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर हैं। उनके पिता खुद बॉडीबिल्डर थे लेकिन परिवार पालने के लिए उन्हें ये खेल छोड़ना पड़ा। वो बिजली का काम करते हैं और उन्होंने अपनी बेटी को वेटलिफ्टर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। एक इंटरव्यू में ज्ञानेश्वरी के पिता दीपक यादव ने बताया था कि उन्होंने बच्चों को एथलीट बनाने के लिए 20-20 घंटे काम किया।

## ज्ञानेश्वरी की उपलब्धियां

- ज्ञानेश्वरी ने साल 2022 में ग्रीस में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता।
- 2023 में कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जूनियर, सीनियर गोल्ड और बेस्ट जूनियर लिफ्टर का अवॉर्ड जीता।
- 2025 में हुए नेशनल गेम्स में उन्होंने गोल्ड मेडल हासिल किया।
- 2026 में एशियन चैंपियनशिप में उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया और अब वो कॉमनवेल्थ गेम्स में भी सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब रही हैं।

## पिता ने लिया उधार, जारी रखी बेटी की ट्रेनिंग

ज्ञानेश्वरी यादव के करियर को कोविड में बड़ा झटका लगा था जब उनके पिता के पास उनके लिए सप्लीमेंट्स खरीदने के लिए पैसे तक नहीं थे। लेकिन दीपक यादव ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों से उधार लेकर बेटी के लिए सप्लीमेंट्स खरीदे। किसी तरह ज्ञानेश्वरी ने ट्रेनिंग और डाइट जारी रखी।


## 7वीं क्लास से शुरू की प्रैक्टिस

ज्ञानेश्वरी यादव जब 7वीं क्लास में थी तो वो एक मेले में गई थीं, जहां उन्होंने बच्चों को वेटलिफ्टिंग करते हुए देखा। पहले उन्होंने पावरलिफ्टिंग शुरू की। महज एक साल में उन्होंने महज 37 किलो बॉडी वेट में, 65 किलो स्क्वाड और 95 किलो डेडलिफ्ट करना शुरू कर दिया। सब-जूनियर नेशनल में उन्होंने पावरलिफ्टिंग में गोल्ड जीता और उसके बाद उनके पिता दीपक यादव ने उन्हें वेटलिफ्टर बनाने का फैसला किया। ज्ञानेश्वरी ने कोच अजय लोहार विश्वकर्मा के अंडर ट्रेनिंग शुरू की और उसके बाद ज्ञानेशवरी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## भारत की शीर्ष महिला लिफ्टर

ज्ञानेश्वरी यादव जूनियर और सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें भारत की शीर्ष महिला लिफ्टरों में से एक बना दिया। वह राष्ट्रीय कोचिंग प्रोग्राम के तहत नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, पटियाला में ट्रेनिंग ली और कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप, एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप सहित बड़े इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

## 65 किग्रा में मुथुपांडी को सिल्वर



**ग्लास्गो:** भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना चौथा मेडल जीत लिया है। भारत को इस इवेंट का चौथा मेडल राजा मुथुपांडी ने दलिाया, जिन्होंने पुरुषों के 65 किग्रा वेटलफ्टिंगि में सिल्वर मेडल जीता। मुथुपांडी ने स्नैच में 126 किलोऔर क्लीन एंड जर्क में 160 किलो का बेस्ट लिफ्ट किया। उनका कुल लिफ्ट 286 किग्रा था। चोट और खराब सेहत भी राजा का हौसला नहीं तोड़ पाई। मलेशिया के अजनील बिदिन ने 299 किग्रा उठाकर गेम्स रिकॉर्ड लिफ्ट करके गोल्ड मेडल जीता, जबकि पापुआ न्यू गिनी के मोरिया बारू ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## वेटलिफ्टिंग में भारत को एक ओर पदक, बिंदियारानी ने जीता कास्य



मणिपुर की 27 साल की भारतीय वेटलिफ्टर बिंदियारानी देवी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए देश के नाम एक और उपलब्धि दर्ज की है। ग्लासगो में बिंदियारानी ने महिलाओं की 58 किलो कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। ये कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का छठा मेडल है। बिंदियारानी ने कुल 199 किलो का वजन उठाया। बिंदियारानी देवी ने अपने पहले स्नैच अटेम्प्ट में 83 किलो वजन उठाया। वहीं, दूसरे अटेम्प्ट में वो 85 किलो वजन उठाने में कामयाब रही। इसके बाद उन्होंने तीसरे अटेम्प्ट में 87 किलो वजन उठा दिया। फिर, क्लीन एंड जर्क राउंड में बिंदियारानी देवी ने अपने पहले अटेम्प्ट में 110 किलो वजन उठाने की कोशिश की, लेकिन उनका ये अटेम्प्ट फेल रहा। बिंदियारानी ने दमदार वापसी की और उन्होंने क्लीन एंड जर्क राउंड के दूसरे अटेम्प्ट में 112 किलो वजन उठाया। इसके साथ उन्होंने अपना ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया।

## शिर्से ने पार की 110 मीटर बाधा दौड़, फाइनल में एंट्री




राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिर्से ने हीट (शुरुआती दौर) में 13.76 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहकर राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने हीट एक में तीसरा स्थान हासिल किया, जिसमें इंग्लैंड के सैमुअल बेनेट ने 13.20 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रत्येक हीट में पहले तीन और अगले दो सबसे तेज धावक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचेंगे। शिर्से ने इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने लुधियाना में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज नौ में किया था, जहां उन्होंने 13.27 सेकंड का समय निकाला, जो वर्तमान में राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

## बटरफ्लाई: साजन पहुंचे फाइनल में



दो बार के ओलंपियन भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने एक मिनट 58.59 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर) में दूसरे स्थान पर रहते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। स्कॉटलैंड के डंकन स्कॉट एक मिनट 58.29 सेकेंड के साथ समय के साथ शीर्ष पर रहे। साजन एक मिनट 57.09 सेकेंड के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से पीछे रहे। इस 31 वर्षीय भारतीय ने इसी साल सिंगापुर राष्ट्रीय आयु वर्ग तैराकी चैंपियनशिप में एक मिनट 57.09 सेकेंड का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## लंबी कूद : पहले प्रयास में श्रीशंकर ने किया फाइनल में प्रवेश




भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर ने सोमवार को यहां अपने पहले ही प्रयास में क्वालीफाइंग स्तर पार करके राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में जगह बना ली। श्रीशंकर ने ग्रुप ए में अपने पहले ही प्रयास में 8.01 मीटर के प्रयास से फाइनल में जगह बना ली। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 8.38 मीटर है। फाइनल के लिए क्वालीफाइंग स्तर आठ मीटर या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कम से कम 12 खिलाड़ी हैं। सत्ताइस साल के श्रीशंकर को उम्मीद है कि वह 2022 में खेलों के पिछले सत्र में जीते रजत पदक को बेहतर करेंगे। अप्रैल 2024 में घुटने की चोट से उबरने के बाद वह वापसी की राह पर हैं। उनका 'पटेला टेंडन' फट गय था और यह चोट उनके करियर के लिए खतरा बन गई थी। उनकी सर्जरी भी हुई थी। इस चोट की वजह से वह पेरिस ओलंपिक से चूक गए थे।

## खबर संक्षेप

### विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप : प्री-क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए ब्राजील और नीदरलैंड को हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रहे विश्व जूनियर स्क्वाश टीम चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष टीम ने नीदरलैंड और ब्राजील को बड़ी आसानी से समान 3-0 के अंतर से हराकर ग्रुप पांच में शीर्ष स्थान हासिल करके राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। भारतीय महिला टीम ने भी शानदार शुरुआत की। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराया। उसका ग्रुप चार में अगला मुकाबला मलेशिया से होगा। विश्व जूनियर चैंपियन बनकर इतिहास रचने वाली अनाहत सिंह को महिला वर्ग के पहले दौर में विश्राम दिया गया था।

### दिल्ली में टेबल टेनिस चैंपियनशिप शुरू




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का सोमवार को त्यागराज स्टेडियम में उद्घाटन करते हुए इसे विभिन्न देशों और संस्कृतियों को जोड़ने का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए यह गौरव की बात है कि उसे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। रेखा गुप्ता ने कहा, खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को उत्कृष्टता, अनुशासन, समर्पण और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही, वैश्विक मित्रता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी सशक्त बनाते हैं।

**आईएसएसएफ विश्व कप में मनु ने कांस्य पदक किया अपने नाम**

# भारत ने झटके 2 पदक, ईशा ने जीता गोल्ड, मनु भाकर को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/ पिस्तौल/ शॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि मनु ने शूट-ऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए।



## भारतीय खिलाड़ियों की अच्छी शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग दौर से ही अच्छी शुरुआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालीफाइंग में पहला स्थान हासिल किया जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

## ईशा ने बनाए रखी निरंतरता

ईशा ने इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप के फाइनल में 43 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से उन्होंने अपनी निरंतरता बनाए रखी है, जो आगामी प्रतियोगिताओं की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इन युवा निशानेबाजों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## दबाव को झेलने में सफल रही : ईशा

*ईशा ने कहा, ' पिछली जीत के कारण मुझ पर काफी दबाव था। जब आप अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपसे काफी उम्मीद की जाती है। मुझे खुशी है कि आज मैं इस दबाव को झेलने में सफल रही।'*

## पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा : मनु

*मनु ने कहा कि इस पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह की सफलता सीढ़ी का काम करती है। इससे मुझे यह पता चलता है कि मैं किस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। इस पदक से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और इसका मुझे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में फायदा मिलेगा।'*

■ वेस्टइंडीज-पाक टेस्ट सीरीज : 311 रन के जवाब में पाकिस्तान के 3 विकेट पर 199 रन

# मसूद ने खेली नाबाद पारी पाकिस्तान की स्थिति मजबूत

एजेंसी ▶▶| गतारौबा

कप्तानी से मुक्त होने के बाद अपनी पहली टेस्ट पारी में शान मसूद ने नाबाद 88 रन बनाकर पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

अजान अवैस के खाता खोले बिना पवेलियन लौट के बाद मसूद ने सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (63) के साथ दूसरे विकेट के लिए 155 रन की साझेदारी की। इससे पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के 311 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 199 रन बनाए थे। वह अभी वेस्टइंडीज से 112 रन पीछे है। कप्तान बाबर आजम खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त किए जाने से कुछ



देर पहले 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद सलमान आगा ने 9 गेंदों का सामना किया। उन्होंने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है।

## ऐस जूनियर्स' लॉन्च करेंगे अगरकर



**मुंबई।** सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और उनकी पत्नी फातिमा 29 जुलाई को एक आधुनिक अर्ली लर्निंग सेंटर (स्कूल से पूर्व का केंद्र) 'ऐस जूनियर्स' लॉन्च करेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अगरकर के मुताबिक इसका पाठ्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता, भावनात्मक समझ और संवाद की समझ विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। एक प्री स्कूल के तौर पर शुरू हुआ ऐस जूनियर्स आने वाले वर्षों में एक पूरे के-12 पारिस्थितिकी तंत्र (किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक) में बदल जाएगा। अगरकर ने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे सिखाया कि सफलता सिर्फ प्रतिभा से नहीं मिलती।

# कोच लक्ष्मण ने की अय्यर की सराहना



एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर और अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से मिली जीत में एक-दूसरे की भूमिका की सराहना की। भारत ने इस श्रृंखला में अपेक्षाकृत नई टीम उतारी थी, जिसमें संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे कई खिलाड़ी शामिल नहीं थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ड्रेसिंग रूम का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें लक्ष्मण ने अय्यर की मजबूत मानसिकता की सराहना की है। लक्ष्मण ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं श्रेयस को विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उनके कप्तानी करियर की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की, वह शानदार था। वह पहले मैच से एक दिन पहले जब हमसे जुड़े और तभी से जीत के लिए आश्वस्त थे।'

## अय्यर ने किया लक्ष्मण का आभार व्यक्त

*अय्यर ने लक्ष्मण का आभार व्यक्त किया, जिन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर को विश्राम दिए जाने के बाद इस दौरे के लिए अंतरिम कोच नियुक्त किया गया था।*

**जीतने की जबरदस्त चाह, दो दिन रहीं भूखी और प्यासी**

# तिरंगे वाली हेयर क्लिप, आंखों में आंसू, मीराबाई ने जीता भारत का दिल

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

मीराबाई चानू का राष्ट्रमंडल खेलों में जीत गया स्वर्ण पदक देशभक्ति से ओतप्रोत था। तीन बार की चैंपियन मीराबाई ने रविवार को जब भारोत्तोलन खेलों में मंच पर कदम रखा, तो उन्होंने तिरंगे रिबन से बनी तितली के आकार की हेयर क्लिप पहनी हुई थी। यह देश की प्रति उनका सम्मान था, जिसे गौरवान्वित करने के लिए वह प्रतिबद्ध थी।

## भावनाओं पर नहीं रख पाई काबू

जब पूरे स्टेडियम में भारतीय राष्ट्रगान गूंज रहा था, तब पोडियम पर खड़ी मीराबाई के लिए अपनी भावनाओं को काबू में रखना आसान काम नहीं था। उन्होंने कहा, 'तिरंगे को देखना और अपना राष्ट्रगान सुनना स्वाभाविक रूप से आंखों में आंसू ला देता है।' मीराबाई ने कहा, ' ये खुशी के आंसू थे क्योंकि मैंने इन राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता था। मैं भारत के सभी लोगों का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने मेरे लिए तहेदिल से प्रार्थना की। ये खुशी के आंसू थे।'

## मैं देश के लिए कुछ करना चाहती थीं : चानू

*महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मीराबाई ने कहा, 'मैं भारत के लिए कुछ करना चाहती थी, इसलिए मैंने भारतीय ध्वज के रंगों वाले रिबन से ये तितली की तरह के क्लिप बनाए।' प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद भी तिरंगा उनके पास ही रहा।*




## वजन नियंत्रित करना बेहद मुश्किल


मीराबाई ने खुलासा किया कि उन्होंने दो दनिों तक न तो कुछ खाया और न ही पानी तक पिया । उन्होंने बताया कि ऐसा उन्होंने वजन को बनाए रखने के लिए किया था। मीराबाई ने कुल 190 किलोग्राम उठाया,जिसमें स्नैच में 85 किलोग्राम और क्लीन एंव जर्क में 105 किलोग्राम वजन उठाया। जीत के बाद मीराबाई ने सबसे पहले यही कहा कि जल्दी-जल्दी करो, मैंने दो दिन से कुछ खाया नहीं है। मीराबाई ने बताया कि अपना वजन नियंत्रित करना बेहद मुश्किल होता है। जब वह 48 किग्रा वर्ग में खेलती हैं तो वजन को कंट्रोल करना और भी कठिन हो जाता है, क्योंकि उनके पास वजन कम करने की बहुत कम गुंजाइश बचती है।

दुनियाभर में कई ऐसी खौफनाक और रोमांचक जगहें मौजूद हैं, जिन्हें पहली बार देखकर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। फ्रांस का बोजोल्स भी उन्हीं जगहों में से एक है। यहां का सबसे बड़ा आकर्षण कोई महल या ऐतिहासिक इमारत नहीं, बल्कि एक विशाल प्राकृतिक खाई है, जो किसी मौत के कुएं के समान है। हैरानी की बात यह है कि पूरा शहर इसी खाई के बिल्कुल किनारे बसा हुआ है।

# दुनिया का वो अनोखा शहर, जो बसा है 'मौत के कुएं' के किनारे

**पेरिस।** दूर से देखने पर ऐसा लगता है जैसे घर किसी भी वक्त नीचे गिर जाएंगे, लेकिन सदियों से लोग यहां सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। दक्षिण फ्रांस के अवेयरॉन इलाके में बसे इस छोटे से शहर की आबादी करीब तीन हजार है। शहर के बीचों-बीच मौजूद 'टू दे बोजोल्स' नाम की प्राकृतिक घाटी इसकी पहचान बन चुकी है। यह करीब 1200 फीट चौड़ी और लगभग 300 फीट गहरी है। ऐसा लगता है कि एक छोटे से हादसे में ही यहां के घर जमींदोज हो सकते हैं। लेकिन, ये सालों से जस के तस हैं।

## एक हादसा और सीधे 300 फीट गहरी खाई में समा जाएंगे घर!



### घोड़े की नाल जैसी दिखाई देती है आकृति

इस जगह को ऊपर से देखने पर इसकी आकृति घोड़े की नाल जैसी दिखाई देती है, इसलिए यह जगह पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। हालांकि, इस घाटी को इंसानों ने नहीं बनाया है। वैज्ञानिकों के मुताबिक लाखों साल तक दूर्दू नदी लगातार चूना पत्थर की चट्टानों को काटती रही। धीरे-धीरे कटाव बढ़ता गया और इस तरह विशाल खाई तैयार हो गया। भूवैज्ञानिक मानते हैं कि हिमयुग के दौरान हुए प्राकृतिक बदलावों ने भी इसकी वर्तमान बनावट बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### यादगार पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान

सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता ही नहीं, इतिहास के लिहाज से भी यह शहर काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। गहरी खाई और ऊंची चट्टानों की वजह से यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। इसी कारण पुराने समय में लोगों ने इसे सुरक्षित जगह मानकर यहां बस्ती बसाई। बाद में एक किले का भी निर्माण किया गया, जिसके कुछ अवशेष आज भी दिखाई देते हैं। यहां आने वाले लोग खाई के किनारे बने व्यू पॉइंट से तस्वीरें लेते हैं, जबकि कई पर्यटक घाटी के नीचे उतरकर ट्रैकिंग का भी आनंद लेते हैं। यही कारण है कि फ्रांस का यह शहर आज भी दुनिया के सबसे अनोखे और यादगार पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।



### फ्रांस के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल

वहीं, 12वीं सदी का सेंट फॉस्ट चर्च आज भी इस शहर की पहचान बना हुआ है। स्थानीय लोगों के बीच इस जगह को लेकर कई रोचक कहानियां भी सुनाई जाती हैं। कुछ लोग मानते थे कि यह विशाल गड्ढा किसी अलौकिक शक्ति ने बनाया था। हालांकि, वैज्ञानिक इसे पूरी तरह प्राकृतिक प्रक्रिया का परिणाम मानते हैं। बारिश के मौसम में जब नदी का जलस्तर बढ़ता है, तब यहां का नजारा और भी आकर्षक हो जाता है। आज बोजोल्स फ्रांस के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिना जाता है।

## रोचक खबरें


### सौ साल पहले मोटापा घटाने की खौफनाक ट्रिक, निगलती थी इस कीड़े के अंडे

**लंदन।** आजकल मोटापा घटाने के लिए लोग जिम जाते हैं, कीटो डाइट करते हैं, इंटरमिटेंट फास्टिंग अपनाते हैं या ओज़ेम्पिक जैसी दवाएं लेते हैं। लेकिन, सौ साल पहले, खासकर 19वीं सदी के विक्टोरियन युग में, खूबसूरत और पतली दिखने की चाहत में महिलाएं अपनी जान दांव पर लगा देती थीं। वजन घटाने का उनका तरीका इतना खतरनाक था कि इससे उनकी जान भी जा सकती थी। उनका तरीका था– टेपवर्म के अंडे निगलना। जी हां, विक्टोरियन काल में पतली कमर को आइडियल माना जाता था। महिलाएं कसावट वाले कपड़े पहनकर कमर को 18-20 इंच तक कस लेती थीं, लेकिन जब यह भी काफी नहीं होता तो वे टेपवर्म डाइट अपनाती थी। वे कैप्सूल या गोलियों के रूप में टेपवर्म के अंडे निगल लेती थी। पेट में अंडे से लार्वा निकलता और कीड़ा बड़ा होने लगता था। यह टेपवर्म इंसान के आंतों में रहकर मेजबान का पोषण चूसता था। नतीजा– भूख कम लगती, पोषक तत्व कम अवशोषित होते और वजन तेजी से घटता था। एक कीड़ा 30 फीट (लगभग 9 मीटर) तक लंबा हो सकता था। टेपवर्म आंतों की दीवार से चिपक जाता था और मेजबान के खाए गए भोजन का पोषण सोख लेता था। महिलाएं कम खाती थीं, लेकिन कीड़ा बड़ा होता जाता था। कुछ महिलाएं दावा करती थीं कि इससे उनकी कमर पतली हो गई और वे आकर्षक दिखने लगीं थी। लेकिन, ये तरीका काफी खतरनाक और दुष्परिणाम से भरा होता था। वजन घटाने का ये तरीका काफी खतरनाक था। इससे महिलाओं में गंभीर कुपोषण हो जाता था। इसके अलावा आंतों में ब्लॉकेज हो जाती थी। कई बार मस्तिष्क में संक्रमण तक हो जाता था। एनीमिया, कमजोरी, उल्टी, दस्त आदि इसके कॉमन साइड इफेक्ट्स थे। कई मामलों में महिला की मौत भी हो जाती थी। लेकिन, आकर्षक फिगर की चाहत में कई महिलाएं ये रिस्क लेती थीं।



### अब हवा में ही उड़ते मच्छरों का होगा शिकार, अमरीकी कंपनी ने बनाया छोटा ड्रोन

**सैन फ्रांसिस्को।** गर्मी का मौसम आते ही या बारिश के दिनों में मच्छरों का आतंक पूरी दुनिया में एक गंभीर समस्या बन जाता है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए इंसान दशकों से जहरीले कीटनाशकों, मॉस्किटो कॉइल और केमिकल्स का इस्तेमाल करता आ रहा है। लेकिन, ये केमिकल जितने मच्छरों के लिए खतरनाक होते हैं, उतने ही इंसानी सेहत और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाते हैं। अब इस दशकों पुरानी समस्या का एक बेहद हाई-टेक और अनोखा तोड़ अमरीकी इंजीनियर्स ने ढूंढ निकाला है। एक अमरीकी टेक स्टार्टअप ने ऐसे माइक्रो-ड्रोन विकसित किए हैं, जो हवा में उड़ते हुए मच्छरों और अन्य कीड़ों को ढूंढकर मिसाइल अटैक की तरह सीधे उन्हें मार गिराने में सक्षम है। अमेरिका के प्रसिद्ध स्टार्टअप एक्सीलेटर वाई कॉम्बिनेटर के सपोर्ट से चल रहे टॉर्नयोल नाम के इस स्टार्टअप के इंजीनियर्स ने इस एआई-संचालित माइक्रो-ड्रोन को तैयार किया है, जो मच्छरों के खात्मे की लागत को 100 गुना तक कम कर सकता है। इस स्टार्टअप का मुख्य विजन यह है कि भविष्य में जहरीले रसायनों और महंगे साधनों की जगह इन छोटे ड्रोनों के झुंड को शहरों में उड़ाया जाए, जो इंसानों को नुकसान पहुंचाए बिना मच्छरों का चुन-चुनकर हवा में ही शिकार कर सकें। हाल ही में टॉर्नयोल के सह-संस्थापक एलेक्स टौसेंट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसे उन्होंने कंपनी का पहला एयर-टू-एयर किल करार दिया है। इस वीडियो में एक बेहद छोटा ड्रोन एक बंद टेस्टिंग एरिया में एक पतंगे का पीछा करता हुआ दिखाई देता है और अंत में उस पर सटीक निशाना साधकर उसे हवा में ही मार गिराता है।



## नजारा

# पृथ्वी पर ऐसा सूर्यास्त कभी नहीं देखा होगा...

### आईएसएस से सामने आया अब तक का सबसे खूबसूरत 360-डिग्री व्यू!

**वॉशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद नासा के एस्ट्रोनॉट अनिल मेनन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बेहद ही मंत्रमुग्ध कर देने वाला 360 डिग्री वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने आईएसएस के सबसे मशहूर हिस्से यानी 'क्युपोला' की एक झलक दिखाई है। अंतरिक्ष से धरती का नजारा कैसा दिखता है और वहां एस्ट्रोनॉट्स अपनी दिनचर्या कैसे बिताते हैं, यह वीडियो इसका बेहतरीन सबूत है। लंबे समय के अंतरिक्ष मिशन केवल वैज्ञानिक प्रयोगों तक सीमित नहीं होते। अंतरिक्ष के चुनौतीपूर्ण वातावरण में सुरक्षित रहने के लिए ज्ञान का हस्तांतरण बहुत जरूरी है। अनिल मेनन का यह वीडियो दिखाता है कि कैसे एक अनुभवी एस्ट्रोनॉट अपने नए साथी को अंतरिक्ष में कुशलता से काम करने के लिए तैयार करता है।




### केवल सुंदरता ही नहीं, काम का भी है क्युपोला

क्युपोला केवल सुंदर दृश्य देखने के लिए ही इस्तेमाल नहीं होता। इसका व्यावहारिक उपयोग भी बहुत बड़ा है। जब भी कोई नया स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष स्टेशन पर आता है, तो उसकी डॉकिंग पर नजर रखने के लिए इसी खिड़की का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा स्टेशन के रोबोटिक आर्म को चलाने और धरती पर आने वाले तूफानों, जंगलों की आग व प्राकृतिक घटनाओं की तस्वीर लेने के लिए भी क्युपोला सबसे अहम माना जाता है।

**अंतरिक्ष में जुगाड़ और सर्वाइवल की सीख :** अनिल मेनन ने एक और दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने बताया कि 8 महीने तक आईएसएस पर रहने वाले अनुभवी एस्ट्रोनॉट क्रिस्टोफर विलियम्स उन्हें बहुत सी व्यावहारिक बातें सिखा रहे हैं। इनमें डक्ट टेप और जिपलॉक बैग्स की मदद से प्रयोगों को व्यवस्थित रखना, सामान को जल्दी ढूंढना और अंतरिक्ष में परफेक्ट फोटो खींचना शामिल है। यह ऐसी बुनियादी जानकारी है जो आमतौर पर आम जनता को देखने को नहीं मिलती।

### अनिल ने शेयर किया 360° का अनोखा वीडियो

अनिल मेनन ने अपने वीडियो में दर्शकों को क्युपोला के अंदर का दृश्य दिखाया है। उन्होंने बताया कि वे अपने साथी एस्ट्रोनॉट क्रिस्टोफर विलियम्स के साथ वहां समय बिता रहे थे। इस दौरान दोनों ने कैमरों, तारों, फिजिक्स और स्पेसवाक जैसे विषयों पर लंबी चर्चा की। वीडियो का सबसे खास हिस्सा वो था जब क्युपोला की खिड़की से अंतरिक्ष से धरती के अद्भुत सूर्यास्त का नजारा दिखाई दिया।



### आईएसएस का क्युपोला मॉड्यूल आखिर क्या है?

क्युपोला को साधारण शब्दों में अंतरिक्ष स्टेशन की 'धरती देखने वाली खिड़की' कहा जा सकता है। यह गुंबद के आकार का एक विशेष ऑब्जर्वेशन मॉड्यूल है, जिसमें 7 बड़ी कांच की खिड़कियां लगी हैं। यह मॉड्यूल अंतरिक्ष यात्रियों को धरती और खुले स्पेस का करीब 360 डिग्री का नजारा देता है। 2010 में इसे आईएसएस से जोड़ा गया था और तब से यह अंतरिक्ष स्टेशन का सबसे पसंदीदा और मशहूर कोना बना हुआ है।

### चीन ने खोज निकाला ऐसा चावल, जिसके जीवन में सिर्फ एक बार खरीदना पड़ेगा बीज



**बीजिंग।** दुनियाभर के किसानों के लिए हाइब्रिड चावल की खेती करना हमेशा से काफी खर्चीला सौदा रहा है। हाइब्रिड किस्मों से सामान्य चावल के मुकाबले 10 से 30 प्रतिशत ज्यादा उपज तो मिलती है, लेकिन इसके बीज हर साल बाजार से महंगे दामों पर खरीदने पड़ते हैं। अगर किसान अपनी ही फसल के बचे हुए बीज दोबारा बोते हैं, तो उनकी पैदावार काफी गिर जाती है। लेकिन, चीन के चाइना नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने इस दशकों पुरानी समस्या का तोड़ खोज निकाला है।

प्रोफेसर वांग केजियान के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने चावल के अंदर ही पाए जाने वाले प्राकृतिक जीन 'H हुआक्सू ' का इस्तेमाल किया है। यह जीन पौधे के अंडकोष में बिना नर-परागण के ही भ्रूण बनाने की प्रक्रिया शुरू कर देता है। इस प्राकृतिक क्लोनिंग प्रक्रिया को सिंथेटिक एपोमिक्सिस कहा जाता है। वैज्ञानिकों ने इस तकनीक से जो नई राइस लाइन बनाई है, उसे 'फिक्स8' नाम दिया गया है।

#### 99% क्लोनिंग सफलता का नया रिकॉर्ड

इससे पहले वर्ष 2017 में जब इस तकनीक का परीक्षण किया गया था, तब केवल 5 प्रतिशत सफलता मिली थी। बाद में अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध समूहों ने इसे 95 प्रतिशत तक पहुंचाया। लेकिन, वांग की टीम ने अब 99 प्रतिशत से अधिक क्लोनिंग एफिशिएंसी हासिल कर ली है। इसका सीधा मतलब यह है कि किसान अपनी ही फसल से बीज निकालकर दोबारा बो सकते हैं और फसल की क्वालिटी या पैदावार में कोई गिरावट नहीं आएगी।

## फोटोग्राफी का जुनून! बनवाया कैमरा जैसा घर

### बेटों के नाम रखे- कैनन, निकॉन और एप्सन

**बेंगलुरू।** हम सबने अपने सपनों का घर बनाने के लिए न जाने कितने डिजाइन सोचे होंगे, लेकिन कर्नाटक के एक शख्स का जुनून देखकर आप भी दंग रह जाएंगे। फोटोग्राफी के लिए इनकी दीवानगी इस कदर है कि इन्होंने अपना पूरा घर ही एक 'बड़े कैमरे' में तब्दील कर दिया है। इस अनोखे घर को क्लिक नाम दिया गया है। बाहर से देखने पर यह हूबहू किसी कैमरे जैसा लगता है। घर के फ्रंट में बीचों-बीच एक बहुत बड़ा लेंस बना है, जो असल में किचन की खिड़की है। इस लेंस के ठीक ऊपर कैमरे की फ्लैश लाइट बनी है, जो बच्चों के बेडरूम की खिड़की का काम करती है। घर के साइड में एक बड़ा सा एसडी कार्ड डिजाइन किया गया है। बालकनी की रैलिंग लोहे की ग्रिल की बजाय पुराने कैमरों की रील जैसी बनाई गई है।




### बेडरूम में गूगल फोटोस का डिजाइन

इंटीरियर में भी फोटोग्राफी की छाप साफ नजर आती है। बच्चों के कमरे की छत पर गूगल फोटोज के लोगो का डिजाइन है। वहीं, दूसरे बेडरूम की छत को कैमरे के सेटिंग्स आइकन जैसा रूप दिया गया है। यहां तक कि खिड़कियों की लोहे की ग्रिल में भी कैमरे का आइकन बनाया गया है। घर के अंदर घुसते ही एक शोकेस पर नजर पड़ती है, जिसमें इस शख्स का पिछले 30 सालों का पुराना कैमरा कलेक्शन रखा हुआ है। घर की हर सीढ़ी के नीचे फोटोग्राफी से जुड़ा एक खास मैसेज लिखा है।

### जीजा-साले की जोड़ी ने किया कमाल

इस अजूबे घर को बनाने का श्रेय घर के मालिक के जीजा को जाता है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें इस 'कैमरा घर' का आइडिया सुनाया गया, तो वो भी कन्फ्यूज हो गए थे। यह साइट केवल 22x20 (कुल 1100 स्क्वायर फीट) की थी। इतने छोटे प्लॉट में पति-पत्नी, तीन बच्चों और मेहमानों के लिए जगह निकालना, और वो भी 'कैमरा लुक' के साथ—यह एक बहुत बड़ा चैलेंज था। इंजीनियर जीजा ने मजाक में कहा कि, 'ये मेरी पत्नी के भाई हैं। मुझे अपनी पत्नी को खुश करने के लिए इस मकान को अच्छे से बनाना ही था।' आखिरकार दोनों की मेहनत रंग लाई और सबने मिलकर यह शानदार डिजाइन तैयार कर लिया।

## मात्र 130 रुपए में बिकी अरबों की नाव, ड्रग्स सप्लाई में होती थी इस्तेमाल

**डबलिन।** ड्रग्स तस्करी की दुनिया में एक बड़ी घटना ने सबको हैरान कर दिया है। आयरिश अधिकारियों ने साल 2025 में जब्त की गई एक विशाल नाव को महज एक यूरो (लगभग 130 रुपए) में एक प्राइवेट कंपनी को बेच दिया। यह नाव ड्रग्स सप्लाई के लिए इस्तेमाल हो रही थी और इसमें 2.2 टन कोकीन बरामद हुई थी, जिसकी स्ट्रीट वैल्यू करीब 133 मिलियन पाउंड थी। लेकिन, सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि इस नाव की देखभाल पर आयरिश सरकार ने 17 मिलियन यूरो (करीब 150 करोड़ रुपए) से ज्यादा खर्च कर दिए थे। नाव का नाम एमवी मत्ती था। यह पनामा रजिस्टर्ड एक बड़ी शिप थी, जो लगभग 200 मीटर लंबी थी। यह वेनेजुएला के पास कुराकाओ से निकली थी और अटलांटिक महासागर पार करके आयरलैंड के पानी में पहुंची थी।






कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

पुराने से पुराने जोड़ों के दर्द का असरदार ईलाज




डा. ऑर्थो ही क्यूं खरीदें?

इन्होंने भी अपनाया, जोड़ों के दर्द में आराम पाया — सम्पूर्ण भारत में मिले परिणाम

अमरेश कुमार गोयल, 63 वर्ष ने लिखा कि मैं मजदूरी करता हूं। हर रोज काम की वज़ह से पैर और घुटनों में बहुत असहनीय दर्द रहता था। एक दिन मैंने टी.वी. पर डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा। इसके बाद डा. ऑर्थो के नियमित इस्तेमाल से मेरे पैरों और घुटनों के दर्द में आराम है। इसका परिणाम बहुत ही अच्छा लगा।

मेरा नाम अंजली देवी, उम्र 57 वर्ष है। मैं एक हाउस वाईफ हूं। काफी दिनों से मेरे घुटनों, एड़ियों में भयंकर दर्द था। फिर एक दिन मैंने अखबार में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का विज्ञापन देखा व इसका इस्तेमाल शुरू किया। सिर्फ 6 महीनों के नियमित इस्तेमाल से मुझे दर्द में बेहतर आराम मिला। मैं डा. ऑर्थो का थैंक्स करती हूँ।

बालकृष्ण गोपाल राव वडनेरे, उम्र 83 वर्ष ने हमें लिखा है कि उन्हें बहुत समय से घुटनों के दर्द की वज़ह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फिर उनके बड़े भाई ने उन्हें डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल लाकर दिया। उन्होंने अखबार में भी इसका विज्ञापन देखा और निर्देशानुसार यूज किया। घुटनों का दर्द कम हुआ।

हीरालाल शेंडे, उम्र 72 वर्ष ने बताया कि मैं काफी समय से घुटनों, कमर दर्द से बहुत परेशान रहता था। कई इलाज करवाए, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने टी.वी और अखबार में डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड देखा और ट्रीटमेंट शुरू किया। कुछ ही दिनों में दर्द से आराम मिल गया और अब मैं बिल्कुल स्वस्थ महसूस कर रहा हूँ।

प्रहलाद पासवान, 46 वर्ष ने बताया कि मुझे बहुत समय से कोहनी में दर्द रहता था। जिससे रोजमर्रा के काम करने में भी काफी दिक्कत होती थी। फिर एक दिन मुझे आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल के बारे में पता चला। निर्देशानुसार प्रयोग करने पर मेरी कोहनी का दर्द बिल्कुल कम हो गया है। मैं इसके लिए डा. ऑर्थो को धन्यवाद देता हूं।

कृष्णराव कडू, उम्र 59 वर्ष ने लिखा है कि बहुत दिनों से खेती के कारण पीठ में असहनीय दर्द रहने लगा था। फिर एक दिन न्यूजपेपर में आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल का एड पढ़ा। 2 माह से डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल को यूज कर रहा हूं। पीठ का दर्द बहुत ही कम हो गया है। इसीलिए डा. ऑर्थो तेल और कैप्सूल बहुत अच्छा लगा।

24x7 Helpline No.: 7876977777 • www.drorthooil.com • Available at all medical & general stores

नक्कालों से सावधान — 'डा. ऑर्थो' के सभी प्रोडॅक्टस केवल 'डा. ऑर्थो' नाम से ही बनाए जाते हैं, मिलते-जुलते नाम, पैकिंग, शीशी, विज्ञापन से सावधान। सर्वोत्तम डा. ऑर्थो ही खरीदें।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com